RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 10 अंक 176
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 5 मई, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




अक्षय ने भारतीय सिनेमा उद्योग में पूरे किए 30 साल

राष्ट्रीय-9

# बढ़ेगी ऋण की मासिक किस्त

## भारतीय रिजर्व बैंक ने रेपो दर 0.4 प्रतिशत बढ़ाई

● बढ़ती मुद्रास्फीति को नियंत्रण में लाने के लिए केंद्रीय बैंक ने उठाया कदम

**भाषा।** मुंबई



नीतिगत दर में वृद्धि के बारे में जानकारी देते आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास

**भारतीय** रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बुधवार को अचानक प्रमुख नीतिगत दर रेपो में 0.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी की घोषणा की। मुख्य रूप से बढ़ती मुद्रास्फीति को काबू में लाने के लिए केंद्रीय बैंक ने यह कदम उठाया है। केंद्रीय बैंक के इस कदम से आवास, वाहन और अन्य कर्ज से जुड़ी मासिक किस्त (ईएमआई) बढ़ेगी। इस वृद्धि के साथ रेपो दर रिकॉर्ड निचले स्तर चार प्रतिशत से बढ़कर 4.40 प्रतिशत हो गई है।

अगस्त, 2018 के बाद यह पहला मौका है जब नीतिगत दर बढ़ाई गई है। साथ ही यह पहला मामला है जब आरबीआई के गवर्नर की अध्यक्षता वाली मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने प्रमुख ब्याज दर बढ़ाने को लेकर बिना तय कार्यक्रम के बैठक की। मौद्रिक नीति समिति की बैठक में नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) को 0.50 प्रतिशत बढ़ाकर 4.5 प्रतिशत करने का भी निर्णय किया गया। इससे बैंकों को अतिरिक्त राशि केंद्रीय बैंक के पास रखनी पड़ेगी जिससे उनके पास ग्राहकों को कर्ज देने के लिए कम पैसा उपलब्ध होगा। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने नीतिगत दर में वृद्धि के बारे में ऑनलाइन जानकारी देते हुए कहा कि सीआरआर बढ़ने से बैंकों में 87,000 करोड़ रुपए की नकदी घटेगी। हालांकि, उन्होंने रिवर्स रेपो दर का जिक्र नहीं किया। इससे यह 3.35 प्रतिशत पर बरकरार है। स्थाई जमा सुविधा दर अब 4.15 प्रतिशत जबकि सीमांत स्थाई सुविधा दर और बैंक दर 4.65 प्रतिशत होगी। हालांकि, एमपीसी ने उदार रुख को भी बरकरार रखा है। दास ने कहा कि मुद्रास्फीति खासकर खाद्य वस्तुओं की महंगाई को लेकर दबाव बना हुआ है। ऊंची कीमतें लंबे समय तक बने रहने का जोखिम है।

उन्होंने कहा, भारतीय अर्थव्यवस्था की सतत और समावेशी वृद्धि के लिए मुद्रास्फीति को काबू में करना जरूरी है। रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण ईंधन और खाद्य वस्तुओं के दाम में तेजी तथा महामारी से जुड़ी आपूर्ति संबंधी बाधाओं के कारण मुद्रास्फीति लगातार तीसरे महीने आरबीआई के संतोषजनक स्तर से ऊपर बनी हुई है। सकल मुद्रास्फीति मार्च में बढ़कर 17 महीने के उच्चस्तर 6.95 प्रतिशत पर पहुंच गई और अप्रैल में भी इसके लक्ष्य से ऊपर बने रहने की आशंका है। आरबीआई को दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ महंगाई दर को चार प्रतिशत के दायरे में रखने की जिम्मेदारी मिली हुई है।

एमपीसी की अगली बैठक आठ जून को प्रस्तावित है और विश्लेषक रेपो दर में 0.25 प्रतिशत और वृद्धि की संभावना जता रहे हैं। दास ने कहा, एमपीसी ने यह फैसला किया कि मुद्रास्फीति परिदृश्य को देखते हुए उपयुक्त और समय पर तथा सूझ-बूझ के साथ कदम जरूरी है। ताकि दूसरे चरण में अर्थव्यवस्था पर आपूर्ति संबंधी झटकों के असर को काबू में रखा जाए और मुद्रास्फीति को लेकर दीर्घकालीन लक्ष्य को हासिल किया जाए। हालांकि, उन्होंने कहा कि मौद्रिक रुख उदार बना हुआ है और कदम सोच-विचार कर उठाए जाएंगे। आरबीआई के अचानक से उठाए गए कदम ने बाजार को अचंभित किया और बीएसई सेंसेक्स 1,307 अंक लुढ़क गया। वहीं 10 साल के बांड पर प्रतिफल 7.38 प्रतिशत पर पहुंच गया। डेलॉयट इंडिया की अर्थशास्त्री रूमकी मजूमदार ने कहा कि नीतिगत दर में वृद्धि की जून में संभावना थी। उन्होंने कहा, आरबीआई के नीतिगत दर बढ़ाने को लेकर एक महीने पहले ही अचानक (शेष पेज 8)

# पेरारिवलन पर मंत्रिमंडल के फैसले के प्रति राज्यपाल बाध्यः सुप्रीम कोर्ट

**भाषा।** नई दिल्ली

### राजीव गांधी की हत्या का मामला

● तमिलनाडु में मंत्रिमंडल ने पेरारिवलन को रिहा करने का किया है निर्णय

● शीर्ष अदालत ने दया याचिका को राष्ट्रपति के पास भेजने के राज्यपाल के कदम को किया खारिज



**उच्चतम** न्यायालय ने बुधवार को कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या के मामले में उम्रकैद के तहत 36 साल जेल में काट चुके एजी पेरारिवलन को रिहा करने के राज्य मंत्रिमंडल के फैसले को मानने को तमिलनाडु के राज्यपाल बाध्य हैं। शीर्ष अदालत ने दया याचिका को राष्ट्रपति के पास भेजने के राज्यपाल के कदम को खारिज करते हुए कहा कि संविधान के खिलाफ कुछ हो रहा हो तो आंख मूंदकर नहीं रहा जा सकता।

शीर्ष अदालत ने केंद्र की इस राय से सहमति नहीं जताई कि अदालत को इस विषय पर राष्ट्रपति का फैसला आने तक इंतजार करना चाहिए। न्यायमूर्ति एल नागेश्वर राव और न्यायमूर्ति बीआर गवई की पीठ ने केंद्र से कहा कि राज्यपाल संविधान के अनुच्छेद 161 के तहत तमिलनाडु की मंत्रिपरिषद द्वारा दी गई सलाह मानने के लिए बाध्य हैं। पीठ ने केंद्र को अगले सप्ताह तक जवाब देने का निर्देश दिया। पीठ ने केंद्र की ओर से अतिरिक्त सॉलिसीटर जनरल (एएसजी) के एम नटराज से कहा, इस बारे में फैसला अदालत को लेना है, राज्यपाल के फैसले की जरूरत भी नहीं है। वह मंत्रिपरिषद के फैसले के प्रति बाध्य हैं। हमें इस बारे में देखना होगा। नटराज ने कहा कि राज्यपाल ने फाइल राष्ट्रपति को भेज दी है। उन्होंने कहा, अगर राष्ट्रपति इसे (दया याचिका को) वापस राज्यपाल को भेज देते हैं तो इस मुद्दे पर बात करने की जरूरत ही नहीं है। राष्ट्रपति खुद फैसला करेंगे कि राज्यपाल उन्हें फाइल भेज सकते हैं या नहीं। फाइल भेजा जाना सही है या नहीं, यह निर्णय पहले राष्ट्रपति द्वारा लिया जाना चाहिए।

शीर्ष अदालत ने कहा, हम उसे जेल से रिहा करने का आदेश देंगे क्योंकि आप मामले के गुणदोषों पर चर्चा करने को तैयार नहीं हैं। हम ऐसी किसी बात पर आंख नहीं मूंद सकते जो संविधान के खिलाफ हो। कानून से ऊपर कोई नहीं है। उन्होंने कहा, हमें लगता है कि कानून की व्याख्या करने का काम हमारा है, राष्ट्रपति का नहीं। शीर्ष अदालत ने एएसजी की इस दलील को भी खारिज कर दिया कि दया याचिका की फाइल हाल में उनके पास आई। पीठ ने कहा कि केंद्र के पास दया याचिका की फाइल राज्यपाल को लौटाने के लिए पर्याप्त समय था। पीठ ने कहा, वह (पेरारिवलन) रिहा होना चाहता है क्योंकि 30 साल से अधिक समय वह जेल में बिता चुका है। हमने पहले भी उम्रकैद के सजायाफ्ता कैदियों के पक्ष में फैसले सुनाए हैं जो 20 साल से अधिक सजा काट चुके है। अपराध कुछ भी हो, इस मामले में कोई भेदभाव नहीं हो सकता।

शीर्ष अदालत ने कहा, उसने जेल में रहते हुए कई शैक्षणिक योग्यताएं हासिल की हैं। जेल में उसका आचरण अच्छा है। जेल में कई साल से रहते हुए उसे कई बीमारियां भी हो गई हैं। हम आपसे उसकी रिहाई के लिए नहीं कह रहे। अगर आप इन पहलुओं पर विचार करने के इच्छुक नहीं हैं तो हम उसकी रिहाई का आदेश देने पर विचार करेंगे। तमिलनाडु की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी ने कहा कि दया याचिका पर राष्ट्रपति के फैसले का इंतजार करने की केंद्र की दलील पूरी तरह बेतुकी है और संघवाद की अवधारणा को झटका लगेगा। पेरारिवलन की ओर से वरिष्ठ वकील गोपाल शंकरनारायणन ने कहा कि हर बार राज्यपाल ने इस विषय पर फैसला नहीं करने का कोई न कोई बहाना बना दिया। एएसजी ने इस दलील पर आपत्ति जताते हुए कहा कि राज्यपाल मामले में पक्ष नहीं हैं। शीर्ष अदालत ने पेरारिवलन को नौ मार्च को जमानत दी थी।

# न्याय मांगने थाने पहुंची गैंगरेप पीड़िता से इंस्पेक्टर ने किया बलात्कार

● उप्र के ललितपुर का मामला, पूरा थाना लाइन हाजिर, इंस्पेक्टर गिरफ्तार

● छह लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ, नई दिल्ली

**उप्र** के ललितपुर जिले में एक पुलिस इंस्पेक्टर ने इंसानियत को शर्मसार करते हुए इंसाफ मांगने आई गैंगरेप पीड़िता के साथ थाने के अंदर बलात्कार किया। इस सनसनीखेज वारदात के बाद से हड़कंप मच गया है। योगी आदित्यनाथ सरकार ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए ललितपुर के डीएम और एसपी को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। जिसके बाद आरोपी इंस्पेक्टर और पीड़िता की मौसी सहित आधा दर्जन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के साथ ही इंस्पेक्टर को निलम्बित और पूरे थाने को लाइन हाजिर कर दिया गया है। एडीजी प्रयागराज प्रेम प्रकाश ने बताया कि आरोपी इंस्पेक्टर को प्रयागराज से गिरफ्तार कर लिया गया है। उधर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने इस मामले में उत्तर प्रदेश (शेष पेज 8)

## भरी कक्षा में दो छात्राओं का यौन उत्पीड़न किया

● क्लास में अजनबी ने सबके सामने कपड़े उतार कर किया पेशाब, महिला आयोग ने पुलिस व ईडीएमसी को भेजा नोटिस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**पूर्वी** दिल्ली के एमसीडी संचालित स्कूल की कक्षा में एक व्यक्ति कथित तौर पर घुसा और उसने दो लड़कियों का यौन उत्पीड़न किया तथा छात्रों के सामने कपड़े उतार कर पेशाब किया। आयोग ने दावा किया कि जब छात्राओं ने इस घटना की जानकारी प्राचार्य और शिक्षक को दी तो उन्होंने उन्हें चुप रहने और भूल जाने को कहा। दिल्ली पुलिस ने इस संबंध में एक मामला दर्ज किया है।

दिल्ली महिला आयोग ने इस संबंध में पुलिस और ईडीएमसी को नोटिस जारी किया है, लेकिन कक्षा में एक अजनबी के प्रवेश को लेकर नगर निकाय के अधिकारियों की ओर से कोई तात्कालिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। निकाय के स्कूलों में कक्षा पांच तक के छात्र पढ़ते हैं। दिल्ली महिला आयोग ने 30 अप्रैल को जारी नोटिस में कहा कि स्कूल असेंबली के बाद छात्र कक्षा में अपने शिक्षक का इंतजार कर रहे थे तभी एक अजनबी कक्षा में घुसा।

नोटिस में कहा गया कि कथित तौर पर उसने एक बच्ची के कपड़े उतारे और उससे अश्लील शब्द कहे। इसके बाद वह दूसरी लड़की के पास गया और उसके तथा अपने कपड़े उतारे। इसके बाद आरोपी ने कक्षा का दरवाजा बंद कर दिया और छात्रों के सामने पेशाब कर दिया। आयोग ने कहा कि यह एक गंभीर मामला है और इस (शेष पेज 8)

# सीबीआई करेगी कुवैत में दोहरे हत्याकांड की जांच

● विदेश मंत्रालय में लंबित था कुवैती दूतावास का मामला

**राकेश कुमार सिंह।** नई दिल्ली

**कुवैत** में हुए दोहरे हत्याकांड की जांच 10 साल बाद अब सीबीआई भारत में करेगी। सीबीआई ने बुधवार को एक मामला दर्ज किया जिसमें एक दशक पहले एक भारतीय नागरिक के खिलाफ उस देश में कुवैती जोड़े की कथित तौर पर हत्या का आरोपी है। यह कदम कुवैती प्राधिकरण के भारत में अपने दूतावास के माध्यम से विदेश मंत्रालय के एक लंबित अनुरोध के बाद उठाया गया है। प्राथमिकी और संबंधित दस्तावेजों के आधार पर आरोपी संतोष कुमार राणा को कुवैत में दोहरे हत्याकांड के लिए उसकी अनुपस्थिति में उसे मौत की सजा सुनाई जा चुकी है।

उसने कथित तौर पर कुवैती नागरिकों फहद बेन नासिर इब्राहिम और उनकी पत्नी सलामा फ़राज़ सलेम की हत्या कर दी थी। आरोपी दंपती के यहां नौकर था। आरोपों के अनुसार, आरोपी संतोष को उस देश से बाहर जाने से रोकने के लिए पीड़ित उसका पासपोर्ट वापस ले रहे थे और उसकी हिंदू धार्मिक मान्यताओं के खिलाफ उसकी खतना की सर्जरी भी कराई गई थी। हत्या के बाद, आरोपी पर आरोप है कि उसने पीड़ितों के स्वामित्व वाली तिजोरी को तोड़ करके अपना पासपोर्ट फिर से प्राप्त कर लिया, जिसके परिणामस्वरूप 37.500 कुवैती दिनार का नुकसान किया।

भारत और कुवैत के बीच प्रत्यर्पण संधि है जो अन्य बातों के साथ-साथ एक वर्ष से अधिक की सजा वाले मामलों में प्रत्यर्पण का प्रावधान करती है। यह इसे प्रत्यर्पण के लिए एक उपयुक्त मामला है। हालाँकि, संधि के अनुसार देश द्वारा अपने नागरिकों के प्रत्यर्पण पर भी रोक लगाती है, इस शर्त के अधीन कि अनुरोधित राज्य अपने स्वयं के कानून के तहत आरोपी व्यक्ति पर मुकदमा चलाएगा। विदेश मंत्रालय ने 27 दिसंबर, 2016 को एक पत्र के माध्यम से सीबीआई से अनुरोध किया था (शेष पेज 8)

# गर्मियों में फिर कहर बरपा सकता है कोरोना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**इन** गर्मियों में बेहद संक्रामक डेल्टा या कोई अन्य कोरोना वायरस का स्ट्रेन महामारी का रूप ले सकता है। वहीं ओमक्रॉन के सब वैरियंट अगले कुछ महीनों में खुद ही खत्म हो जाएंगे। इजराइल में हुई एक मॉडलिंग अध्ययन में यह चेतावनी दी गई है। 'साइंस ऑफ टोटल इनवायरमेंट' जर्नल में प्रकाशित इस लेख में कहा गया है कि डेल्टा ने अपने पीछे के सभी वैरिएंट को साफ कर दिया था, लेकिन ओमक्रॉन ने इस जानलेवा वैरिएंट को खत्म नहीं किया है जिसके चलते यह फिर उभर सकता है। इजराइल को बेन-गुरियोन यूनिवर्सिटी ऑफ नेगेन (बीजीयू) ने एक संवेदनशील मॉडल विकसित किया जो वेस्ट वॉटर (गंदे नाले के पानी) में कोरोना के वैरिएंट का अलग-अलग पहचान कर सकता है। ऐसे समय में जब पीसीआर और रैपिड टेस्टिंग कम हो रही है, यह बता सकता है कि कहां पर कोरोना वायरस सक्रिय है। इजराइल के बीर-शेवा शहर में उन्होंने दिसंबर 2021 से जनवरी 2022 तक सीवेज की जांच की और (शेष पेज 8)

# निर्माण श्रमिक भी करेंगे बसों में मुफ्त सफर

● डीटीसी व कलस्टर दोनों तरह की बसों में मिलेगी सुविधा, दस लाख लोगों को होगा फायदा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**महिलाओं** के बाद अब निर्माण श्रमिक भी डीटीसी एवं कलस्टर बसों में मुफ्त सफर कर सकेंगे। दिल्ली सरकार ने बुधवार को निर्माण कार्य से जुड़े कामगारों को राहत देते हुए यह बड़ा ऐलान किया है। उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि अरविंद केजरीवाल सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी में निर्माण क्षेत्र के कामगारों को बस के पास निशुल्क देने का निर्णय किया है। दिल्ली में दस लाख कामगार पंजीकृत हैं, जिन्हें इस योजना का सीधा फायदा होगा।

पिछले एक वर्ष में केजरीवाल सरकार ने दस लाख पंजीकृत कामगारों को 600 करोड़ रुपए दिए हैं, जो पूरे देश में अब तक बांटी गई सबसे बड़ी राशि है। मनीष सिसोदिया ने सचिवालय में आयोजित कार्यकम में कुछ कामगारों को बस पास भी दिए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि बस पास मिलने से उनका आने जाने का खर्च बच जाएगा। इस पैसे को कहीं और बर्बाद नहीं करें, बल्कि अपने परिवार की बेहतरी पर खर्च करें। निर्माण क्षेत्र के कामगारों में पेंटर, वेल्डर, बढ़ई और क्रेन संचालक भी शामिल हैं। निर्माण क्षेत्र के कामगारों को अब कार्यालयों के चक्कर लगाने या बस पास के लिए कतार में खड़े होने की आवश्यकता नहीं होगी और वे दिल्ली परिवहन निगम की वेबसाइट या निर्माण बोर्ड के 34 पंजीकरण केंद्रों पर ऑनलाइन पंजीकरण करवा सकते हैं।

एक सरकारी बयान में कहा गया है कि योजना के तहत दिल्ली भवन और अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड के साथ पंजीकृत सभी कामगारों को दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) और क्लस्टर बसों में यात्रा करने के लिए मुफ्त पास के लिए आवेदन कर सकते हैं। आम आदमी पार्टी की कालकाजी से विधायक आतिशी ने कहा कि (शेष पेज 8)

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 55,669 | ⬇ 1306 | |
| निफ्टी | 16,677 | ⬇ 391 | |
| सोना | 50,601 | ⬇ 134 | /10g |
| चांदी | 62,787 | ⬇ 169 | /kg |

## क्विक न्यूज

### भूमि अधिग्रहण में अनियमितता के मामले में गाजियाबाद की तत्कालीन डीएम निलंबित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर गाजियाबाद की तत्कालीन जिलाधिकारी निधि केसरवानी को दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे और ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस-वे के लिए जमीन अधिग्रहण में हुई अनियमितता में संलिप्तता के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा बुधवार को एक ट्वीट में इसकी जानकारी देते हुए बताया गया, भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति के अनुरूप मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गाजियाबाद की तत्कालीन जिलाधिकारी को निलंबित करते हुए विभागीय कार्यवाही शुरू करने हेतु प्रकरण भारत सरकार को संदर्भित करने के आदेश दिए हैं।

# दिल्ली-एनसीआर में ओलों के साथ हल्की वर्षा, गर्मी से राहत



गरमी के मौसम में हुई बरसात से लोगों को मिली राहत। फोटो : रंजन डिमरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** और एनसीआर के विभिन्न हिस्सों में बुधवार को ओलों के साथ बारिश हुई। इससे महीनों से गर्मी से परेशान लोगों को कुछ राहत मिली है। मौसम विभाग के अनुसार बारिश का प्रभाव एक और दिन तक बना रहेगा और शुक्रवार से अधिकतम तापमान में वृद्धि शुरू हो जाएगी। हालांकि, अगले चार से पांच दिनों तक लू चलने का अनुमान नहीं है। मौसम विभाग ने कहा कि दिल्ली के अलावा पंजाब, हरियाणा, (शेष पेज 8)

# सरकारी गेहूं खरीद आधी रहने की संभावना

● केंद्रीय खाद्य सचिव ने कहा- सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत घरेलू मांग को पूरा करने में नहीं होगी परेशानी, जारी रहेगा निर्यात

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



प्रतीकात्मक चित्र

**देश** में गेहूं के अधिक निर्यात और उत्पादन में संभावित गिरावट के बीच चालू रबी विपणन वर्ष में केंद्र की गेहूं खरीद आधी यानी 1.95 करोड़ टन रहने की संभावना है। इस बीच खाद्य सचिव सुधांशु पांडेय ने बुधवार को कहा कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत घरेलू मांग को पूरा करने के लिए कोई परेशानी नहीं होगी।

सचिव ने गेहूं के निर्यात पर किसी तरह की रोक लगाने की संभावना से भी इनकार किया, क्योंकि किसानों को उनकी उपज के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से अधिक मिल रहा है। नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पांडेय ने कहा कि हमें निर्यात पर किसी भी नियंत्रण का कोई मामला नहीं दिखाई दे रहा है, फिलहाल गेहूं का निर्यात जारी है और इसके लिए सरकार व्यापारियों को सुविधा प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि मिस्र, तुर्की और कुछ यूरोपीय संघ के देशों जैसे नए निर्यात बाजार भारतीय गेहूं के लिए खुल रहे हैं। उन्होंने कहा कि कृषि-निर्यात संवर्धन निकाय एपीडा शिपमेंट की सुविधा प्रदान कर रहा है।

पांडेय ने कहा कि निजी व्यापारियों ने चालू तिमाही के लिए 40 लाख टन निर्यात के लिए अनुबंध किया है और 10 लाख टन पहले ही भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि भारतीय व्यापारियों के पास जून तक निर्यात के लिए एक प्लेटफॉर्म है, जब अर्जेंटीना से गेहूं की फसल आ जाएगी, जिससे वैश्विक उपलब्धता बढ़ेगी और भारत पर दबाव कम होगा। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि 2021-22 के वित्तीय वर्ष में गेहूं का निर्यात रिकॉर्ड 70 लाख टन था। निर्यात के लिए गेहूं की बढ़ती मांग के बीच सचिव ने कहा कि किसान अपनी उपज को एमएसपी से अधिक पर निजी व्यापारियों को बेच रहे हैं। इसके परिणामस्वरूप सरकारी एजेंसियों द्वारा कम खरीद की गई है। उन्होंने कहा कि सरकारी खरीद में गिरावट किसानों के पक्ष में जाती है क्योंकि किसानों को सरकारी एजेंसियों द्वारा पेश किए गए एमएसपी से अधिक मिल रहा है। हालांकि, समग्र खाद्यान्न प्रबंधन स्थिति के बारे में, सचिव ने कहा कि हम अभी भी एक अधिशेष (सरप्लस) की स्थिति में हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की गेहूं खरीद कम हुई है। लेकिन चावल की उपलब्धता और खरीद (शेष पेज 8)

# ट्विटर इतिहासकार संपत के खिलाफ मानहानिकारक सामग्री हटाएः हाई कोर्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** उच्च न्यायालय ने ट्विटर को साहित्यिक चोरी के आरोपों को लेकर इतिहासकार विक्रम संपत के खिलाफ शिक्षाविद डॉ. ऑड्रे ट्रुश्क द्वारा पोस्ट किए गए कुछ मानहानिकारक ट्वीट को हटाने का निर्देश दिया है। ट्वीट हटाने के अनुरोध वाली संपत की याचिका पर सुनवाई कर रहे न्यायमूर्ति अमित बंसल ने कहा कि ट्वीट मानहानिकारक प्रकृति के हैं और इनमें उन्हीं पत्रों के लिंक हैं, जिनके प्रकाशन पर पूर्व में अदालत द्वारा रोक लगाई गई थी। उन्होंने कहा कि वादी की ओर से प्रथम दृष्टया मामला बनता है। संपत का आवेदन विनायक दामोदर सावरकर पर उनके काम के संबंध में उन पर लगाए गए साहित्यिक चोरी के आरोपों पर ट्रुश्क और अन्य के खिलाफ उनके मानहानि के मुकदमे का हिस्सा है। अदालत ने कहा कि (शेष पेज 8)

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 5 मई 2022



# भूमाफिया का साथ देने वाले भी घोषित होंगे भूमाफिया

## ग्रेनो के नए सीईओ ने शहर को खूबसूरत बनाने के लिए पेश की 10 सूत्रीय कार्ययोजना

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

● सड़क हादसों को रोकने के लिए उठाए जाएंगे जरूरी कदम

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के नए मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुरेंद्र सिंह ने पदभार संभाल लिया है। बुधवार को उन्होंने प्रेसवार्ता में कहा, एक महीने में शहर की सूरत बदली नजर आएगी। अगर प्राधिकरण के कर्मचारी या अधिकारी भूमाफिया के साथ नजर आए तो उन्हें भी भूमाफिया घोषित किया जाएगा। ऐसे अधिकारी और कर्मचारी को केवल सस्पेंड नहीं किया जाएगा, बल्कि उसको जेल भेजा जाएगा।

उन्होंने पत्रकारों के साथ विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। शहर की समस्याओं को जाना साथ ही उन्होंने कई मुद्दों पर तत्काल काम करने की बात कही। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेशों का पालन होगा। भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के लिए हर संभव कार्रवाई करेंगे। सुरेंद्र सिंह ने अपना 10 पॉइंट एक्शन प्लान बताया है।

सुरेंद्र सिंह ने कहा नोएडा के प्रवेश द्वारों पर शानदार स्वागत द्वार बनाए गए हैं। ग्रेटर नोएडा में प्रवेश करते समय अधिकतर स्थान पर देखा गया है कि शहर का आभाष नहीं हो रहा है। अब ग्रेटर नोएडा में भी स्वागत द्वार बनाए जाएंगे। उसको बेहतरीन तरीके से सजाया जाएगा। उन्होंने अपनी प्राथमिकताएं गिनाते हुए आगे कहा सड़क सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। सड़क हादसों को रोकने के लिए अगले एक महीने के भीतर जरूरी कदम उठाए जाएंगे।

सीईओ ने कहा शहर में सड़कों के किनारे, ग्रीन बेल्ट और पार्कों में छोटे-छोटे पेड़ लगाए गए हैं। इनके बड़ा होने का इन्तजार करना पड़ता है। अब पेड़ों की प्रजातियों और उम्र पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। सुरेंद्र सिंह ने कहा, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर ध्यान दिया जाएगा। गुणवत्ता सही नहीं पाए जाने पर जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी पर कार्रवाई की जाएगी। अपनी प्राथमिकताएं बताते हुए आगे कहा प्राधिकरण के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को जन समस्याओं पर विशेष ध्यान देना होगा। सीईओ ने अपना एजेंडा सेट करते हुए बताया कि प्राधिकरण की छवि उनके लिए महत्वपूर्ण रहेगी। कहा मैं चाहता हूं कि जिसकी जुबान पर ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी का नाम आए वह व्यक्ति हमारे प्राधिकरण की अच्छाई के बारे में बात करे। इसके लिए हमको जमीनी स्तर पर कार्य करना होगा।



प्रेसवार्ता को संबोधित करते प्राधिकरण सीईओ सुरेंद्र सिंह।

उन्होंने शहर की समस्याओं और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए कहा ग्रेटर नोएडा शहर में 37000 एलईडी लाइट लगाई गई हैं। अभी 14000 और एलईडी लाइट लगाई जानी हैं। हमारी मंशा है कि शहर में जलने वाली एलईडी लाइट सोलर सिस्टम पर चलें। इससे बिजली की खपत काफी कम होगी।

सुरेंद्र सिंह ने अवैध निर्माण के मुद्दे पर बातचीत की है। उन्होंने कहा ग्रेटर नोएडा शहर में जितने भी अवैध निर्माण चल रहे हैं सबको ध्वस्त किया जाएगा। इसके लिए मैंने पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह से बातचीत की है। मैं कल या परसों से अवैध निर्माण पर कार्रवाई शुरू करने वाला हूं। मैं इस प्रेसवार्ता के माध्यम से बता देना चाहता हूं कि अगर कोई व्यक्ति सरकारी जमीन पर कब्जा करके अवैध निर्माण करता है तो वह भूमाफिया घोषित होगा। इसके अलावा अवैध निर्माण करने वाला व्यक्ति जिस प्राधिकरण के अधिकारी या कर्मचारी के साथ मिलीभगत करके कार्य कर रहा है, मैं उस अधिकारी या कर्मचारी को भी भूमाफिया घोषित करवाउंगा और जेल भिजवाने का काम करूंगा।

ग्रेटर नोएडा वेस्ट के घर खरीदारों और बिल्डर के बीच हो रहे विवाद चर्चा हुई। इस मुद्दे पर सुरेंद्र सिंह ने कहा हम बहुत जल्द घर खरीदारों और बिल्डरों को लेकर एक नियमावली बनाने वाले हैं। जिसका सभी को पालन करना होगा। बीते दिनों एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। यह वीडियो परी चौक की थी। प्राधिकरण के अधिकारियों ने एक गरीब व्यक्ति के ठेले को उठाकर ले गए थे। इस पर सुरेंद्र सिंह ने कहा, हम ऐसे वेंडिंग जोन बनाने की तैयारी कर रहे हैं, जो एनसीआर में अब तक कहीं नहीं बने हैं।

# दिल्ली की रहने वाली युवती ने नोएडा में किया आत्मदाह, मौत

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

● खुद पर डीजल डालकर लगाई आग

राष्ट्रीय राजधानी के ग्रेटर कैलाश की रहने वाली 23 वर्षीय एक युवती ने बुधवार को नोएडा के एक पार्क में अपने ऊपर डीजल डालकर खुद को आग लगा ली। इस घटना में युवती की मौके पर ही मौत हो गई है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची नोएडा फेस-2 थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस उपायुक्त (महिला सुरक्षा) वृंदा शुक्ला ने बताया कि बुधवार शाम पुलिस को सूचना मिली कि नोएडा फेस-3 थाना क्षेत्र के सेक्टर 93-ए स्थित सुपरटेक ट्वीन टावर के पास बने एक पार्क में युवती ने खुद को आग लगा लिया है।

उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक युवती की जलने से मौत हो गई थी। शुक्ला ने बताया कि युवती के शव के पास मिले दस्तावेजों के आधार पर उसकी पहचान दिल्ली के ग्रेटर कैलाश ईस्ट की आयुषी बहल (23) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि युवती के परिजनों को सूचित कर दिया गया है।

अधिकारी ने बताया कि मौके से एक सुसाइड नोट भी मिला है जिसमें उसने लिखा है कि उसकी जिंदगी बर्बाद हो गई थी। उन्होंने बताया कि युवती ने भाई से उसकी परीक्षा के समय ऐसा कदम उठाने पर भी माफी मांगी है। डीसीपी ने बताया कि पुलिस आत्महत्या के कारणों के अलावा दिल्ली से नोएडा आकर आत्मदाह करके आत्महत्या करने के कारणों का भी पता लगा रही है।

# तलाकशुदा महिला की हत्या, युवक गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** लोनी बोर्डर क्षेत्र स्थित लालबाग क्षेत्र के ए-ब्लॉक के पास सूखे नाले में मिले संगीता के शव के मामले में पुलिस ने घटना का खुलासा किया है। महिला संगीता की हत्या प्रेम-प्रसंग के चलते हुई थी। पुलिस ने हत्यारोपी महिला के प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। जिसके पास से महिला का मोबाइल, दो जोड़ी पायल और तीन बिछुवा बरामद किया गया।

घटना का खुलासा करते हुए एसपी देहात डॉ ईरज राजा ने बताया कि इस वारदात में शामिल आरोपी रजनीश जाटव निवासी किशनपुर गुजरान जहांगीराबाद बुलंदशहर को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया गत 30 अप्रैल को लालबाग क्षेत्र ए.ब्लॉक के पास सूखे नाले में संगीता का शव बरामद किया गया था। जिसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में महिला की हत्या गला दबाकर होने की पुष्टि हुई। मृतक के पास कोई आईडी कार्ड भी नहीं मिला था।

# गलत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर ने कार में मारी टक्कर, 2 की मौत

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

● ईस्टर्न पेरिफेरल पर हुआ हादसा

ग्रेटर नोएडा में मंगलवार शाम एक दर्दनाक हादसा हुआ है। इस हादसे में मां-बेटे की मौके पर ही मौत हो गई जबकि, इस हादसे में 4 लोग घायल हो गए हैं। सभी को इलाज के लिए ग्रेटर नोएडा के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जहां पर 2 की हालत अभी नाजुक बनी हुई है। दोनों गंभीर लोगों को ग्रेटर नोएडा से एम्स के ट्रॉमा सेंटर में रेफर कर दिया गया। यह हादसा दनकौर थाना क्षेत्र अंतर्गत ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर हुआ है।

हरियाणा मेवात के नहूं जनपद के पुन्हाना थाने के डिडौली गांव की सोना देवी अपने बेटे रिंकू, बहन हरबती और समधी कृष्णा के साथ मेरठ में वैद्य की दवा लेने गई थीं। दवा लेने के बाद दोपहर में सोना देवी और उनका परिवार वापस अपने घर कार से लौट रहे थे। कार को सोना देवी का बेटा रिंकू चला रहा था। जैसे ही इनकी कार दनकौर क्षेत्र में अट्टा गुजरान गांव के समीप पहुंची तो गलत दिशा से चालक ने अपने ट्रैक्टर को टर्न किया। अचानक सामने आए ट्रैक्टर को देख कार चालक अपनी रफ्तार को नियंत्रित नहीं कर सका।

# कियोस्क की ऊंची बोली लगाने वाले पीछे हटे

## नीलामी में भाग लेने वालों ने कहा-गलती से लग गई करोड़ों की बोली

● रजिस्ट्रेशन के पैसे जब्त करेगा प्राधिकरण

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



फाइल फोटो

जेवर एयरपोर्ट के पास क्योस्क की ऊंची बोली लगाने वाले बैकफुट पर आ गए हैं। यमुना प्राधिकरण के अधिकारियों से कहा है कि ऑनलाइन बोली में गलती से यह पैसे दर्ज हुए हैं। हालांकि प्राधिकरण की इस दलील को मानने के लिए तैयार नहीं है। अब रजिस्ट्रेशन के दौरान जमा किए गए पैसे जब्त किए जाएंगे।

यमुना प्राधिकरण ने 30 क्योस्क की योजना निकाली थी। इसमें 26 क्योस्क के लिए आवेदन आए। इनकी नीलामी 27 अप्रैल को कराई गई। ऑनलाइन नीलामी में आवासीय सेक्टर.18 में 9.59 वर्ग मीटर के क्योस्क की बोली 1,48,33,000 रुपए लगाई गई। यह आधा मूल्य का करीब 15 गुना है।

सेक्टर.17 ए में 7.15 वर्ग मीटर का क्योस्क 1,12,56,000 रुपए में नीलाम हुआ। ऑनलाइन नीलामी में सेक्टर.17ए में 9.04 वर्ग मीटर का क्योस्क 9,0,40,000 रुपए में नीलाम हुआ। आवासीय सेक्टर.18 में 12.68 वर्ग मीटर का क्योस्क 37,94,000 रुपए में नीलाम हुआ। सेक्टर 17ए में 9.04 वर्ग मीटर का क्योस्क 31,00,000 रुपए में बिका। इतने महंगे कियोस्क बिकने से चर्चा का विषय बना रहा। लोगों का कहना था कि अभी यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में बसावट नहीं शुरू हुई है। ऐसे में इतनी महंगे क्योस्क कैसे बिक सकते हैं।

# प्राधिकरण पर किसान ने लगाया जमीन कब्जाने का आरोप

**नोएडा।** रबूपुरा के मुरादगढ़ी गांव निवासी एक किसान ने यमुना प्राधिकरण पर जबरन जमीन कब्जाने का आरोप लगाया है। आरोप है कि प्राधिकरण किसान को अतिरिक्त प्रतिकर दिए बगैर उसकी जमीन कब्जाकर सड़क का निर्माण कर रहा है। किसान की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गांव मुरादगढ़ी निवासी किसान मेवाराम पुत्र फ्तेह सिंह की गांव के जंगल में खसरा संख्या.404 की करीब 2 बीघा कृषि जमीन को यमुना प्राधिकरण ने अधिग्रहित किया था। अब अधिग्रहित की गई जमीन पर प्राधिकरण सड़क का निर्माण कार्य करा रहा है।

किसान का आरोप है कि प्राधिकरण ने उसे अभी जमीन का 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त मुआबजा नहीं दिया है। बावजूद इसके जबरन उसकी जमीन पर कब्जा कर सड़क का निर्माण किया जा रहा है। आरोप है कि उसने प्राधिकरण ऑफिस के कई बार चक्कर लगाए। बावजूद इसके प्राधिकरण ने उसे अधिग्रहित जमीन का अतिरिक्त मुआवजा नहीं दिया।

# युवक ने खुद को मारा चाकू इलाज के दौरान तोड़ा दम

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

● माता-पिता के विवाद से था परेशान

राम विहार कॉलोनी में माता-पिता के विवाद से परेशान होकर युवक ने सोमवार रात अपने पेट में चाकू मारकर घायल कर लिया। आनन फानन में परिवार के लोगों ने घायल को दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया। यहां डॉक्टरों ने उपचार के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत के बाद परिवार का रो.रोकर बुरा हाल हो गया है।

राम विहार कालोनी में जगदीश अपनी पत्नी और 3 बच्चों के साथ रहते हैं। उन्होंने बताया कि सबसे बड़ा 22 वर्षीय बेटा शिवा वैशाली स्थित निजी चिकित्सक के पास नौकरी करता था। अजय बारहवीं और सागर नौवीं कक्षा में पढ़ते हैं। सोमवार रात करीब 9:30 बजे पत्नी से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। तभी शिवा नौकरी से घर पहुंचा। माता-पिता में विवाद होता देख शिवा ने रसोई से सब्जी काटने वाला चाकू से अपने पेट में वार कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

# संक्षिप्त समाचार



विवाद के बाद कार को डंडे से क्षतिग्रस्त करती युवती

### पार्किंग से युवती की स्कूटी हटाना पड़ा भारी

**नोएडा।** अभी एक दिन पहले एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें एक स्कूटी सवार युवती और बाइक सवार युवक के बीच मारपीट होती हुई दिखाई दी। अब एक और नया वीडियो सामने आया है। जिसमें दिख रहा है कि एक युवती गुस्से में एक कार के बोनट पर डंडे बरसा रही है। बताया जा रहा है कि कार के मालिक ने पहले युवती की स्कूटी को पार्किंग से हटाकर छतिग्रस्त कर दिया था। जिसके बाद युवती ने अपनी स्कूटी का बदला लेते हुए कार को क्षतिग्रस्त किया है। फिलहाल यह मामला नोएडा पुलिस के पास पहुंच गया है और पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### शातिर बदमाश गिरफ्तार, अवैध हथियार बरामद

**नोएडा।** थाना फेस.वन पुलिस ने बुधवार दोपहर को सेक्टर आठ के पास से अवैध हथियार सहित एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। यह लूटपाट करने की फिराक में घूम रहा था। थाना फेस.वन के थानाध्यक्ष वीरेश पाल गिरी ने बताया कि बुधवार की दोपहर को सेक्टर-8 के पास से पुलिस ने इरफान पुत्र शशि निवासी बुढ़ाना जनपद मुजफ्फरनगर को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इसके पास से पुलिस ने एक देसी तमंचा और कारतूस बरामद किया है। पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला है कि यह बदमाश लूटपाट करने की फिराक में घूम रहा था।

### सब्जी विक्रेता से मारपीट करने का आरोप

**नोएडा।** सलारपुर गांव में रचना देवी के पति शेर सिंह सब्जी की रेहड़ी लगाते हैं। उनका आरोप है कि मनीष और मयंक नाम के दो लोगों ने उनके पति के साथ मारपीट की। वह अस्पताल में भर्ती हैं। पुलिस ने शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पीएफ विभाग में लाखों लोगों का नहीं हुआ ई-नॉमिनेशन

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

पिछले 3 महीने से पीएफ की ई.नॉमिनेशन की प्रक्रिया चल रही है। इसके तहत जिले में पंजीकृत करीब 5.50 लाख पीएफ अंशदाताओं में से 3 लाख लोग ही अपने खाते को ई.नॉमिनेशन करा पाए हैं। लगातार लोगों से वेबिनार, बैठक, ई.मेल और मोबाइल के माध्यम से संपर्क किया जा रहा है।

विभाग से जुड़े अधिकारी का कहना है कि जल्द ही इसके लिए डेडलाइन भी तय की जाएगी यदि किसी व्यक्ति की किसी दुर्घटना में मौत हो जाती है। उसके बाद उसके पीएफ खाते से परिजन तभी आसानी से पीएफ का पैसा निकाल सकते हैं। जब उसके खाते में किसी परिजन के नाम पर ई.नॉमिनेशन हो चुका हो तभी संभव है। ऐसा कई बार हुआ है कि संबंधित व्यक्ति के पीएफ खाते से पैसा निकालने में परिजनों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।




CAPRI GLOBAL CAPITAL LIMITED

**कैपरी ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड**

पंजीकृत एवं कार्पोरेट कार्यालय :- 502, टावर-ए, पेनिन्सुला बिजनेस पार्क, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुंबई-400013
सर्किल कार्यालय :- कैपरी ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड, द्वितीय तल, 3बी पूसा रोड, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली-110005

परिशिष्ट -IV-क [नियम 8 (6) का परंतुक देखें]
अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के अधीन अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना। एतद्द्वारा सर्व साधारण को और विशेष रूप से कर्जदार(रों) तथा गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका प्रलक्षित/भौतिक कब्जा कैपरी ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड, प्रत्याभूत लेनदार, के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, नीचे वर्णित कर्जदार की तरफ कैपरी ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड, प्रत्याभूत लेनदार, की बकाया राशि की वसूली के लिए निम्नवर्णित तिथियों को "जैसी है जहां है", जैसी है जो है" तथा "जो भी है वहां है" आधार पर बेची जाएगी। सुरक्षित मूल्य, ईएमडी राशि तथा सम्पत्ति का वर्णन नीचे दिया गया है।

| क्र. सं. | 1. कर्जदार(रों) का नाम 2. बकाया राशि | बंधक सम्पत्ति का वर्णन | 1. ई-नीलामी की तिथि एवं समय 2. ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि 3. सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि एवं समय | 1. सुरक्षित मूल्य 2. सम्पत्ति की ईएमडी 3. वृद्धि मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 1. मैसर्स कैवाना क्लोदिंग प्राइवेट लिमिटेड ("कर्जदार") 2. श्री दीपू गुप्ता 3. श्री पवन कुमार (सह-कर्जदार) ऋण खाता संख्या LNCGCDELTL0000004201 तथा LNBLCHA000049699 रू. 3,74,89,153/- (रूपए तीन करोड़ चौहत्तर लाख नवासी हजार एक सौ तिरेपन मात्र) + 30-04-2022 से ब्याज तथा आगे लागू ब्याज | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : यूनिट नंबर 22-बी, भू तल, क्षेत्रफल परिमाप 4000 वर्ग फीट, यूनिवर्सल ट्रेड टावर, सेक्टर-49, गुरूग्राम, हरियाणा | 1. ई-नीलामी की तिथि : 09-06-2022 (अप. 3.00 बजे से अप. 4.00 बजे के बीच) 2. ईएमडी, केवाईसी सहित जमा करने की अंतिम तिथि : 08-06-2022 3. निरीक्षण की तिथि : 07-06-2022 पूर्वा. 10.00 बजे से अप. 02.00 बजे तक | सुरक्षित मूल्य : रू. 1,50,00,000/- (रूपए एक करोड़ पचास लाख मात्र) धरोहर राशि जमा : रू. 15,00,000/- (रूपए पंद्रह लाख मात्र) वृद्धि मूल्य : रू. 50,000/- (रूपए पचास हजार मात्र) |

बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया कैपरी ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड, प्रत्याभूत लेनदार, की वेबसाइट में उपलब्ध कराया गया लिंक देखें :- www.capriglobal.in/auction

ऑनलाइन ई-नीलामी बिक्री के नियम एवं शर्तें :-

1. सम्पत्ति "जैसी है जहां है, जो भी है वहां है तथा कोई वापसी नहीं आधार" पर बेची जा रही है। अतएव बिक्री किसी प्रकार की वारंटी एवं क्षतिपूर्ति के बिना की जा रही है।
2. सम्पत्ति/आस्ति के विवरण (उदाहरण के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना में विनिर्दिष्ट सीमा एवं परिमाप) प्रतिभूत लेनदार की सर्वश्रेष्ठ जानकारी के अनुसार वर्णित किए गए है तथा प्रतिभूत लेनदार किसी त्रुटि, मिथ्याकथन अथवा विलोपन के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। वास्तविक सीमा एवं माप भिन्न हो सकता है।
3. प्रतिभूत लेनदार द्वारा जारी की गई ई-नीलामी बिक्री सूचना जनसाधारण को अपनी बोलियां प्रस्तुत करने हेतु एक आमंत्रण है तथा यह प्रतिभूत लेनदार की ओर से कोई वचनबद्धता अथवा प्रतिनिधित्व नहीं है और न ऐसा करता समझा जाएगा। इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी बोली जमा करने से पहले स्वामित्व विलेख की प्रति प्रतिभूत लेनदार से प्राप्त करने और सम्पत्ति/आस्ति के स्वामित्व के स्वामित्व एवं वर्तमान हालत तथा सम्पत्ति को प्रभावित करने वाले दावों/देयताओं की स्वतंत्र जांच/सतर्क जांच कर लेने की सलाह दी जाती है।
4. नीलामी/बोलीदान सेवा प्रदाता मैसर्स ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, ऑक्शन टाइगर, अहमदाबाद द्वारा उपलब्ध कराई गई वेबसाइट https://sarfaesi.auctiontiger.net पर अथवा ऑक्शन टाइगर मोबाइल ऐप के माध्यम से "ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक मोड" द्वारा होगा, जिसके द्वारा ई-नीलामी प्लेटफार्म के जरिए नीलामी की सम्पूर्ण प्रक्रिया की व्यवस्था एवं समन्वय किया जाएगा।
5. बोलीदाता बोलीदान के लिए अपनी पसंद के स्थान से ई-नीलामी में भाग ले सकते हैं। इंटरनेट की व्यवस्था बोलीदाता को स्वयं करनी होगी। प्रतिभूत लेनदार/सेवा प्रदाता इंटरनेट कनेक्टिविटी, नेटवर्क समस्याओं, सिस्टम क्रैश डाउन, पावर फेल्योर इत्यादि के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
6. संभावित बोलीदाता विस्तृत विवरण, सहायता, प्रक्रिया तथा ऑनलाइन बोलीदान के लिए सेवा प्रदाता मैसर्स ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, ऑक्शन टाइगर, अहमदाबाद (सम्पर्क नंबर 079.68136880/68136837), श्री राम प्रसाद शर्मा, मोबाइल नंबर 800-002-3297/79-6120 0559, ई-मेल : ramprasad@auctiontiger.net से सम्पर्क कर सकते हैं।
7. इच्छुक बोलीदाताओं को ई-नीलामी बिक्री में भाग लेने के लिए पोर्टल पर अपने नाम का पंजीकरण https://sarfaesi.auctiontiger.net पर पर्याप्त अग्रिम में करवाना होगा तथा यूजर आईडी एवं पासवर्ड प्राप्त करना होगा। इच्छुक बोलीदाताओं को सेवा प्रदाता से पासवर्ड मिलते ही तत्काल इसको बदल लेने की सलाह दी जाती है।
8. ई-नीलामी में भाग लेने के लिए, इच्छुक बोलीदाता को एक प्रतिदेय ईएमडी, जोकि सुरक्षित मूल्य की 10 प्रतिशत है (उपरि वर्णित अनुसार) "कैपरी ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड" के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट/एनईएफटी/आरटीजीएस के माध्यम से 08-06-2022 को अथवा पूर्व जमा करनी होगी।
9. इच्छुक बोलीदाताओं को सम्यक् भरा गया बोली प्रपत्र (फार्मेट https://sarfaesi.auctiontiger.net पर उपलब्ध है) ईएमडी हेतु डिमांड ड्राफ्ट प्रेषण के साथ एक सीलबंद लिफाफे में प्रस्तुत करना चाहिए, जो प्राधिकृत अधिकारी, कैपरी ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड, आंचलिक कार्यालय, 3बी, द्वितीय तल, पूसा रोड, नई दिल्ली-110005 को अधिकतम 08-06-2022 के अप. 03.00 बजे तक भेजा जा सकता है। सीलबंद लिफाफे पर "कर्जदार नाम" की सम्पत्ति के लिए ऋण खाता नंबर - .................... (ऊपर वर्णित अनुसार) में ई-नीलामी बिक्री में भाग लेने हेतु बोली" शीर्षांकित किया जाना चाहिए।
10. ईएमडी के साथ बोलियां जमा करने की अंतिम तिथि समाप्त होने के बाद, प्राधिकृत अधिकारी उनके द्वारा प्राप्त बोलियों की जांच करेंगे तथा योग्य बोलीदाताओं (जिनके द्वारा अपनी बोलियां सुरक्षित मूल्य से अधिक उद्धृत की गई हैं तथा प्रतिभूत लेनदार द्वारा विनिर्दिष्ट ईएमडी जमा की गई है) के विवरण की पुष्टि मैसर्स ई प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड को करेंगे ताकि वे ई-नीलामी बिक्री सूचना में वर्णित तिथि और समय पर ऑनलाइन परस्पर बोलीदान/नीलामी कार्यवाही में भाग लेने की अनुमति केवल उन्हीं योग्य बोलीदाताओं को दें।
11. योग्य बोलीदाताओं के बीच परस्पर बोलीदान योग्य बोलीदाताओं द्वारा उद्धृत उच्चतम बोली से आरंभ किया जाएगा। परस्पर बोलीदान की प्रक्रिया के दौरान 10 मिनट प्रत्येक के असीमित विस्तार होंगे अर्थात ई-नीलामी समाप्त होने का समय अंतिम विस्तार से 10 मिनट के भीतर बोली आने पर हर बार स्वतः 10 मिनट आगे बढ़ जाएगा।
12. एक बार बोली देने के बाद निरस्त या वापस नहीं की जा सकती है। बोलीदाता को उपलब्ध कराई गई यूजर आईडी से दी गई सभी बोलियां केवल उसके द्वारा दी गई बोली मानी जाएंगी।
13. ई-नीलामी प्रक्रिया समाप्त होने पर, उच्चतम बोलीदाता को उसके द्वारा उद्धृत अंतिम बोली की राशि की पुष्टि तत्काल ई-मेल द्वारा प्राधिकृत अधिकारी, कैपरी ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड, आंचलिक कार्यालय, 3बी, द्वितीय तल, पूसा रोड, नई दिल्ली-110005 तथा सेवा प्रदाता दोनों को भेजी जाएगी, ताकि उसको ई-नीलामी प्रक्रिया में सफल बोलीदाता घोषित किया जा सके।
14. सफल बोलीदाता को बोली राशि की 25 प्रतिशत राशि (ईएमडी सहित) बोली उसके पक्ष में छूटने पर, उसी दिन तथा बोली राशि की शेष 75 प्रतिशत राशि बिक्री की तिथि से 15 दिन के भीतर कैपरी ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड के पक्ष में डीडी/पे ऑर्डर/एनईएफटी/ आरटीजीएस/चैक द्वारा जमा करनी होगी।
15. सफल बोलीदाता/नीलामी क्रेता द्वारा निर्धारित राशियों का भुगतान नियत अवधि के भीतर करने में चूक की स्थिति में, बिक्री रद्द कर दी जाएगी तथा पहले जमा की जा चुकी राशियां (ईएमडी सहित) जब्त कर ली जाएंगी और सम्पत्ति दोबारा बिक्री हेतु रखी जाएगी।
16. सफल बोलीदाता के अनुरोध पर, प्राधिकृत अधिकारी द्वारा, बोली राशि की बकाया रकम चुकाने के लिए समय, एकमात्र अपने विवेकानुसार लिखित रूप में आगे बढ़ाया जा सकता है।
17. सफल बोलीदाता को बिक्री मूल्य की 1 प्रतिशत राशि बतौर टीडीएस (बिक्री राशि से) अदा करनी होगी तथा टीडीएस सर्टिफिकेट प्राधिकृत अधिकारी के पास जमा करना होगा तथा बिक्री मूल्य की पूरी राशि (1 प्रतिशत टीडीएस काटने के बाद), ईएमडी समायोजित करते हुए, प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ऑफर स्वीकार किए जाने के 15 कार्यदिवस के भीतर अथवा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उपयुक्त विचारित विस्तारित अवधि के भीतर अदा करनी होगी, जिसमें असफल रहने पर जमा की गई धरोहर जमा जब्त कर ली जाएगी।
18. म्युनिसिपल/पंचायत कर, बिजली बकाया (यदि कोई) तथा किसी अन्य प्राधिकरण बकाया (यदि कोई) का भुगतान बिक्री प्रमाणपत्र के निर्गमन से पूर्व सफल बोलीदाता द्वारा किया जाएगा। बोलियां सम्पत्ति से संबंधित सभी सांविधिक बकाया ध्यान में रखकर दी जानी चाहिए।
19. प्राधिकृत अधिकारी द्वारा सफल बोलीदाता के पक्ष में बिक्री प्रमाणपत्र उसके द्वारा पूर्ण क्रय मूल्य/बोली राशि जमा करने तथा सभी करों/प्रभारों के भुगतान के संबंध में आवश्यक प्रमाण प्रस्तुत करने पर ही जारी किया जाएगा।
20. हस्तांतरण, स्टाम्प ड्यूटी, पंजीकरण हेतु लागू प्रभार तथा अन्य अनुषंगी प्रभार नीलामी क्रेता को वहन करने होंगे।
21. प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए ई-नीलामी बिक्री कार्यवाही प्रास्थगित/निरस्त कर सकते हैं। ई-नीलामी बिक्री कार्यक्रम बिक्री की निर्धारित तिथि से 15 से कम दिन पहले की तिथि हेतु प्रास्थगित करने की स्थिति में, यह सेवा प्रदाता की वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी।
22. प्राधिकृत अधिकारी का निर्णय अंतिम, बाध्यकारी होगा तथा इसको चुनौती नहीं दी सकती है।
23. सभी बोलीदाता, जिनके द्वारा बोलियां प्रस्तुत की गई हैं, यह माना जाएगा कि वे ई-नीलामी बिक्री के नियम एवं शर्तें पढ़ एवं समझ चुके हैं तथा उनके अधीन बाध्य होंगे।
24. अतिरिक्त विवरण तथा पूछताछ के लिए प्राधिकृत अधिकारी, कैपरी ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड : श्री सुशील गुप्ता मोबाइल नंबर 7400445137 से सम्पर्क करें।
25. यह प्रकाशन उक्त ऋण खाते के कर्जदार/बंधकदाता/गारंटर को प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(6) के तहत, उपरिवर्णित तिथि/स्थान पर नीलामी बिक्री आयोजित करने के संबंध में 30 (तीस) दिन का कानूनी नोटिस भी है।

विशेष अनुदेश/चेतावनी : बोलीदाताओं को अन्तिम मिनटों अथवा क्षणों में बोलीदान करने की प्रवृत्ति को स्वय के हित में त्यागना होगा। ना तो कैपरी ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड और ना ही सेवा प्रदाता बोलीदाता की ओर से किसी विफलता/कमी (विद्युत विफलता, इंटरनेट विफलता इत्यादि) हेतु उत्तरदायी होंगे। ऐसी स्थिति से बचने के क्रम में बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे अपेक्षित बैकअप पॉवर आपूर्ति इत्यादि जैसी अनिवार्य व्यवस्थाएं/विकल्प तैयार रखें, ताकि वे किसी आकस्मिक अड़चन से बच सकें और नीलामी में सफलतापूर्वक भाग ले सकें।

स्थान : दिल्ली/एनसीआर तिथि : 05-05-2022 हस्ता/- (प्राधिकृत अधिकारी) कैपरी ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड



**PUBLIC NOTICE**

My client **Shiv Singh** S/o Ratan Singh R/o **E-62, Nanhey Park, Near Shiv Mandir, Uttam Nagar,New Delhi-59,** has disowned/debarred his Elder son and its wife namely,**"Suraj & Amisha"**,from his movable and immovable properties due to disrespectful, out of control behaviours and he has severed his relation with them for all intents & purposes with immediate effect. Anybody deals with them will do so at his/her/their own risk and responsibility

**Anshul Kumar Aggarwal (Advocate), Shop No-2, S-44, Parampuri Uttam Nagar, New Delhi-59**

**PUBLIC NOTICE**

I,**Anju Kankra** W/o Suresh Kumar Kankra **R/o-91, Sangam Appt., Pkt-24, Sector-24,Rohini,Delhi-85** have lost original Possession Letter, Allotment Letter, Demand Letter, Site Possession Letter, Bank Challans, Payment Challans, All Payment Receipts of **FlatNo-38,Pkt-13,Sector-24,Rohini Delhi-85.** Finder Contact: 9711863636

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that my client, **MOHD SHAMSUZZAMAN S/O BASHIR AHMED R/O B-5/8,DDA FLATS, SARAI KHALIL, DELHI-110006,** Allottee/Purchaser/ Owner of **DDA MIG Flat No.B-5/8, on Second Floor, Situated At Sarai Khalil, Sadar Thana Road, Delhi vide DDA FILE NO.M.038(17)93/SK/NP.** The original documents i.e.Demand Cum Allotment Letter, Possession Letter,NOC For Water&Electric Connection and 1st Chain of GPA(General Power of Attorney) of the above said flat have been lost. An F.I.R./NCR/LR NO.363978/2022 dated 02/05/2022 to this effect has been lodged in P.S. Crime Branch,Delhi.Any person (s) claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above Address/Phone: 9999936512 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objection with respect to this property, can personally inform or write to **Deputy Director (LAB-H) MIG or Director (LAB-H) MIG, DDA, Vikas Sadan, New Delhi**

**अदालती सूचना**

न्यायालय श्रीमान सिविल जज महोदय सी.डी. रामनगर (नैनीताल). दीवानी वाद संख्या-32 वर्ष-2021
वादी प्रोदीप कुमार सरकार पुत्र स्व. श्री एम.आर. सरकार, निवासी - ग्राम पीरुमदारा तह. रामनगर (नैनीताल)
बनाम प्रतिवादी गण -
1. जय प्रकाश डन्डरियाल, देश दीपक नौटियाल आदि
सम्मन बनाम जय प्रकाश डन्डरियाल पुत्र श्री इश्वरी दत्त डन्डरियाल, हाल निवासी - पता - ए3/37 एच पाकेट ए-3 एल.आई.जी. मयूर विहार 3, दिल्ली 110096

चूंकि वादी उपरोक्त ने मेरे न्यायालय में एक वाद वास्ते शून्य घोषित करने पंजीकृत बैनामा दिनांक - 03.06.2017 लेख पत्र सं.-1069 योजित किया जो विचाराधीन है. जिसमें दिनांक- 7 माह 5 वर्ष 2022 की तिथि नियत है.

अतः आपको एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि आप दिनांक- 7 माह 5 वर्ष 2022 को दिन 10.00बजे प्रातः इस न्यायालयमें स्वयं अथवा जरिए अधिवक्ता उपस्थित आवें और उपरोक्त वाद में अपना पक्ष प्रस्तुत करें. आपकी अनुपस्थिति में उपरोक्त वाद एक पक्षीय रूप से सुना व निर्णित किया जाएगा. इत्तला जानें.

आज दिनांक 02 माह 05 वर्ष 2022 को न्यायालय की मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया

दिनांक 02/05/2022 सिविल जज सी0 डी0 राम नगर (नैनीताल)

**PUBLIC NOTICE**

Sale Deed / Conveyance Deed Agreement & Handover certificate Lost between Builder (ANSAL PROPERTIES & INFRASTRUCTURE LTD) and SMT. RACHNA THAKUR Notice is hereby given to the Public that the Agreement for Sale deed/conveyance deed dated 26/03/2008 and Handover certificate dated 28/04/2008 between M/S ANSAL PROPERTIES & INFRASTRUCTURE LTD (formerly known as Ansal Properties & Industries Ltd ) IN FAVOUR OF SMT.RACHNA THAKUR W/O NAVNEET THAKUR R/O 51 SAINIK VIHAR, DELHI-110034, VIDE DOCUMENT NO 10392 BOOK NO 1. Dated 26/3/2008, FOR PLOT NO. A-375, SUSHANT CITY, KUNDLI, HARYANA have both been misplaced. All the persons are hereby informed that not to carry on any transaction on the basis of said missing documents. I, Rachna Thakur hereby invite claims or objections, if any, for the transfer of said plot. In case of any claims/objections kindly intimate me along with the relevant documents to support your claims/objections within 14 days from the date of publication of this notice. In absence of any claim within stipulated period, it shall be deemed that the property has no claim by virtue of lost agreement.

**PUBLIC NOTICE**

It is hereby stated that the originals of all the title documents in respect of the following property owned by M/s. Texmaco Infrastructure and Holdings Limited (earlier known as Birla Cotton Spinning and Weaving Mills) have been lost / misplaced somewhere and are not traceable:

Khasra numbers: 197 (0-12), 198 (0-17), 199 (0-3), 200 (1-00), 213 (33-03), 214 (0-15), 218(2-11) at Village Delhi Gaon, Tehsil and District Delhi and bearing Plot Nos. 6938 to 7157, 7167, 7184, 7158 to 7166, 7168 to 7177 and 7183 P.O. Birla Lines, Delhi-07, known as 'Birla Lines or officer flats earlier known as Acharwala Bagh.

Notice is hereby given to the public at large that no person / entity should deal with, use or transact in any manner, on the basis of the title documents, with respect to the above mentioned property, and any person / entity in custody of the title documents of the above mentioned property or having any knowledge thereof is hereby called upon to contact the undersigned.

**Sanjay Pahwa**
**Mobile - 9873747274**


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# राजधानी में गहरा सकता है जलसंकट

## वजीराबाद जलाशय का स्तर घटा, सरकार ने हरियाणा को एक हफ्ते में भेजा दूसरा पत्र

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

भीषण गर्मी के साथ साथ पानी संकट भी गहराने लगा है। यमुना नदी में पिछले कई दिनों से पानी के प्रवाह में भारी कमी आई है। इसके चलते वजीराबाद तालाब में जल स्तर काफी तेजी से गिर रहा है। इसके मद्देनजर दिल्ली जल बोर्ड ने हरियाणा सिंचाई विभाग को पत्र लिखकर मानसून आने तक अतिरिक्त 150 क्यूसेक पानी छोड़ने अनुरोध किया है। ताकि वजीराबाद में घटते से निपटा जा सके। इससे पहले अप्रैल में भी जल बोर्ड ने ऐसा ही पत्र हरियाणा को लिखकर पानी छोड़ने की मांग की थी। वजीराबाद में यमुना का जल स्तर 672.6 फीट रह गया है। यह सामान्य जल स्तर 674.5 फीट से 2 फीट कम है।

हरियाणा दो नहरों- कैरियर-लाइन्ड चैनल (सीएलसी) और दिल्ली उप-शाखा (डीएसबी) के माध्यम से दिल्ली को 61 करोड़ गैलन पानी की आपूर्ति करता है। सीएलसी और डीएसबी को मुनक नहर और भाखरा ब्यास प्रबंधन बोर्ड के माध्यम से हथिनी कुंड से पानी की आपूर्ति की जाती है। इसके अलावा दिल्ली को ऊपरी गंगा नहर के माध्यम से उत्तर प्रदेश से 25.3 करोड़ गैलन प्रतिदिन पानी मिलता है। वहीं 9 करोड़ गैलन पानी राजधानी में लगे कुओं और जलाशयों से मिलता है।



फाइल फोटो

दिल्ली जल बोर्ड के एक अधिकारी ने बताया कि वजीराबाद तालाब में पानी के कम स्तर और सीएलसी में कम प्रवाह की वजह से चंद्रावल, वजीराबाद, हैदरपुर, नांगलोई और द्वारका समेत कई जल शोधन संयंत्रों की परिचालन क्षमता कम हुई है। गर्मी से नदी का जलस्तर घट रहा है। इसके चलते कई इलाकों में पानी संकट गहरा सकता है। पानी का संकट पिछले महीने भी हुआ था, उस वक्त यमुना के पानी में अमोनिया का स्तर बढ़ गया था। ऐसे में डीजेबी को वाटर ट्रीटमेंट प्लांट्स ने काम करना बंद कर दिया था। गर्मी में मांग बढ़ने के चलते शहर के कुछ हिस्सों में पानी की कमी की शिकायतें आ रही हैं। सर्दियों और गर्मियों के बीच मांग में अंतर लगभग 20 फीसदी होने का अनुमान है। दिल्ली जल बोर्ड नलकूपों के माध्यम से आपूर्ति बढ़ाने का प्रयास कर रहा है, जो तापमान बढ़ने पर मांग को पूरा करने में भी विफल रहता है। वजीराबाद तालाब में पानी का स्तर कम होने और कैरियर-लाइन चैनल में कम प्रवाह ने चंद्रवाल, वजीराबाद, हैदरपुर, नांगलोई और द्वारका समेत कई ट्रीटमेंट प्लांट में संचालन क्षमता कम हुई है। जल बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली को वर्ष 2021 में 1,380 एमजीडी पानी की जरूरत थी जबकि दिल्ली जल बोर्ड करीब 950 एमजीडी पानी की आपूर्ति ही कर सका। मौसम विभाग ने मई महीने में भी सामान्य से अधिक तापमान का अनुमान व्यक्त किया है।

## अतिक्रमण विरोधी अभियान रोकने का प्रतिष्ठित लोगों ने किया अनुरोध

**नई दिल्ली।** करीब 35 प्रतिष्ठित लोगों ने दिल्ली सरकार और नगर निगमों को पत्र लिखकर राष्ट्रीय राजधानी में मकानों को अवैध रूप से गिराए जाने पर तुरंत रोक लगाने का आग्रह किया है।

पत्र पर हस्ताक्षर करने वालों में अर्थशास्त्री जयती घोष, अखिल भारतीय लोकतांत्रिक महिला संघ की सदस्य मालिनी भट्टाचार्य और मरियम धवले, सामाजिक कार्यकर्ता अंजलि भारद्वाज और अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला संघ की सदस्य कविता कृष्णन शामिल हैं।

उपराज्यपाल अनिल बैजल, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और नगर निगम को लिख गए पत्र में, उन्होंने कहा कि नगर निकाय प्राधिकारियों द्वारा किराए पर लिए गए बुलडोजर से उन अस्थाई ढांचों को निशाना बनाया जाना भयावह था जो लोगों की आजीविका के लिए आवश्यक थे।

# तुगलकाबाद में चला निगम का बुलडोजर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● शाहीन बाग, कालिंदी कुंज, एमबी रोड, मेहरचंद मार्केट, श्रीनिवास पुरी, खाड़ा कॉलोनी में दस दिन चलेगा अभियान

नगर निगम के अवैध अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाने की कार्रवाई को लेकर सियासी तापमान गरमाया हुआ है। इस बीच दक्षिणी दिल्ली नगर निगम ने चार से 13 मई तक अपने इलाके में अतिक्रमण के खिलाफ कार्य योजना तैयार कर की है। इसी क्रम में बुधवार को निगम ने तुगलकाबाद के कर्णी सिंह शूटिंग रेंज के इलाके में अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई की। इसके अलावा ओखला और शाहीन बाग में अतिक्रमण हटाने के लिए एनडीएमसी ने एक्शन प्लान जारी किया है। ऐसे में 9 मई को शाहीन बाग में बुलडोजर चल सकता है।

एसडीएमसी के अध्यक्ष, मध्य जोन, राजपाल सिंह ने बताया कि अभियान में बुलडोजर का इस्तेमाल किया जा रहा है और यह अभियान संगम विहार इलाके के एमबी रोड पर करणी सिंह शूटिंग रेंज से शुरू हुआ तथा यह अलग अलग इलाकों में 13 मई तक चलेगा।

यह अभियान शाहीन बाग मुख्य सड़क, कालिंदी कुंज, एमबी रोड, मेहरचंद मार्केट, श्रीनिवास पुरी और खाड़ा कॉलोनी में चलाया जाएगा। सिंह ने बताया कि शाहीन बाग सहित इन इलाकों से अतिक्रमण हटाने के लिए दस दिन की कार्य योजना तैयार की है। अभियान चलाने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिसकर्मी उपलब्ध कराए जाने की भी मांग की है। शाहीन बाग में नौ मई को अभियान चलाएंगे। कालिंदी कुंज और श्रीनिवास पुरी में पांच और छह मई को अतिक्रमण हटाया जाएगा।

दस मई को न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी के पास गुरुद्वारा रोड के समीप अभियान चलाया जाएगा। मेहरचंद मार्केट, साईं बाबा मंदिर के पास लोधी कॉलोनी में और जेएलएन मेट्रो स्टेशन के पास 11 मई को अभियान चलाया जाएगा। एसडीएमसी के एक अन्य अधिकारी ने कहा, यह अतिक्रमण हटाने की उनकी नियमित योजना है। पूरी कार्रवाई पुलिस बल की उपलब्धता पर भी निर्भर करेगी।

मालूम हो कि शाहीन बाग एसडीएमसी के अधिकार क्षेत्र में आता है और इस इलाके में दिसंबर 2019 में संशोधित नागरिकता कानून के विरोध में लंबे समय तक धरना प्रदर्शन चला था। यह धरना - प्रदर्शन कोविड-19 महामारी के फैलने के बाद मार्च 2020 में समाप्त हुआ था।

उत्तरी दिल्ली नगर निगम ने जहांगीरपुरी इलाके में सांप्रदायिक हिंसा के चार दिन बाद अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया था जिसकी व्यापक आलोचना हुई थी। उच्चतम न्यायालय ने एनडीएमसी को यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया था।

# कोविड मामलों में उछाल, नई लहर के संकेत नहीं : जैन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● अस्पतालों में भर्ती होने वालों की संख्या कम, घबराएं नहीं

कोविड-19 मामलों में उदाल नई लहर के संकेत नहीं है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के राष्ट्रीय टास्क फोर्स के सह अध्यक्ष डॉ. राजीव जयदेवन ने कहा है कि कोरोना वायरस का नया वैरियंट डेल्टा जैसा खतरनाक नहीं है। इसलिए इसे नई लहर नहीं कहा जा सकता है।

इस दौरान संक्रमण दर के बढ़ने पर स्वास्थ्य मंत्री सत्एंद्र जैन ने बुधवार को कहा कि अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या अब भी बहुत कम है और शहर में कोविड-19 संबंधी मौजूदा स्थिति इतनी गंभीर नहीं है। दिल्ली वालों को घबराने की जरूरत नहीं है।

कोविड-19 के बढ़ते मामलों के मद्देनजर पाबंदियां लगाने की आवश्यकता पर पूछे गए सवाल पर जैन ने अपने मीडिया से बातचीत में कहा कि दिल्ली सरकार स्थिति पर नजर बनाए हुए है। मौजूदा स्थिति इतनी गंभीर नहीं है।




## मनीष शुक्ल को अंतरराष्ट्रीय साहित्यश्री पुरस्कार मिला

**नई दिल्ली।** साहित्यकार मनीष शुक्ल को अंतरराष्ट्रीय साहित्य श्री सम्मान से सम्मानित किया गया है। भारत एवं नेपाल के साहित्यिक और सांस्कृतिक संबंधों को नया आयाम देते हुए तीन दिवसीय साहित्य महोत्सव का आयोजन काठमांडू में सम्पन्न हुआ। काठमाण्डू के चंद्रागिरी पर्वत पर दोनों देशों के प्रतिनिधियों ने सात सूत्रीय घोषणा पत्र भी पारित किया।

महोत्सव में दोनों देश के साहित्यकारों और कलाकारों ने संयुक्त संस्कृति की छटा बिखेरी। मेरठ लिटरेचर फेस्टिवल, क्रांतिधरा साहित्य अकादमी और ग्रीन केयर सोसाइटी हाउस मेरठ से आयोजक डॉ विजय पंडित ने बताया कि महोत्सव में लखनऊ से मनीष शुक्ल, हैदराबाद से वरिष्ठ कलमकार प्रदीप देवीशरण, भोपाल से रमा निगम, पटना से शायर मौ. नसीम अख्तर, प्रयागराज से डॉ. मोनिका महरोत्रा, बिजनौर से गिरीश त्यागी समेत कई साहित्यकारों ने हिंदी साहित्य का झंडा बुलंद किया।

## जेएनयूएसयू सदस्यों का धरना, छात्रावास आवंटन की मांग

**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्र संघ के सदस्यों ने 2021 बैच के छात्रों को छात्रावास आवंटित करने की मांग को लेकर बुधवार को डीन ऑफ स्टूडेंट्स के कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन शुरू किया। छात्र संघ के सदस्यों ने प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए ऑफलाइन कक्षाओं की बहाली की भी मांग की। उन्होंने ऑफलाइन कक्षाएं शुरू करो, जूम पर अब और कक्षाएं नहीं और छात्रावास आवंटन तत्काल शुरू किया जाए लिखी हुई तख्तियां प्रदर्शित कीं।

जेएनयूएसयू की काउंसिलर अनघा प्रदीप ने कहा, प्रथम वर्ष के छात्रों को छात्रावास आवंटित नहीं होने से उन्हें समस्याएं हो रही हैं।

# ईद पर ड्यूटी नहीं करने वाले पुलिस कर्मियों पर गिरेगी गाज

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● तीसरी बटालियन के 500 जवानों को ड्यूटी पर किया गया था तैनात

ईद पर ड्यूटी नहीं करने वाले पुलिस कर्मियों पर गिरेगी गाज। दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मंगलवार को तीसरी बटालियन के पांच सौ जवानों को तैनात किया गया था। इस दिन गैरहाजिर पाए जाने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

त्योहार के दिन शांतिपूर्ण ढंग से नमाज अदा करने के लिए प्रमुख धार्मिक स्थलों और शहर के विभिन्न हिस्सों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे।

दिल्ली पुलिस ने कहा कि उसने अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी थी। विभिन्न क्षेत्रों में पैदल और मोटरसाइकिल द्वारा गश्त की गई और मस्जिद के मौलवियों को लाउडस्पीकर के इस्तेमाल के बारे में अदालत के दिशानिर्देशों से अवगत कराया गया।

# पेड़ों का प्रतिरोपण करना अधिक बुद्धिमानी : हाईकोर्ट

## दिल्ली उच्च न्यायालय ने पूर्णत: विकसित वृक्षों को काटने पर जताई चिंता

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने पूर्णत: विकसित वृक्षों को काटे जाने पर चिंता जताते हुए कहा कि दिल्ली सरकार के वन विभाग द्वारा इनको काट कर गिरा देने के स्थान पर इनका प्रतिरोपण किया जाना तर्कपूर्ण एवं बुद्धिमानी होगा। न्यायालय ने कहा कि वृक्षों को काटने की प्रक्रिया अपने ही लक्ष्यों को मात देने के समान होगी और इसे रोके जाने की जरूरत है।

न्यायमूर्ति नज्मी वजीरी ने पेड़ों के संरक्षण को लेकर दाखिल अवमानना अर्जी पर सुनवाई करते हुए याचिकाकर्ता के इस दावे कि ओर ध्यान दिलाया कि आधिकारिक मंजूरी के साथ हर घंटे एक पेड़ की कटाई हो रही है। उन्होंने उप वन संरक्षक (डीसीएफ) से गत तीन वर्ष में आधिकारिक मंजूरी के बाद की गई पेड़ों की कटाई के संबंध में जानकारी तलब की।




यह अवमानना याचिका नीरज शर्मा नामक व्यक्ति ने अधिवक्ता आदित्य एन प्रसाद के जरिए दाखिल की है और यह पूर्वी दिल्ली के विकास मार्ग इलाके के पेड़ों से संबंधित है।

न्यायमूर्ति वजीरी ने अपने आदेश में किसी भी इलाके में एक अकेले खड़े पेड़ के महत्व को रेखांकित किया और कहा कि प्रतिपूर्ति के लिए किया जाने वनरोपण भौगोलिक रूप से दूर और छोटे पौधों का रोपण होता है जिससे मुश्किल से ही कोई राहत मिल पाती है या वास्तविक क्षतिपूर्ति हो पाती है।

अदालत ने 28 अप्रैल को दिए आदेश में कहा, यह चिंताजनक मुद्दा है जहां एक ओर दिल्ली में हरित क्षेत्र को बढ़ाने और कायम रखने की बात की जाती है और दूसरी ओर पूर्णत: विकसित पेड़ों को काटने की अनुमति दी जाती है। यह दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी सरकार के वन विभाग द्वारा स्वयं (के लक्ष्यों) को मात देने वाला कदम है और इस पर यथाशीघ्र रोक लगाने की जरूरत है। पेड़ों को काटने के बजाय उनका दूसरे स्थान पर प्रतिरोपण करना तर्कपूर्ण और बुद्धिमानी होगा।

# लाउडस्पीकर के मुद्दे पर एलजी बुलाएं उच्चस्तरीय बैठक : भाजपा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

प्रदेश भाजपा ने राजधानी में लाउडस्पीकर का मुद्दा उठाया है। उसने उपराज्यपाल अनिल बैजल से अनुरोध किया है कि वह धार्मिक स्थलों से लाउड स्पीकर हटाने के मामले में सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों की एक बैठक बुलाएं और उन्हें उचित निर्देश दें। यह किसी धर्म विशेष के खिलाफ नहीं है और न ही किसी व्यक्ति विशेष की जिम्मेदारी है। पूरे प्रशासन को उच्चतम न्यायालय के आदेश का पालन कराने के लिए एकजुट होकर काम करना चाहिए। नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने इस बारे में उपराज्यपाल पत्र भी लिखा है।

रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि जब भाजपा नेताओं ने दिल्ली सरकार से इस आदेश पर अमल कराने के लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पत्र लिखा तो उन्होंने यह कहते हुए अपना पल्ला झाड़ लिया है कि यह काम तो पुलिस को करना है।

नेता प्रतिपक्ष के अनुसार प्रशासन की मदद के बिना दिल्ली पुलिस अकेले यह काम नहीं कर सकती। इसलिए उपराज्यपाल से अनुरोध है कि वह इस मामले में एक उच्च स्तरीय बैठक बुलाएं जिसमें पुलिस आयुक्त के साथ-साथ मुख्य सचिव को भी बुलाया जाए। बैठक में सभी विभागों की जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए ताकि निश्चित समय में इस आदेश पर अमल कराया जा सके।

## संक्षिप्त समाचार

### हिमाचल प्रदेश में आप भाजपा के बीच सीधा मुकाबला

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन दावा किया कि इस साल हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा और आम आदमी पार्टी के बीच सीधा मुकाबला है। इस मुकाबले में आप को जीत मिलेगी। कांग्रेस मुकाबले में है ही नहीं। सत्येंद्र जैन ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भारतीय किसान यूनियन (हिमाचल प्रदेश) के प्रमुख तथा वकील एनेंद्र सिंह नौटी और उनके 30 साथी आप में शामिल हुए हैं। प्रदेश विधानसभा चुनाव में कुछ महीने बचे हैं। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री अब एक जगह से दूसरी जगह जा रहे हैं, परियोजनाओं का उद्घाटन कर रहे हैं और लोगों को बता रहे हैं कि अगर उनकी सरकार सत्ता में आई तो वह क्या करेगी। उन्हें अपनी सरकार द्वारा किए गए कार्यों के आधार पर वोट मांगना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में गहरी कलह मची है और आप में शामिल हुए कुछ नेता पहले कांग्रेस में थे। जैन पार्टी के हिमाचल प्रदेश मामलों के प्रभारी भी हैं।

### कोविड योद्धाओं के दो परिवारों को दी आर्थिक सहायता

**नई दिल्ली।** राजस्व मंत्री कैलाश गहलोत ने कोविड-19 से जान गंवाने वाले नर्सिंग अधिकारी चिन्नीचिंग और सफाई कर्मचारी सीमा के परिवार के सदस्यों को बुधवार को एक-एक करोड़ रुपए के चेक सौंपे। गहलोत ने बताया दोनों यहां लोक नायक जय प्रकाश अस्पताल में काम करते थे। दोनों कोविड योद्धाओं ने अपनी जान जोखिम में डाल दी और कोविड-19 महामारी के दौरान दिल्ली के नागरिकों की सेवा की।

# कोयला भंडार पर केंद्र ने बनाई भ्रम की स्थिति : सत्येंद्र जैन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



दिल्ली सरकार में बिजली मंत्री सत्येंद्र जैन ने बुधवार को दावा किया कि केंद्रीय बिजली मंत्री आरके सिंह को लिखे हालिया पत्र में उनके द्वारा दर्शाए गए कोयले के भंडार के आंकड़े प्रमाणिक हैं और अगर कोई भ्रम है तो इसे केंद्र और उसकी वेबसाइट ने बनाया है।

सिंह को लिखे अपने 28 अप्रैल के पत्र में जैन ने राष्ट्रीय राजधानी को बिजली की आपूर्ति करने वाले विभिन्न ताप संयंत्रों में कम कोयले के भंडार का विवरण दिया था, और केंद्र से राजधानी में निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए कोयले की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने का आग्रह किया था।

सूत्रों के अनुसार, जैन को जवाब देते हुए, सिंह ने आरोप लगाया था कि दिल्ली सरकार राष्ट्रीय राजधानी में बिजली की स्थिति के बारे में गलत जानकारी के साथ जनता को गुमराह कर रही है।

## 1280 औद्योगिक इकाइयों का किया निरीक्षण

**नई दिल्ली।** दिल्ली में समर एक्शन प्लान के तहत शुरू की गई डीपीसीसी के विशेष अभियान के तहत 1280 औद्योगिक इकाइयों का निरीक्षण किया गया है। प्रदेश के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बताया कि इस ड्राइव के तहत डीपीसीसी के 7 सदस्यीय टास्क फोर्स को निगरानी कार्य में तैनात किया है। इसके साथ ही दिल्ली की सभी 1607 पंजीकृत औद्योगिक इकाइयों को पीएनजी में परिवर्तित कर दिया गया है। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बताया कि औद्योगिक प्रदूषण अभियान के तहत टास्क फोर्स ने 20 अप्रैल से अपना विशेष अभियान शुरू किया।

# बिल्डर की हत्या के आरोप में 2 नाबालिग धरे

## गिरफ्तार मुख्य आरोपी दो साल से करता था बिल्डर के घर काम

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● बदला लेने और जल्द पैसा कमाने के लिए दिया वारदात को अंजाम

राजधानी दिल्ली के अतिसुरक्षित इलाके सिविल लाइंस में बुजुर्ग बिल्डर राम किशोर अग्रवाल की हत्या के मामले में दिल्ली पुलिस ने दो नाबालिग लड़कों को पकड़ा है। मुख्य आरोपी दो साल पहले बिल्डर के घर में घरेलू सहायक के रूप में काम करता था, लेकिन चोरी के आरोप में उसे हटा दिया गया। वह अपने मालिक से बदला लेने के साथ-साथ जल्द रुपये कमाना चाहता था।



पुलिस ने कहा कि उसने अपने नाबालिग साथी के साथ एक मई को बिल्डर की हत्या कर दी। सैकड़ों सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की पड़ताल के बाद आरोपी का पता चला। रविवार की सुबह राम किशोर अग्रवाल का शव उनके बिस्तर पर मिला था और उन पर चाकू से वार किए गए थे। उन्होंने बताया कि नकदी से भरे कुछ गत्ते के डिब्बे भी गायब थे, जबकि वारदात स्थल से रसोई का एक चाकू और एक हेलमेट भी बरामद किया गया है। पुलिस ने दावा किया कि लूटे गए 10,37,000 रुपए, आभूषण और लूट की राशि से खरीदा गया मोबाइल फोन बरामद कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि चोरी की मोटरसाइकिल भी बरामद की गई है।



मांस की अवैध दुकानों को सील करते निगम कर्मचारी।

# उत्तरी निगम ने मांस की 14 अवैध दुकानों को किया सील

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● सदर, करोल बाग, रोहिणी, केशवपुरम, सिविल लाइन और नरेला में की कार्रवाई

उत्तरी दिल्ली नगर निगम ने गैर कानूनी रूप से चल रही मांस की दुकानों पर शिकंजा कस दिया है। बुधवार को उसने शहर सदर पहाड़गंज, करोल बाग, रोहिणी, केशवपुरम, सिविल लाइन और नरेला क्षेत्र में अवैध रूप से खुले मांस विक्रेताओं और अवैध मांस की दुकानों के खिलाफ कार्यवाई करते हुए 14 दुकानों के सील कर दिया। निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा मीट की अवैध बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए यह कार्रवाई व छापेमारी की।

उत्तरी निगम के अनुसार सदर पहाड़गंज क्षेत्र में नबी करीम में 3, कुरेश नगर में 3 और मिंटो रोड में 4 मांस की दुकानों, को सील किया गया। इसके साथ ही सिटी सदर पहाड़गंज में जेजे क्लस्टर दया बस्ती में अवैध मांस विक्रेताओं को हटाया। नरेला क्षेत्र के सिंघू गांव में 3 अवैध मीट की दुकानों को सील किया गया। करोलबाग में छापेमारी के दौरान 59 किलो चिकन और 5 पिंजरे व अन्य सामान जब्त किया गया। रोहिणी क्षेत्र में एक दुकान को सील करने के साथ साइकिल रिक्शा ट्रॉली, दो लोहे के पिंजड़े, तीन पीवीसी ड्रम को भी जब्त किया गया।

केशवपुरम 32 जिंदा मुर्गे, 2 बड़े पिंजड़े व अन्य सामान जब्त किया गया। इसके साथ ही खुले में अवैध मांस बेचने के लिए इस्तेमाल होने वाले 5-6 अस्थायी ढांचे को भी निगम द्वारा हटाया गया।

# महिला सशक्तिकरण : स्कूल छोड़ने वाली महिलाओं को मिलेगा दोबारा पढ़ाई का मौका

## नगरपालिका परिषद ने महिलाओं के ऐसे पहले स्कूल को 12वीं तक अपग्रेड करने का फैसला लिया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

स्वतंत्रता के 75 साल को आजादी के अमृत महोत्सव के रूप में पूरा देश मना रहा है। इस कड़ी में नई दिल्ली नगरपालिका परिषद महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक और कदम बढ़ाया है। उसने स्कूल छोड़ने वाली महिलाओं को दोबारा पढ़ाई करने का मौका देने के लिए ईस्ट किदवई नगर माध्यमिक स्कूल को जल्द 12वीं कक्षा तक अपग्रेड करने का फैसला लिया है।

इसका मकसद समाज के कमजोर वर्गों से संबंधित ड्रॉप-आउट लड़कियों के लिए शैक्षिक सुविधाएं प्रदान करना है खासकर जो पारिवारिक परिस्थितियों के कारण अपनी पढ़ाई छोड़ देती हैं। वर्ष 2022 में विद्यालय में पंजीकृत छात्राओं की कुल संख्या 242 है और इस विद्यालय में वर्ष 2021 में कक्षा 10 का परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। 30 अप्रैल, 2022 तक कक्षावार नामांकन के अनुसार, 66 छात्राएं 15 से 20 वर्ष के आयु वर्ग और 3 छात्राएं 20 से अधिक आयु वर्ग की पढ़ रही हैं।

इस स्कूल की शुरुआत 1990-91 में की गई थी। इसका उद्देश्य किसी भी कक्षा में स्कूल छोड़ने वाली छात्राओं की शिक्षा को फिर से शुरू करने की सुविधा प्रदान करना था। मौजूदा समय में इस स्कूल में कक्षा 10 तक की शिक्षा प्रदान की जाती है।



नई दिल्ली नगर परिषद के उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने बुधवार को स्कूल का दौरा करने के बाद कहा स्कूल का उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों से संबंधित पढ़ाई छोड़ चुकी लड़कियों को शैक्षिक सुविधाएं प्रदान करना है, खासकर उन लोगों के लिए जो पारिवारिक परिस्थितियों के कारण अपनी पढ़ाई छोड़ देते हैं। कई महिलाएं अपने परिवार की आय कम होने के कारण नौकरी करना शुरू कर देती हैं और उन्हें बीच में ही अपनी पढ़ाई छोड़नी पड़ती है। ऐसी लड़कियां जिनके माता-पिता आगे की पढ़ाई का खर्च नहीं उठा सकते हैं या जिन लड़कियों से अपने भाई-बहनों की देखभाल करने की अपेक्षा की जाती है, उनके लिए यह स्कूल बेहद महत्वपूर्ण है।

उपाध्याय के अनुसार यह स्कूल ऐसी महिलाओं को शिक्षा प्रदान करने के लिए शुरू किया गया था ताकि वे अपनी शिक्षा जारी रख सकें। स्कूल को सत्र 1994-95 से कक्षा 10 के स्तर पर अपग्रेड किया गया था। इसे जल्द ही कक्षा 12 तक अपग्रेड किया जाएगा। स्कूल उन लोगों को शैक्षिक सुविधाएं प्रदान करता है जो पहले ही रोजगार शुरू कर चुके हैं लेकिन अपनी शैक्षणिक योग्यता में सुधार करना चाहते हैं। उपाध्याय ने शिक्षा के क्षेत्र में यह अद्भुत कार्य करने के लिए शिक्षा विभाग की सराहना की। उन्होंने कहा कि समाज के प्रति हमारा कर्तव्य है कि हम लोगों को पढ़ाई के प्रति अपना नजरिया बदलने के लिए प्रेरित करें और जो लोग पढ़ना चाहते हैं उन्हें प्रोत्साहित करें।

# एसजीटी विवि के दीक्षांत समारोह में 928 छात्रों को दी डिग्रियां

### छह मई तक चलेगा एसजीटी का आठवां दीक्षांत समारोह

### दो मेधावी डॉक्टर्स को स्वर्ण पदक और डिग्री दी गई



बुढेड़ा स्थित एसजीटी विवि के दीक्षांत समारोह में डिग्री मिलने के बाद खुशी मनाते छात्र-छात्राएं। वरिष्ठ पत्रकार रेहान फैजल को डॉक्टरेक्ट की उपाधि देते डा. एसके सरीन, डॉ. संजय त्यागी, चांसलर पद्मश्री राम बहादुर राय।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**श्री गुरु** गोबिंद सिंह त्रिशताब्दी (एसजीटी) विश्वविद्यालय के आठवें दीक्षांत समारोह के पहले दिन बुधवार को 928 छात्रों को स्नातक, स्नातकोत्तर और डॉक्टरेट की उपाधियां प्रदान की गईं। विवि का यह दीक्षांत समारोह 6 मई तक चलेगा। वरिष्ठ पत्रकार रेहान फैजल को डॉक्टरेट की उपाधि दी गई। विश्वविद्यालय ने इस अवसर पर एमडी कार्यक्रम के दो मेधावी डॉक्टर्स को स्वर्ण पदक और डिग्री प्रदान की। दीक्षांत समारोह की शुरुआत गणमान्य व्यक्तियों लीवर और पित्त विज्ञान संस्थान के कुलपति डा. एसके सरीन, सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क ऑफ इंडिया चेन्नई के निदेशक डॉ संजय त्यागी, एसजीटी विश्वविद्यालय के चांसलर पद्मश्री राम बहादुर राय, चेयरपर्सन श्री दशमेश एजुकेशन ट्रस्ट श्रीमती मधुप्रीत कौर चावला, मैनेजिंग ट्रस्टी मनमोहन चावला, प्रो. विनोद कुमार, कुलपति, डॉ. जोगिंदर यादव, रजिस्ट्रार एसजीटी विश्वविद्यालय, शैक्षणिक परिषद के सभी सदस्यों के साथ, सभी संकाय के डीन मौजूद थे।

मुख्य अतिथि डॉ. एसके सरीन ने गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में एसजीटी विश्वविद्यालय के 8वें दीक्षांत समारोह की स्मारिका का विमोचन किया। डॉ. सरीन ने डिग्री प्राप्त करने वाले छात्रों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि दीक्षांत समारोह का दिन न केवल छात्रों के लिए, बल्कि उनके माता-पिता के लिए भी गर्व का दिन होता है। उन्होंने कहा कि आज डिग्री प्राप्त करने वाले प्रत्येक छात्र को खुद से वादा करना चाहिए कि वे जीवन भर सीखने की प्रक्रिया को नहीं रोकेंगे। उन्होंने कहा कि पढ़ाई से विद्यार्थी आने वाली चुनौतियों का डटकर मुकाबला कर कर सकते हैं।

उन्होंने बच्चों को कई उदाहरण दिए और यह समझाया कि किस तरह जीवन में आगे बढ़ने के लिए सीखने के महत्व को समझना चाहिए।

# ब्राह्मण समाज ने सदा दुनिया में फैलाया है ज्ञान का प्रकाश : एसपी बघेल

### केंद्रीय कानून एवं न्याय राज्यमंत्री ने गुरुग्राम में कही यह बात

### श्री शीतला माता मंदिर में मत्था टेक लिया आशीर्वाद

### भगवान परशुराम जयंती में शिरकत की, प्रसाद भी किया वितरित



गुरुग्राम में केंद्रीय कानून एवं न्याय राज्यमंत्री एसपी बघेल का सम्मान करते समाजसेवी व भाजपा से जुड़ी महिलाएं।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**केंद्रीय** कानून एवं न्याय राज्यमंत्री एसपी बघेल ने कहा कि ब्राह्मण समाज ने सदा दुनिया में ज्ञान का प्रकाश फैलाया है। अपने ज्ञान और तप के कारण वह विश्व गुरू कहलाए हैं। श्री बघेल ने ब्राह्मण समाज से आह्वान किया कि वह अपनी शिक्षा और दीक्षा को जन-जन तक पहुंचाएं। यह बात उन्होंने अक्षय तृतीया के पावन पर्व के उपलक्ष्य में ब्राह्मण वेलफेयर एसोसिएशन गुड़गांव द्वारा आयोजित भंडारे में प्रसाद वितरण के बाद अपने संबोधन में कही।

इस अवसर पर केंद्रीय कानून राज्यमंत्री एसपी बघेल ने विश्व प्रसिद्ध श्री शीतला माता के दर्शन किए और वहां उपस्थित कर्मकांडी ब्राह्मण आचार्य जय भगवान शर्मा, आचार्य राकेश गर्ग, हनुमत प्रसाद शास्त्री से आशीर्वाद भी लिया। राज्यमंत्री एसपी बघेल ने कहा कि भगवान परशुराम ने 21 बार दुराचारी राजाओं से इस धरती को मुक्त कराया था। अच्छे राजाओं को उन्होंने सिंहासन पर बैठाया। उनसे बड़ा कोई दानवीर नहीं हुआ। कार्यक्रम के आयोजक ब्राह्मण वेलफेयर एसोसिएशन अध्यक्ष अजय शर्मा ने आए हुए अतिथियों का स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। सभी को विश्वास दिलाया कि ब्राह्मण समाज अपनी नीतियों पर खरा उतरेगा।

इस अवसर पर श्री शीतला माता मंदिर के अधिकारी यज्ञदत्त शर्मा, इस अवसर पर करणी सेना की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वैशाली तोमर, कैनविन फाउंडेशन के संस्थापक डॉ. डीपी गोयल, प्रसिद्ध समाजसेवी राजकुमार त्यागी बादशाहपुर, ब्राह्मण विकास संगठन महासचिव सुरेंद्र शर्मा, जाट समाज की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. पुष्पा धनकड़, भाजपा महिला विंग अध्यक्ष सुमित्रा चौहान, जिला अध्यक्ष सुंदरी खत्री, क्राइम रिफॉर्मर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संदीप कटारिया, समाजसेवी अधार कादियान, ऑटो यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष योगेश शर्मा, बीके शर्मा, शीतला मंडल अध्यक्ष कमलेश सैनी, डॉ. स्वाति सिंह, श्राइन बोर्ड की पूर्व सदस्य योगिता धीर, भाजपा नेता प्रदीप बाल्मीकि, ब्राह्मण वेलफेयर एसोसिएशन महिला विंग कार्यकारी अध्यक्ष चंदा शर्मा, गीता वासु, पंकज पाठक, अनिल शर्मा नाथूपुर, कृष्ण शर्मा दौलताबाद, अन्नू यादव, दयाचंद प्रजापत, पंकज शौकीन, संजय वत्स, ओमप्रकाश सोनी आदि मौजूद रहे।

## हरियाणा में मौसम ने बदली करवट

# तेज बारिश के साथ ओलावृष्टि, तापमान में 10 डिग्री तक गिरावट



पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

हरियाणा में मौसम ने करवट ली है। दोपहर बाद कई जगहों पर तेज बारिश शुरू हो गई। बारिश के साथ कुछ एक जगह ओले गिरे हैं। वहीं कई जगह बादल छाए हुए हैं और ठंडी हवाएं चल रही है। मौसम में बदलाव के चलते तापमान में भी 5 से 10 डिग्री तक गिरावट आई है। भीषण गर्मी झेल रहे हरियाणा के लोगों को बुधवार को बारिश ने राहत दी है। दोपहर बाद तीन बजे अचानक मौसम बदला और आसमान में बादल छा गए। इसके कुछ देर बाद बारिश शुरू हो गई। फरीदाबाद, गुरुग्राम, दिल्ली समेत कुछ हिस्सों में बारिश के साथ ओलावृष्टि भी हुई। वहीं सोनीपत, अंबाला, पंचकूला और रेवाड़ी में बादल छा गए हैं। यहां भी बारिश होने के पूरे आसार बने हुए थे।

चौधरी चरणसिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के मौसम विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ ने कहा कि रात में कैथल, करनाल, कुरुक्षेत्र, अंबाला, यमुनानगर, सोनीपत, पानीपत, फरीदाबाद, पलवल, हिसार, जींद, भिवानी, चरखी दादरी जिलों और आसपास के क्षेत्रों में तेज ठंडी हवाएं चलने व कुछ एक स्थानों पर गरजचमक के साथ छिटपुट बूंदाबांदी या हल्की बारिश होने की संभावना रहेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### बिजली आपूर्ति बढ़ाने की मांग पर आम आदमी पार्टी ने सौंपा ज्ञापन



गुरुग्राम में बिजली की किल्लत को लेकर एसडीएम अंकिता चौधरी को ज्ञापन सौंपते आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता।

**गुरुग्राम।** बिजली की किल्लत को लेकर बुधवार को आम आदमी पार्टी ने सरकार को घेरा है। सरकार से सवाल किया है कि 24 घंटे बिजली देने की घोषणाएं सरकार ने किस आधार पर की थी। सरकार बिजली सरप्लस होने की बात कहती रही है लेकिन अब सारी हकीकत सामने आ गई है। बिजली किल्लत को लेकर ही आप कार्यकर्ताओं ने एसडीएम अंकिता चौधरी के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपकर इसमें सुधार की मांग की है। आप यूथ हरियाणा प्रभारी दीपक जैन ने कहा कि देश-प्रदेश में केंद्र की भाजपा सरकार ने वादा किया था कि वह 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराएंगे। अगर हरियाणा की बात करें तो प्रदेश में बिजली के हालात चिंताजनक हैं। इन दिनों 24 घंटे में से 12 से 15 घंटे बिजली काटी जा रही है। हर एक घंटे के बाद दो घंटे बिजली के कट लग रहे हैं। दूसरी तरफ गर्मी उफान पर है। लोगों की परेशानी बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने बिजली संकट दूर करने को लेकर कोई कार्य नहीं किया है। रेट बढ़ने के बावजूद सरकार बिजली उपलब्ध कराने में नाकामयाब हो रही है। सरकार उद्योगपतियों के साथ हुए एग्रीमेंट को भी लागू नहीं कर पाई है। आप कार्यकर्ता अभय जैन एडवोकेट, आप यूथ साउथ हरियाणा अध्यक्ष धीरज यादव, गुरुग्राम जिला युवा अध्यक्ष रुस्तम चौहान ने कहा कि हरियाणा में अडानी के साथ बिजली समझौता 1440 मेगावाट 25 साल के लिए था। आज ये उद्योपगति बिजली सप्लाई ना देकर अपनी मनमानी कर रहे हैं। हरियाणा को अंधेरे में छोड़ रखा है। प्रदेश की खट्टर सरकार, देश की मोदी सरकार बिजली उपलब्ध कराने पर चर्चा तक नहीं करती। बिजली के रेट बढ़ने से मध्यम वर्ग की कमर टूट चुकी है और वह लगातार गरीबी रेखा से नीचे जा रहा है। भाजपा सरकार को 2014 में किए गए अपने वायदों को याद करना चाहिए। महामहिम राष्ट्रपति से आगह किया है कि सरकार को 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराने के निर्देश दें। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला युवा उपाध्यक्ष भूपेंद्र शर्मा पहलवान, एडवोकेट समीर महला, पारस जुनेजा, प्रेम यादव, माइकल यादव सैनी, सुशांत दौलताबाद, दिनेश कुमार, सोनू कुमार, कर्मवीर बोकन, गौरव टांक, दीपक कटारिया समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### जींद में पुलिसकर्मियों पर पथराव और फायरिंग, चार जवान घायल

**जींद।** हरियाणा में जींद जिले के पीपलथा गांव में संदिग्ध व्यक्तियों की तलाश में पहुंचे पुलिसकर्मियों पर सोमवार देर रात पथराव और फायरिंग भी की गई। पुलिस ने भी आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग। इस पथराव में चार पुलिस कर्मियों को मामूली चोटें आईं और गढ़ी थाना प्रभारी की गाड़ी के शीशे टूट गए। हमले की सूचना मिलते ही सहायक पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह अतिरिक्त पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घिरे हुए पुलिस कर्मियों को बाहर निकाला। गढ़ी थाना पुलिस ने घायल एएसआई की शिकायत पर 13 लोगों को नामजद कर 30 अन्य के खिलाफ जानलेवा हमला करने, छीनाझपटी करने, शस्त्र अधिनियम, तोड़फोड़ करने, सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### नाबालिग लड़की से दुष्कर्म मामले में आशावर्कर सहित एक नामजद

**होडल।** होडल थाना पुलिस ने एक नाबालिग लड़की की शिकायत पर एक महिला सहित दो के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 17 वर्षीय एक युवती ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि लगभग पांच साल पहले उसके माता-पिता का निधन हो गया था। उसने बताया कि उसके पड़ोस में एक आशा वर्कर रहती है उसका उसके घर पर आना-जाना है। युवती ने पुलिस को बताया कि उस आशा वर्कर ने उसकी पहचान एक अरूण युवक से करा दी जो कि अरूण 2 जनवरी को हमारे घर में जबरदस्ती घुस आया और उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। जब महिला ने पुलिस में शिकायत करने की बात कहीं तो आशा वर्कर व अरूण ने उसे जान से मारने की धमकी दी। युवती ने पुलिस को बताया कि अरूण ने उसे धमकी देकर उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। युवती ने बताया कि आशा वर्कर ने अन्य लोगों को भी उसका फोन नंबर दे दिया और वह उसके फोन कर फोन पर अश्लील बातें करते। पीड़ित ने आपबीती अपने चचेरे भाई को बताई और मामले की शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने पीड़ित युवती की शिकायत पर आशा वर्कर सहित अरूण के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर लिया है। मामले में आशा वर्कर व अरूण पुलिस की गिरफ्त से बाहर बताए जा रहे हैं।

### रुपये दिए बगैर पेट्रोल पंप से पेट्रोल-डीजल लेकर फरार

**होडल।** गांव मितरौल नेशनल हाइवे पर पेट्रोल पंप पर गाड़ी सवारों द्वारा हजारों रुपये का पेट्रोल व डीजल लेकर रुपये दिए बगैर भाग जाने का मामला प्रकाश में आया है। पेट्रोल पंप मालिक ने मामले की शिकायत मुडकटी थाना पुलिस को दी है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। पुलिस से मिली जानकारी में अनुसार गांव हुकीथल थाना हथीन निवासी दीपक ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि उसने नेशनल हाइवे गांव मित्तरौल के निकट पेट्रोल पंप खोला हुआ है। उसने बताया कि पेट्रोल पंप पर एक गाड़ी आई उसमें सवार लोगों ने पहले तो गाड़ी की टंकी डीजल से फुल करा ली और उसके बाद गाडी में पीछे रखी कट्टियों में पेटोल और डीजल भरा लिया। उन्होंने बताया कि कट्टियों में पेट्रोल-डीजल भरने के बाद जैसे ही सेल्समैन पैसे लेने गाड़ी में आगे पहुंचा तो गाड़ी सवार रुपये दे बगैर गाड़ी को भगा ले गए। उन्होंने पुलिस को बताया कि सेल्समैन गाड़ी का नंबर भी नहीं ले सका। पीडित पेट्रोल पंप मालिक ने बताया कि गाड़ी सवार उनके पेट्रोल पंप से 36114 रुपये का पेट्रोल-डीजल लेकर फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर गाड़ी सवारों के तलाश शुरू कर दी है।

# पीपल को धरोहर के रूप में संरक्षित करना जरूरी

### पीपल इकलौता ऐसा पेड़ है जो 24 घंटे ऑक्सीजन देता है



सेक्टर-7 में पीपल के पेड़ के आसपास पहले व अब की तस्वीर दिखाती मिसेज हरियाणा-2018 रितु कटारिया।

**गुरुग्राम।** परिवर्तन-एक प्रयास संस्था की ओर से यहां सेक्टर-7 में पीपल के पेड़ के आसपास साफ-सफाई करवाई और पेड़ के चबूतरे को पक्का करवाया। संस्था की ओर से इससे पहले सेक्टर-4/7 और सेक्टर-5 के चौराहे को भी दुरुस्त किया जा चुका है। संस्था के कार्यों की तारीफ लोग कर रहे हैं।

परिवर्तन-एक प्रयास संस्था की अध्यक्ष एवं मिसेज हरियाणा-2018 रितु कटारिया ने इस अवसर पर कहा कि बताया कि पीपल का वृक्ष प्राण वायु का मुख्य स्रोत है, जो हमें 24 घंटे शुद्ध हवा देता है। ऐसे बहुत कम वृक्ष होते हैं। रितु कटारिया ने बताया कि पीपल का वृक्ष ऐसा वृक्ष है, जिसमे सभी देवी देवता व भगवान निवास करते हैं। जिस कारण ये प्राचीन काल से ही पूजनीय रहा है। हम प्रयास करेंगे कि गुरुग्राम के प्रत्येक पीपल के वृक्ष के आसपास स्वछता और सुंदरता बना सकें, ताकि जनता को भी इसके पास आने का आंनद प्राप्त हो। पीपल के वृक्ष हमारी धरोहर होते हैं, इन्हें बचाने के लिए अभियान जारी रहेगा। संस्था के संस्थापक धर्मवीर हिंदुस्तानी ने बताया कि हमारे पास अगर पर्याप्त फंड हो तो हम गुरुग्राम का नक्शा बदल सकते हैं।

अगर आम जनता हमें सहयोग करे तो गुरुग्राम मे परिवतन की क्रांति ला सकते हैं। परिवर्तन के स्तर प्रचारक भाविका हिन्दुस्तानी और पार्थ हिन्दुस्तानी ने बताया कि वे रोज यहां से स्कूल जाते हैं तो कई बार यहां की हालत देखी है। इसलिए इसे ठीक कराकर यहां की ब्यूटीफिकेशन किया गया है। सह-सचिव अंकित सिंह ने बताया कि संस्था उन्हीं कार्यों को करती है जो देश, समाज के हित में हों। इस अवसर पर रवि छापोलाल, जगभूषण गुप्ता, पद्म सिंह समेत कई लोग मौजूद रहे।

### हरियाणा में बीजेपी का 21 दिवसीय महासंपर्क अभियान आज से

**गुरुग्राम।** जनता की भावनाओं को समझने और उस तक पहुंचने का कोई भी मौका भारतीय जनता पार्टी नहीं चूकती। इस बार तो मोदी सरकार के आठ साल पूरा होने के अवसर को ही पार्टी ने पब्लिक के नजदीक पहुंचने का माध्यम बनाने का न केवल फैसला किया, बल्कि 21 लाख परिवारों की भावना जानने और मोदी सरकार की योजनाओं से जोड़ने की तैयारी बड़ी ही योजनाबद्ध है। बीजेपी का 21 दिवसीय महासंपर्क अभियान गुरुवार से शुरू हो रहा है। इसमें भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता तो जुटेगा ही, खुद मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष भी 100-100 लोगों से संपर्क करेंगे। ओमप्रकाश धनखड़ ने इस अभियान का नाम-जनसेवा के आठ साल-100 से संपर्क दिया गया है। अभियान के पहले चरण में 5 से 25 मई तक मंत्री, सांसद, विधायक आदि के अलावा प्रदेश इकाई और जिला इकाई के पदाधिकारी जनसंपर्क कर अपने-अपने स्तर पर 100-100 लोगों से संपर्क करेंगे। भाजपा हरियाणा के सह मीडिया प्रमुख अरविंद सैनी का कहना है कि केंद्र सरकार और हरियाणा सरकार तो लगातार जनकल्याण के कार्य कर ही रही है।

# बच्चों के सपनों को पूरा करने में सहयोगी बनें माता-पिता : नवीन गोयल

### डांस दीवाने जूनियर्स की अलीना रॉकस्टार को किया गया सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



सेक्टर-5 स्थित डीपीएस इंटरनेशनल स्कूल में डांस दीवाने जूनियर्स की फाइनल में पहुंची गुरुग्राम की बेटी अलीना रॉकस्टार को सम्मानित करते नवीन गोयल।

**कलर्स** टीवी चैनल पर प्रसारित डांस दीवाने जूनियर्स में गुरुग्राम की बेटी अलीना रॉकस्टार के फाइनल में पहुंची। उसकी इस उपलब्धि पर बुधवार को दिल्ली पब्लिक स्कूल इंटरनेशनल सेक्टर-5 में अलीना का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल मुख्य अतिथि रहे। इस दौरान विद्यालय के प्रबंध निदेशक नरेंद्र सिंह समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

यहां अलीना को सम्मानित करते हुए उन्होंने कहा कि अलीना ने इस उपलब्धि से अपने परिवार ही नहीं, गुरुग्राम का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि ने अपनी प्रतिभा के बल पर इस राष्ट्र स्तर के कार्यक्रम में खुद को साबित किया है। उन्होंने हर माता-पिता को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपने बच्चों की प्रतिभा को पहचानें। उन्हें उचित मार्गदर्शन व मंच दें। उनके हौंसले रूपी पंखों को फैलने दें। उन्हें अपने टैलेंट को उजागर करने दें।

अक्सर हमारे वजह से ही बहुत सी प्रतिभाएं दब कर रह जाती हैं। हर माता-पिता अपने बच्चों को उनकी मर्जी के वह काम करने दें, जिसमें उनकी रुचि हो। चाहे खेल हो या गीत, संगीत, नृत्य। हर क्षेत्र में आज हमारे बच्चों का बोलबाला है। अलीना ने गुरुग्राम को एक नई पहचान दी है। इससे पहले भी गुरुग्राम से कई प्रतिभाएं निकली हैं, जो कि बॉलीवुड में नाम चमका रहे हैं। उन्होंने अलीना के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उसे पुरस्कृत किया।

इस अवसर पर स्कूल की प्राचार्या अपर्णा, संचालक रोबिन मास्टर जी, भारती, रिया यादव, ऊषा यादव, सुंदर लाल सिंगला, बाली पंडित, रतनलाल गुप्ता, विरेंद्र गर्ग, रजनीश राठी, संतोष ठाकुर, रमेश धनखड़, सतीश चैंपियन, धर्मेंद्र शर्मा, नारी शक्ति की संचालिका मीना गर्ग समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# क्या आपने साथी के खर्राटों से रात भर परेशान रहते हैं?

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



**आप** सदैव थके हुए जाग सकते हैं या आपकी निद्रा अपूर्ण रह सकती है या फिर आप गुणवत्तापूर्ण निद्रा नहीं ले पा रहे हैं। आपका साथी हर समय थका हुआ जाग सकता है क्योंकि वह पूर्ण विश्राम प्राप्त नहीं कर पा रहा है (शायद इसका का कारण उसे चुप कराने के लिए बार बार कोहनी का आघात करना भी हो कता है)।

यदि आपका साथी इस मुद्दे को गंभीरता से नहीं लेता है या समाधान खोजने का प्रयास नहीं करता है तो ऐसे में दोनों पक्षों में आक्रोश उत्पन्न हो सकता है। आपको अपने साथी के प्रकरण में दीर्घावधि से जारी निद्रा प्रवृत्ति, स्थिति या क्रम के संदर्भ में गम्भीरता से विचार करना होगा। इस स्थिति में उसका एक विशेषज्ञ से परीक्षण कराएं। जिससे अपूर्ण निद्रा का समुचित अध्ययन हो तथा खर्राटों की गम्भीरता ज्ञात हो सके। इसके समस्या की वृद्धि का एक अन्य कारण ये भी है कि अधिकांश लोग निद्रा सबंधी विशेषज्ञों की तुलना में पहले समस्या में वैवाहिक परामर्शदाता अथवा फिजियन से संपर्क करना बेहतर समझते हैं। जबकि इसका निदान सर्वप्रथम घर से प्रारम्भ करना सर्वोत्तम है।

डॉ अंशुम अनेजा अरोड़ा, सीनियर कंसलटेंट पुलमोनोलॉजी एंड स्लीप मेडिसिन, व प्रतीक्षा हॉस्पिटल एंड एरो हेल्थ नेत्र और लंग सेंटर, गुरुग्राम बताती है खर्राटों के पीछे का विज्ञान स्लीप एपनिया के तहत प्रमुख रूप से कैस्केड की समस्या है। स्लीप एपनिया तब होता है जब आपका गला बंद हो जाता है और सांस रुक जाती है और रात भर बार-बार शुरू होती है। यह संभावित रूप से गंभीर नींद और स्वास्थ्य की स्थिति है, हालांकि हल्के से लेकर यह खतरनाक सीमा तक होती है। प्राथमिक खर्राटे बिना किसी एपनिया, या सांस की समाप्ति के क्लासिक लाउड अपर एयरवे ब्रीदिंग साउंड हैं। पहले स्लीप एपनिया के लक्षण देखें। इसका उन्मूलन करने या निदान प्राप्त करने का प्रयास करें, क्योंकि जब आप जानते हैं कि आप किसके साथ काम कर रहे हैं, तो आगे बढ़ना आसान होगा। निम्नलिखित प्रश्न आपकी मदद कर सकते हैं,

# पटौदी में डिग्री कॉलेज को मिली मंजूरी, सेक्टर-1 में बनेगा कालेज

### मुख्यमंत्री ने विधायक की मांग पर पटौदी में गत वर्ष 13 नवंबर को की थी घोषणा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**जिला** के पटौदी क्षेत्र में डिग्री कॉलेज की बहुप्रतीक्षित मांग अब पूरी होने जा रही है। इसके लिए सभी विभागीय औपचारिकताओं को पूरा करते हुए शिक्षा विभाग की ओर से मंगलवार को मंजूरी दे दी गई है। शिक्षा विभाग द्वारा मिली मंजूरी के तहत पटौदी के हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के सेक्टर एक में करीब पांच एकड़ क्षेत्रफ्ल पर इसका निर्माण किया जाएगा।

पटौदी के विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने यह जानकारी सांझा करते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल व शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुर्जर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार के इस निर्णय से क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर है। उन्होंने बताया कि पटौदी क्षेत्र में डिग्री कॉलेज की स्थापना से पटौदी व आसपास के क्षेत्र युवाओं को इसका सीधा लाभ मिलेगा। श्री जरावता ने कहा कि अब क्षेत्र की युवा शक्ति खासकर क्षेत्र की बेटियों को उच्च शिक्षा के लिए गुरुग्राम या रेवाड़ी जाने के आवश्यकता नही होगी। श्री जरावता ने बताया कि 13 नवंबर 2021 को जब मुख्यमंत्री मनोहर लाल पटौदी में आश्रम हरि मंदिर के संचालक महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव के षष्ठिपूर्ति महोत्सव में शिरकत करने आये थे। तब उन्होंने क्षेत्र के लोगों की इस मांग को उनके समक्ष रखा था। मुख्यमंत्री ने लोगों की जनभावनाओं का सम्मान करते हुए मौके पर ही इसकी घोषणा की थी।

# बजाज फाइनैंस लिमिटेड ने भुगतान संबधी स्थिति को स्पष्ट किया

पायनियर समाचार सेवा। पुणे

**हमें** इस बात की जानकारी मिली है कि, सोशल मीडिया चैनलों पर लोगों के बीच गलतफहमी पैदा करने वाले और हमारी प्रतिष्ठा को नुक़सान पहुंचाने वाले एक वीडियो का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इसमें एक उदाहरण के तौर पर दिखाया गया है कि, ईएमआई भुगतान निर्देश का पालन करने के लिए ग्राहक के खाते में पर्याप्त रकम नहीं होने की वजह से बैंक द्वारा ग्राहक के बैंक खाते पर बाउंस शुल्क लगाया गया, और इसमें दुर्भावना के इरादे से यह दिखाया गया कि बजाज फाइनैंस लिमिटेड द्वारा गलत तरीके से यह शुल्क वसूल किया गया है।

ध्यान देने वाली बात यह है कि, बजाज फाइनैंस लिमिटेड ने सिर्फ ग्राहक द्वारा प्रदान किए गए भुगतान निर्देश को प्रस्तुत किया है। ग्राहक के भुगतान निर्देशों का पालन नहीं होने पर, बैंक द्वारा 13 अप्रैल, 2022 को कई महीनों का बाउंस शुल्क एक साथ लगाया गया था। हम इस बात को स्पष्ट करना चाहते हैं कि, भुगतान निर्देशों का पालन नहीं किए जाने के संबंध में ग्राहक द्वारा किसी भी ईएमआई का भुगतान नहीं करने पर बजाज फाइनैंस लिमिटेड की ओर से बाउंस शुल्क लिया जाता है। हालांकि, अपवाद के तौर पर और ग्राहकों के प्रति सेवा भाव के रूप में, बजाज फाइनैंस की ओर से ग्राहक के लोन अकाउंट से संबंधित बाउंस शुल्क माफकर दिए गए हैं। एजेंसी के कर्मचारियों द्वारा किसी भी तरह के गलत आचरण या कदाचार की बात की जाए तो बजाज फाइनैंस लिमिटेड अपनी एजेंसी, एजेंसी के कर्मचारियों द्वारा किसी भी गलत आचरण या कदाचार को न तो बढ़ावा देता है और न ही ऐसी गतिविधियों को बर्दाश्त करता है। कंपनी के पास एजेंसी/एजेंसी के कर्मचारियों के संबंध में आचरण नियमावली मौजूद है, तथा आचरण नियमावली का किसी भी प्रकार से उल्लंघन करने पर एजेंसी के खिलाफ़ सख़्त कार्रवाई की जाती है। मौजूदा मामले में भी एजेंसी का व्यवहार हमारे द्वारा स्वीकृत आचरण नियमावली के अनुरूप नहीं है, और इसी कारणवश बजाज फाइनैंस लिमिटेड द्वारा एजेंसी के साथ समझौते को रद्द कर दिया गया है। ग्राहकों और आम जनता से अनुरोध करते हैं कि, वे सोशल मीडिया पर दिखाए जाने वाले इस तरह के वीडियो से सावधान रहें, तथा ऐसे गैर-अधिकृत व्यक्तियों, /चैनलों द्वारा चलाई जा रही किसी भी मनगढ़ंत वीडियो पर ध्यान नहीं दें।

# बढ़ती महंगाई में बढ़े पानी के दाम ने किया हलकान


**कविता।** फरीदाबाद

### लगातार हो रही बिजली कटौती के कारण बढ़ गए पानी के दाम

**जिले** में बिजली के लम्बे कट और पेट्रोल व डीजल के बढ़ते दामों का असर जहां एक तरफ उद्योगा धंधों के साथ साथ मध्यम वर्गीय और गरीब तबके के परिवारों पर पड़ रहा था।

वहीं अब इसका असर पीने के पानी पर भी देखने को मिल रहा है। शहर में मौजूद पेयजल के अवैध अथवा वैध विक्रेताओं ने पीने के पानी के दामों में बढ़ोतरी कर दी है। आम जनता का कहना है कि स्थिति अब आमदनी अठनी, खर्चा रुपया वाली हो गई है। बिजली के कट के कारण लोग पानी के लिए पहले ही तरस रहे थे।

निगम द्वारा सप्लाई किया जाने वाला पानी पीने योज्य न होने से लोगों को पेयजल खरीद कर पीना पड़ रहा था। लेकिन अब पानी भी सब्जियों, पेट्रोल, डीजल और राशन के दामों की तरह बढ़ना शुरू हो गया है। पानी के दामों में पांच से दस रुपये की बढ़ोत्तरी कर दी गई है। पेयजल के दाम बढ़ने का असर लोगों की जेब में पड़ रहा है।


सेक्टर-24 में मौजूद झुग्गी निवासी टैंकर से पानी भरते हुए।

**बढ़ रही मंहगाई :** देशभर में पेट्रोल डीजल के दाम बढ़ने के कारण मंहगाई ने लोगों की कमर तोड़ कर रख दी है। वहीं दूसरी तरफ इसके कारण जहां राशन से लेकर सब्जियों और गैस के दामों में भी बढ़ोतरी हो गई है। ऐसे में पहले ही मंहगाई की मार झेल रहे लोगों को ऑटो का किराया दोगुना होने के कारण परेशानी हो रही थी। वहीं अब एक बार भी लोगों की जेब पानी सप्लायरों ने ढीली करवा दी है। उन्होंने पानी के दाम बढ़ा दिए है।

**10 के बजाय 20 रुपये :** कालोनियों में चल रहे प्लांटो से लाकर लोगों के घरों में पानी सप्लाई करने वालों ने पानी के दामों में पांच से दस रुपये की बढ़ोत्तरी कर दी है। जो 20 लीटर की बोतल पहले 15 रुपये में भरी जाती थी। वहीं अब 20 रुपये की कर दी गई है। कुछ इलाकों में पानी के रेट बढ़ने से लोग परेशान है। उनका कहना है कि पहले ही मंहगाई बढ़ रही है, वहीं अब पानी के दाम बढ़ने से घर चलाना मुश्किल हो गया है।

**हो रही मुश्किल :** लोगों का कहना है कि बिना पानी के कुछ नहीं है। क्योंकि पानी के बिना जीवन जीना कठिन है। ऐसे में बढ़े हुए पानी के दामों के कारण परेशानियां झेलनी पड़ रही है। वहीं बिजली कट से नगर निगम की सप्लाई वाला पानी भी नहीं आ रहा है। ऐसे में पानी खरीदकर जरूरत को पूरा किया जाता है। दाम बढ़ने से बूंद-बूंद पानी को तरसने को मजबूर हो रहे हैं।

# मंझावली पुल बनने से रिश्ते होंगे मजबूत

### विधायक राजेश नागर ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को क्षेत्र की मांगों से करवाया परिचित

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को अपना ज्ञापन सौंपते विधायक राजेश नागर।

**तिगांव** के भाजपा विधायक राजेश नागर ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के सामने अपने क्षेत्र की समस्याओं को उठाया। उन्होंने देरी से बन रहे मंझावली पुल को जल्द बनवाने की मांग की जिससे कि फरीदाबाद और नोएडा की कनेक्टिविटी में और देरी न हो।

विधायक राजेश नागर ने गडकरी को बताया कि मंझावली में यमुना पर बन रहा पुल फरीदाबाद खासकर ग्रेटर फरीदाबाद के लोगों के लिए बहुत बड़ी उम्मीद है लेकिन इसमें किन्हीं कारणों से निरंतर देरी हो रही है। जिससे लोगों का इंतजार लम्बा हो चला है। उन्होंने कहा कि इस पुल के बन जाने से फरीदाबाद और नोएडा के आपस में पारिवारिक और व्यापारिक दोनों प्रकार के रिश्ते मजबूत होंगे। जिसका लाभ सभी को होगा। जेवर में एयरपोर्ट के बाद तो अब लोगों की इच्छाएं और तेज हो रही हैं। इसलिए इसे जल्द से जल्द बनवाया जाए। विधायक राजेश नागर ने केंद्रीय मंत्री को याद दिलाया कि फरीदाबाद के शहाजहांपुर में यमुना पर एक और पुल बनाने बारे में मंत्रालय की सहमति बन गई थी। इसे भी जल्द शुरू करवाया जाए। यमुना पर तीन चार पुल बन जाने से न केवल उत्तर प्रदेश और हरियाणा के संबंध आपस में मजबूत होंगे वहीं किसी एक पुल पर ज्यादा दबाव भी नहीं पड़ेगा। इसके साथ ही फरीदाबाद बायपास के साथ बन रहे दिल्ली वडोदरा एक्सप्रेसवे पर मोहना-चंदावली क्रासिंग पर एलिवेटेड सेक्शन बनवाने की मांग भी विधायक ने केंद्रीय मंत्री के समक्ष रखी।

उन्होंने अपनी मांगों के संदर्भ में मंत्री को एक ज्ञापन भी सौंपा और जनहित में एनएचएआई अधिकारियों को जल्द निर्देश दिए जाने की मांग की। विधायक ने बताया कि फिलहाल एनएचएआई इस क्रासिंग को बंद करने पर अडा है, वहीं अंग्रेजों के समय के बने पुल को भी बंद करने की बात कर रहा है। जिससे लोगों, खासकर छोटे बच्चों को कई किलोमीटर का लंबा चक्कर काटकर स्कूल जाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा क्योंकि स्कूल और गांव हाइवे के पूर्वी एवं पश्चिमी दिशा में हैं। वहीं इस रोड से फरीदाबाद के करीब 80 गांव के लोग भी गुजरते हैं जो कि रास्ता बंद होने के बाद काफी परेशानियों से दो चार होंगे। विधायक राजेश नागर ने बताया कि केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने उनकी सभी मांगों को ध्यान से सुना और उन पर प्राथमिकता से काम करने का आश्वासन दिया।

# धरनारत लोगों ने थ्रीव्हीलर शांति मार्च निकाला

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


नगर निगम के खिलाफ चल रहे धरने के दौरान थ्रीव्हीलर शांति मार्च निकालते अनशनकारी बाबा रामकेवल, आप नेता ओमप्रकाश वर्मा, समाजसेवी संजय पांचाल व अन्य।

**जीवन** नगर पार्ट टू की सीवर लाईन में डालने में हुई अनियमितताओं को लेकर 11 दिन सोहना रोड़ पीएनबी बैंक से सेक्टर-55 टी प्वाईंट तक थ्रीव्हीलर शांति मार्च निकाला गया। थ्रीव्हीलर मार्च का नेतृत्व संजय पांचाल व अनशनकारी बाबा रामकेवल ने किया।

इस थ्रीव्हीलर मार्च को आम आदमी पार्टी के मेयर पद के भावी उम्मीदवार ओमप्रकाश वर्मा, स. प्रीतपाल सिंह, समाजसेवी अभिषेक गोस्वामी, इनेलो नेता शशिकांत, युवा नेता राजवीर गुरदासपुरिया, मनीराम भड़ाना, पूर्व पार्षद दयाशंकर गिरी ने अपना समर्थन दिया। आप नेता ओमप्रकाश वर्मा ने कहा कि जहां-जहां घोटालों को लेकर जिले में धरना-प्रदर्शन किया जाएगा, वहां-वहां आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता उन्हें अपना समर्थन देगें। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के एक ही उद्देश्य है भ्रष्टाचार मुक्त शासन देना। फरीदाबाद नगर निगम घोटालों की जननी बन गया है।

# नूपुर रिसायकलर्स को करोड़ों का टर्नओवर हासिल

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

### शुद्ध लाभ 18.87 करोड़ रुपये का है

**अलौह** धातु स्क्रैप रीसायक्लिंग उद्योग में एक स्थापित कंपनी, नूपुर रिसायकलर्स लिमिटेड ने 31 मार्च, 2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए अपने ऑडिट किए गए वित्तीय परिणाम प्रकाशित किए। वित्त वर्ष 2021-22 में, कंपनी ने 163.17 करोड़ रुपये से अधिक का टर्नओवर हासिल किया है, जिसमें उसका शुद्ध लाभ 18.87 करोड़ रुपये का है।

कर देने के बाद शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2020-21 में 10.00 करोड़ रुपये था, जो वित्त वर्ष 2021-22 में बढ़कर ?18.87 करोड़ हो गया। वित्त वर्ष 2020-21 में टर्नओवर 104.97 करोड़ रुपये था, जो वित्त वर्ष 2021-22 में बढ़कर 163.17 करोड़ रुपये हो गया, जो लागत को नियंत्रण में रखते हुए व्यवसाय के सावधानीपूर्वक और कुशल प्रबंधन को प्रदर्शित करता है। नुपुर रिसायकलर्स के संस्थापक और सीईओ राजेश गुप्ता वित्त वर्ष 21-22 के वार्षिक आंकड़े साझा करते हुए बेहद उत्सुक थे, उन्होंने कहा, वित्तीय वर्ष 21-22 उपलब्धि का वर्ष है क्योंकि कंपनी ने अपना पहला आईपीओ किया था।

पीएटी मार्जिन में साल-दर-साल 88.62 प्रतिशत की वृद्धि के साथ, हम चालू वित्त वर्ष में वृद्धि करने के लिए काफी आशावादी हैं। हमारे हितधारक और आपूर्ति श्रृंखला में अन्य भागीदार हमारी वास्तविक ताकत हैं और हम उनके लिए और मेहनत करना जारी रखेंगे।

चालू वित्त वर्ष के दौरान कंपनी की भावी विस्तार योजनाओं पर जानकारी देते हुए, गुप्ता ने आगे कहा, कंपनी ने बीआरएसआर (बिजनेस रिस्पॉन्सिबिलिटी एंड सस्टेनेबिलिटी रिपोर्टिंग) फॉर्मेट के अनुरूप एक प्रभावी ईएसजी फ्रेमवर्क बनाने की दिशा में लगातार काम करने के लिए, पहले से ही गो ग्रीन एनवायरमेंट को अपना लिया है। हम पर्यावरण के अनुकूल तरीके से जस्ता, तांबा, निकल आदि निकालने के लिए हाइड्रोमेटैलर्जी संयंत्र का अधिग्रहण करने की उत्सुकता से प्रतीक्षा कर रहे हैं। हम ई-वेस्ट कंपनियों में नियंत्रित हिस्सेदारी की भी उम्मीद कर रहे हैं। कंपनी ने पहले ही हितधारकों के हितों का ध्यान रखते हुए पर्यावरण को सुरक्षित रखने की शपथ ले रखी है।

# कामयाब रही परवाज-ए-गजल बज्म-ए-सुखन


डीएवी कालेज में आयोजित परवाज-ए-गजल कार्यक्रम में मुख्य अतिथि को गजल का संग्रह भेंट करते संस्था के महासचिव डॉ. एसएन भरद्धाज।

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**डीएवी** शताब्दी कॉलेज में परवाज़-ए-गजल के तत्वावधान में बज्म-ए-सुखन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम अध्यक्ष उस्ताद शाइर आ. गोविंद गुलशन, मुख्य अतिथि आ. चेतन आनंद तथा विशिष्ट अतिथि आ. प्रमोद कुमार कुश की गौरवमयी उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ आ. पूनम रजा की सरस्वती वंदना के साथ हुआ। संस्था अध्यक्ष आ. अजय अज्ञात द्वारा संस्था की उपलब्धियों, रूपरेखा एवं क्रियान्वयन पर प्रकाश डाला गया।

संस्था द्वारा आ. गोविंद गुलशन जी को दुर्र-ए-नायाब सम्मान स्मृति चिह्न द्वारा तथा सभी अतिथियों को अंग वस्त्र, पौधे आदि प्रदान करके सम्मानित किया गया। संस्था के महासचिव डॉ. भारद्वाज अश्क ने अतिथियों को अपना गजल संग्रह भेंट किया। आ. गोविंद गुलशन, चेतन आनंद तथा प्रमोद कुमार कुश ने गजल की बारिकियों पर चर्चा करने के साथ-साथ अपने शानदार अशआरों से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। संस्था की उपाध्यक्ष आ. रीता अदा जी की मंझी हुई निजामत तथा डॉ.बबिता गर्ग के संचालन ने कार्यक्रम को सफलता प्रदान की। दिल्ली, फरीदाबाद, पानीपत, नोएडा, गाजियाबाद, रुड़की आदि अन्य स्थानों से आए हुए कई शाइर-शाइरात तथा कुछ नवांकुरों ने भी अपने कलाम पेश किए जिनमें आ. अनिमेष शर्मा, डा.गुरविंदर बांगा, अरविंद असर, नीना सहर, पंकज त्यागी असीम, संजय जैन, संजय तन्हा, असलम जावेद, सोनिया अक्स, रजनीश त्यागी राज, मोहन संप्रास, श्रीचंद भंवर, गौरव कांत गोला, कपिल राज, अनुभव आदि को सम्मानित किया।

# रिसाइकलिंग को लेकर आईएमआरसी का आयोजन

### वैश्विक रिसाइकलिंग केंद्र के तौर पर भारत का निर्माण, ई-अपशिष्ट व चक्रीय अर्थव्यवस्था पर प्रमुखता से चर्चा होगी

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**चीन** और अमेरिका के बाद भारत दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा ई-अपशिष्ट निर्माता है। इस अपशिष्ट के 95 प्रतिशत से अधिक हिस्से का व्यवस्थापन असंगठित क्षेत्र द्वारा किया जाता है। इलेक्ट्रॉनिक अपशिष्ट (ई-अपशिष्ट) एक वैश्विक चुनौती है और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के धड़ल्ले से किए जा रहे इस्तेमाल और तेज निपटान के कारण भारत को भी इस समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

इस विषय से संबंधित चिंताओं का निराकरण करने और साल 2030 तक भारत को एक ग्रीन सुपरपॉवर बनाने के रोडमैप की चर्चा करने के लिए दिल्ली के लीला कन्वेंशन सेंटर में 5-7 मई, 2022 तक मटेरियल रिसायकलिंग असोसिएशन ऑफ इंडिया (एमआरएआई) ने अपने 9वें आईएमआरसी कॉन्फ्रेंस की घोषणा की है। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में विभिन्न कंपनियों और संघों के वक्ता शामिल होंगे जो भारत में साल 2030 तक ग़ैर-जीवाश्म ईंधन आधारित ऊर्जा निर्माण और साल 2030 तक कुल अनुमानित कार्बन उत्सर्जन में एक बिलियन टन की कमी लाने के भारत सरकार के महत्वाकांक्षी लक्ष्य की पूर्ति करने हेतु भारतीय बाजार में रिसाइकलिंग (पुनर्चक्रण) और वैश्विक नियमों और विनियमों को अपनाए जाने की आवश्यकता को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। 9वें आईएमआरसी पूर्ण सत्र के लिए नितिन गड़करी, केंद्रीय मंत्री सड़क परिवहन और राष्ट्रीय मार्ग मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे, इसके साथ ही डॉ. भागवत कराड वित्त राज्य मंत्री अमिताभ कांत, सीईओ, नीति आयोग; आलोक टंडन, सचिव, खान मंत्रालय और पूनमबेन मडाम, सांसद, जामनगर भी मई 7, 2022 को पूर्ण अधिवेशन को संबोधित करेंगे। अमर सिंह, सेक्रेटरी जनरल, एमआरएआई ने कहा, आईएमआरसी का 9वां संस्करण एक ऐसे महत्वपूर्ण समय में आयोजित हो रहा है।

# इनहेलर अस्थमा की प्रगति को रोक सकती है : डॉ. रवि शेखर झा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**दुनियाभर** में विश्व अस्थामा दिवस मनाया जा रहा है। अस्थमा और इसके लक्षणों के बारे में जागरुकता बढ़ाने के लिए हर मई के पहले दिन को विश्व अस्थमा दिवस मनाया जाता है। अस्थमा के प्रति जागरुकता बढ़ाने के लिए फरीदाबाद स्थित फोर्टिस एस्कॉर्ट्स के निदेशक पल्मोनोलॉजी, डॉ. रवि शेखर झा ने अपने विचार साझा किये हैं।

डॉ. रवि शेखर झा ने बताया, अस्थमा एक एलर्जी की बीमारी है, जिसके कई कारण होते हैं। अस्थमा ज्यादातर समय धूल, धुएं और प्रदूषण के कारण होता है। जिन लोगों को वायुमार्ग की अतिसंवेदनशीलता होती है, वे ऐसे उत्तेजक पदार्थों के संपर्क में आने पर लक्षणों के बिगड़ने का अनुभव कर सकते हैं। इसलिए, अस्थमा के हमलों को रोकने के लिए सबसे अच्छी बात यह है कि इन परेशानियों के लिए उनके जोखिम को कम किया जाए। याद रखना चाहिए, धूम्रपान सबसे आम परेशानियों में से एक है। एक और महत्वपूर्ण बात जो हमें ध्यान रखनी चाहिए वह यह है कि यदि निर्धारित हो तो हमें इनहेलर अवश्य लेना चाहिए। इनहेलर कोई लत नहीं है और यह एक ऐसी चीज है जो रोग की प्रगति को रोक सकती है।

डॉ. रवि शेखर झा ने बताया कि अस्थमा के बारे में मुख्य गलत धारणा यह है कि यह हमेशा खराब खान-पान के कारण होता है। अस्थमा एक ऐसी बीमारी है जिसमें कुछ वंशानुगत एलर्जी क्षमता होती है लेकिन यह पूरी तरह से भोजन से संबंधित नहीं है। लोग अक्सर मुझसे पूछते हैं कि क्या दही खाने से उनकी बीमारी खराब हो जाएगी? दही वास्तव में अस्थमा में फायदेमंद है, अगर आपको दूध उत्पादों से एलर्जी नहीं है।

# हौद में गिरने से बच्चे की मौत

### खेलते समय पैर फिसलने से हौद में गिरा था मासूम

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


रोते बिलखते मृतक बच्चे के परिजन।

**एनएच** पांच में मंगलवार शाम को नगर निगम की नर्सरी में बनी पानी की हौद में गिरने से ढाई साल के बच्चे की डूबने से मौत हो गई। परिजन वहां बने मंदिर में पूजा करने गए थे। मृतक तेजस उर्फ कान्हा के पिता एनएच पांच के एक मंदिर में पुजारी हैं।

वह अक्षय तृतीया के अवसर पर शाम 5 बजे अमर स्वरूप अपने परिवार सहित एमसीएफ की 5 नम्बर नर्सरी में बने मंदिर में पूजा करने गए थे। जहां पौधों को पानी देने के लिए एमसीएफ ने पांच फुट गहरी हौद बनाई हुई है। हौद के आसपास ही उनका बड़ा बेटा अर्जुन (7) और छोटा बेटा तेजस (ढाई) दोनों खेल रहे थे। पास ही मंदिर में बच्चों के पिता पंडित अमर स्वरूप अपने परिवार समेत पूजा करने में लगे थे। अचानक से खेलते हुए बच्चे का पैर फिसल गया और वह पानी की हौद में जा गिरा। उसके बड़े भाई कान्हा ने उसे बचाने की कोशिश की और शोर मचाया। जब तक वह मदद लेकर आ पाता तब तक देर हो चुकी थी।

# हाइवे पर सीवर ओवरफ्लो से हो सकते हैं हादसे

### वाहन चालकों को हुई परेशानी, बरसात के कारण स्थिति हो सकती है गंभीर

**विवेक।** फरीदाबाद


नेशनल हाईवे पर भरा सीवरेज का गंदा पानी।

**राष्ट्रीय** राजमार्ग पर बल्लभगढ़ बस स्टैंड के सामने भरे पानी के कारण वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। सीवरेज के पानी पर 36 घंटे बाद भी एनएचएआई के अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया। ऐसे में यहां से गुजरने वाले लोगों को परेशानियां झेलनी पड़ी।

10 मिनट का रास्ता यहां 30 मिनट में पार हो रहा है। हाइवें पर भरे इस पानी के कारण स्कूल जाने वाले बच्चों समेत सभी लोग भी लेट हो रहे हैं। जानकारी के मुताबिक दिल्ली-मथुरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर सीवर ओवरफ्लो होने के कारण यातायात धीमा हो गया। जिसके चलते लोगों को परेशानी हो रही हैं। 36 घंटे पहले हुए जलभराव की निकासी के लिए एनएचएआई द्वारा अब तक कोई इंतज़ाम नहीं किया गया है। दिल्ली-मथुरा रोड जलभराव के चलते करीब आधा फुट तक पानी में डूबी हुई है। बगैर बारिश हुए राजमार्ग का यह हाल है तो सोचिए बारिश के बाद रोड की स्थिति क्या होगी। एनएचएआई की इस लापरवाही के कारण लोग परेशान नजर आए। अगर ऐसा ही हाल रहा तो वह दिन दूर नहीं है, जब शहर जल्दी ही स्मार्ट शहरों की दौड़ से बाहर हो जाएगा। अधिकारियों को समझने की आवश्यकता है कि यह शहर की कोई आम सड़क नहीं, बल्कि नेशनल हाईवे है। जिस पर दिन भर में लाखों वाहन गुज़रते हैं।

एक तरफ़ तो केंद्र सरकार देश में बेहतर कनेक्टिविटी के लिए सड़कों का जाल बिछाने की बात करती हैं। वहीं दूसरी तरफ़ मौजूदा राजमार्ग दयनीय हालत में हैं। 36 घंटे बीत जाने के बाद भी प्रशासन की तरफ़ से कोई अधिकारी राजमार्ग की सुध लेने नहीं पहुंचा। वहां मौजूद दुकानदारों का कहना था कि अगर समय रहते सीवर की साफ सफाई की गई होती तो आज इस समस्या से लोगों को दो चार नहीं होना पड़ता।

## संक्षिप्त समाचार

### बदला मौसम : लोगों ने जमकर उठाया आनंद



**फरीदाबाद।** बुधवार को सुबह से ही मौसम परिवर्तित हो गया। आसमान में पूरे दिन बादल छाए रहे। दोपहर को रिमझिम बारिश शुरू हो गई और उसके साथी कही छोटे तो कही बड़े कंचों के आकार के ओले पड़े। बारिश के बाद तापमान में काफी गिरावट दर्ज की गई। इससे मौसम का मिजाज सर्द हो गया। शाम को ठंडी हवाओं ने लोगों की ठिठुरन बढ़ा दिया। मौसम ठंडा होने पर शहर के लोगों ने जमकर इंजाय किया। देर शाम तेज सर्द हवाओं, आंधी और बारिश होने के कारण जगह-जगह जलभराव की स्थिति पैदा हो गई। जिसके कारण दफ्तरों से लोटने वाले लोगों और कम्पनियों से लौटने वाले मजदूरों को खासी परेशानियां झेलनी पड़ी।

### आयकर विभाग के दफ्तर में लगी आग




**फरीदाबाद।** मंगलवार रात को 10 बजे के आसपास एनएच-चार स्थित आयकर विभाग के दफ्तर में अचानक सेकेंड फ्लोर पर स्थित आयकर आयुक्त अपील दफ्तर में आग लग गई। आग लगने के कारण वहां रखा रिकॉर्ड, कंप्यूटर, फर्नीचर जलकर खाक हो गया। आग की सूचना मिलने पर फायर बिग्रेड की तीन गाडियां मौके पर पहुंची। करीब सवा तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग लगने का कारण फिलहाल शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। आग की सूचना मिलने के बाद आयकर विभाग के अधिकारी भी देर रात दफ्तर पहुंच गए। फायर ब्रिगेड कर्मियों में रात करीब 1:30 बजे आगजनी पर काबू पा लिया। आगजनी से काफी रिकॉर्ड जलने की सूचना है। आगजनी से आयकर कार्यालय में कामकाज प्रभावित रहा। बिजली व्यवस्था ठप हो गई थी। प्रधान आयकर आयुक्त राकेश गोयल ने बताया कि संवेदनशील रिकॉर्ड नहीं जला है।

### विवाहिता की मौत पर परिजनों ने लगाया दहेज हत्या का आरोप

**फरीदाबाद।** मिर्जापुर में रहने वाले एक व्यक्ति और उसके परिजनों ने एक विवाहिता के साथ मारपीट की, जिससे उसकी मौत हो गई। ईद से एक दिन पहले हुई घटना का पता जब ईद के बाद परिजनों को चला तो उन्होंने मौके पर पहुंचकर आरोपी ससुरालियों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं दूसरी तरफ शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया है। यह है मामला: अलीगढ़ निवासी सरीफ ने अपनी बेटी रूबीना का निकाह अपनी हैसियत के अनुसार बुलंदशहर निवासी सलमान के साथ किया था। रूबीना और सलमान की सात माह की एक बेटी भी है। रूबीना के पिता सरीफ ने बताया कि डेढ़ साल पहले सलमान फरीदाबाद स्थित मिर्जापुर में आकर रहने लगा। वह शराब का आदी है, जिसके कारण वह रूबीना से दहेज की मांग करते हुए आए दिन मारपीट करता था। ईद से एक दिन पहले यानी दो मई को भी सलमान और उसके परिजनों से रूबीना से दहेज की मांग करते हुए मारपीट की। जिससे उसकी बेटी रूबिना की मौत हो गई। थाना आईएमटी पुलिस ने उन्हें सूचना दी। जिस पर वह यहां पहुंचे है। परिजनों ने चार मई को दहेज हत्या का मामला दर्ज करवा दिया। जिस पर पुलिस ने रूबीना के शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पुलिस ने स्कूली विद्यार्थियों को किया जागरूक



**फरीदाबाद।** डीसीपी मुख्यालय नीतिश अग्रवाल के दिशा निर्देशो पर विद्यार्थियों को महिला विरुद्ध अपराध के प्रति जागरूक करने के लिए आज सीनियर सिटीजन सेल इंचार्ज इंस्पेक्टर सविता ने जवाहर कॉलोनी के स्कूल वी एम सीनियर सेकेंडरी में पहुंचकर विद्यार्थियों को महिला विरुद्ध होने वाले अपराधों के बारे में जागरूक करके महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि वी एम सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सभागार में सभी छात्राओं को भ्रूण हत्या, दहेज उत्पीड़न, साइबर, यातायात नियमों तथा गुड व बेड टच के प्रति जागरुक करने का काम कर रही है। इंस्पेक्टर सविता ने विद्यार्थियों को गुड व बैड टच के बारे में जागरूक करते हुए उन्हें बताया कि यदि कोई भी व्यक्ति ने गलत तरीके से स्पर्श करने की कोशिश करता है तो उसके बारे में अपने परिजनों को बताएं क्योंकि यदि वह इसका विरोध नहीं करेंगे वह फिर से उनके साथ गलत हरकत करने की कोशिश करेगा। इंस्पेक्टर सविता ने बताया कि महिला तथा बच्चों की सुरक्षा के लिए पुलिस द्वारा 1091 तथा 1098 नंबर जारी किया गया है तथा इसके साथ ही डायल 112 प्रोजेक्ट भी शुरू किया जा चुका है जिस पर संपर्क करके आप महिला विरुद्ध होने वाले अपराधों के बारे में पुलिस को सूचित कर सकते हैं।

### सिविल डिफेंस में हो अधिक स्वयं सेवक रजिस्टर्ड : डीसी

**फरीदाबाद।** डीसी जितेंद्र यादव की अध्यक्षता में सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला में सीविल डिफैस की कार्यशाला का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद की आबादी लगभग 30 लाख है, इसलिए सिविल डिफेंस में कम से कम 3000 लोग स्वयं सेवक रजिस्टर्ड हो जो लोगों को अधिक से अधिक जागरूक कर सकें। उपायुक्त जितेन्द्र यादव ने लघु सचिवालय सेक्टर- 12 के कॉन्फ्रेंस हॉल में सिविल डिफेंस वॉलिंटियर्स प्रशिक्षण शिविर को सम्बोधित करते हुए कहा कि रजिस्टर्ड सिविल डिफैस के स्वयं सेवक आपातकालीन स्थितियों में प्रशासन के साथ मिलकर साथ और सहयोग दे सकें। उन्होंने कहा कि मॉर्निंग हेल्थ क्लब के अधिकतर स्वयंसेवकों को सिविल डिफेंस के साथ जोड़ दिया है और सिविल डिफेंस की वेबसाइट बनाने की घोषणा कर दी गई है। ताकि घर बैठे ही लोग सिविल डिफेंस से जुड़ सकें और प्रशिक्षण लेकर आई कार्ड प्राप्त कर सकें।

### दा येल्लो कैप क्रिकेट कप ने 10 रन से जीता मैच

**फरीदाबाद।** 23वें ऑल इंडिया रविंद्र फागना मिक्स कॉरपरेट क्रिकेट लीग का मैच रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी मैदान फरीदाबाद में खेला गया। यह मैच दा येल्लो कैप क्रिकेट कप और यूनाइटेड इलेवन के बीच खेला गया। इस मैच में दा येल्लो कैप क्रिकेट कप यूनाइटेड इलेवन को 10 रन से हराया। इस मौके पर बीसीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया की यह मैच 20-20 ओवर का था और दा येल्लो कैप क्रिकेट कप ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। दा येल्लो कैप क्रिकेट कप टीम की और से बल्लेबाजी करते हुए टीम ने ओवर 20 में 7 विकेट पर 136 रन बनाए। टीम की और बल्लेबाजी करते हुए पारस ने 28 रन, मुकेश नेगी ने 27 रन, साहिल ने 12 रन, हर्षित ने 10 रन बनाए। यूनाइटेड इलेवन की और से गेंदबाजी करते हुए सैम ने 3 विकेट, दीपक ने 2 विकेट, अंकित ने 1 विकेट ली। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए यूनाइटेड इलेवन ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 126 रन बनाकर हार का सामना करना पड़ा। टीम की और से बल्लेबाजी करते हुए सलमान ने 28 रन, सूरज ने 19 रन, जैज़ी ने 14 रन बनाए। दा येल्लो कैप क्रिकेट कप टीम की ओर से गेंदबाज़ी करते हुए मुकेश नेगी ने 3 विकेट, सुमित ने 2 विकेट, नीरज और आशीष ने 1-1 विकेट ली।

## पश्चिम की सोच
### जर्मनी की प्रमुख भूमिका

**भारत** की बहुआयामी भूमिका पर यूरोप में पुनर्विचार हो रहा है जिसमें जर्मनी की अग्रणी भूमिका है। जर्मनी ने भारत की बहु-जुड़ाव व बहुआयामी नीतियों का उचित आंकलन किया है। उसने जोर दिया है कि नई विश्व व्यवस्था में 'कुछ शक्तिशाली देशों के बजाय अनेक देशों' का प्रभाव होगा। क्या यूक्रेन पर टकराव ने इस सोच को बढ़ावा दिया है? रूसी आक्रमण के कारण पश्चिम को अपने आंतरिक संबंधों को पुन: परिभाषित करना या उनका पुन: ध्रुवीकरण करना पड़ा है। पश्चिम-विरोधी रूस या चीन से मुकाबले के मामले में इसने पश्चिमी एकता के कवच में दरारें दिखा दी हैं। उदाहरण के लिए अधिकांश यूरोपीय देशों के मामले में तेल के कारण पश्चिम की समग्र एकता के बजाय राष्ट्रीय हितों को वरीयता मिली है। रूसी तेल पर यूरोप की निर्भरता ने पश्चिमी प्रतिबद्धताओं को विभाजित कर दिया है। इस निर्भरता को देखते हुए संयुक्त राज्य अमेरिका को रूस के खिलाफ अपने प्रतिबंधों को हल्का करना पड़ा है। पश्चिम का सौभाग्य है कि रूस ने अपने जवाबी-प्रतिबंधों का निर्णय किया जिसके चलते यूरोप में एक बार फिर एकजुटता की भावना मजबूत हुई है। रूस अपने तेल पर यूरोप की निर्भरता समझता है और इसी कारण वह रूबलों में भुगतान की मांग कर रहा है तथा अपनी बात पर बल देने के लिए उसने दो यूरोपीय देशों की सप्लाई बंद कर दी है। इसके बदले में अब यूरोप बिना रूसी तेल सप्लाई के रहने की अंतिम सीमा तय कर रहा है। परोक्ष रूप से यह स्थिति भारत के लिए लाभदायक है। भारत पर पश्चिम का दबाव था कि वह खुलेआम रूस के खिलाफ प्रतिबंधों का पक्ष ले, लेकिन एक समझौते से इसमें कमजोरी आई है। तेल की तरह पश्चिम



फिलहाल रूस से संबंधों को खराब किए बिना यूक्रेन पर हमला फौरन बंद करने का भारतीय आह्वान स्वीकार कर रहा है। बर्लिन में भारतीय प्रधानमंत्री के स्वागत से यह पूर्णत: स्पष्ट है। जर्मनी के बाद अब पश्चिम के अन्य देश भी एशिया में भारत की भूमिका तथा भारत को यूरोपीय मेज पर स्थान देने के पक्ष में सोच रहे हैं। जर्मनी द्वारा भारत को जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने का आमंत्रण इस दृष्टिकोण से बहुत महत्वपूर्ण है।

पश्चिम यह अच्छी तरह समझ गया है कि आने वाले महीनों में एशिया व खासकर हिंद-प्रशांत क्षेत्र में उसकी राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं के लिए आने वाले सप्ताहों में भारत की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। जापान ने 24 मई को टोकियो में अगली आमने-सामने की क्वाड बैठक का प्रस्ताव किया है जो अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की यात्रा के समय होगी। इससे चीन का मुद्दा एक बार फिर सुर्खियों में आ जाएगा। भारत क्वाड का अकेला ऐसा सदस्य देश है जो चीन द्वारा जून में आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेगा। इसे देखते हुए अधिकांश क्वाड सदस्य उम्मीद करते हैं कि भारत ब्रिक्स सम्मेलन में उनका दृष्टिकोण सामने रखेगा। यदि चीन और रूस इस मंच का प्रयोग यूक्रेन युद्ध को उचित ठहराने तथा पश्चिम-विरोध के लिए करेंगे तो भारत का दृष्टिकोण अत्यधिक महत्वपूर्ण हो जाएगा। पिछले ब्रिक्स सम्मेलन में स्वीकृत दिल्ली घोषणा में 'राज्यों के आंतरिक मामलों में अ-हस्तक्षेप के सिद्धान्तों' पर जोर दिया गया था। इसमें कहा गया था कि सभी टकरावों का 'समाधान अंतरराष्ट्रीय कानूनों के अनुसार शांतिपूर्ण तरीकों से होना चाहिए।' यह बात दोनों देशों पर भारी पड़ती है। चीन अच्छी तरह यह सोच कर भी सम्मेलन में शामिल होगा कि लद्दाख में भारतीय क्षेत्र में उसकी घुसपैठ किसी प्रकार उचित नहीं थी।

# मंदिरों के पीछे समृद्ध विरासत

मंदिर वाणिज्य, कला, संस्कृति व शिक्षा के साथ पूरे सामाजिक जीवन की धुरी थे। समुदाय में सब कुछ स्थानीय मंदिर के आसपास घूमता था।



**वी विद्यावती**
(लेखिका भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की महानिदेशक हैं)



भारत मंदिरों का देश है। प्रत्येक गांव, प्रत्येक कस्बे, प्रत्येक बस्ती में एक या दूसरे देवता का मंदिर होता है। मंदिर जाना किसी औसत भारतीय के लिए केवल धार्मिक कर्मकांड न होकर एक मूलभूत आवश्यकता होती है। भारत में मंदिर कभी केवल मंदिर नहीं थे। प्राचीन काल से ही वे वाणिज्य, कला, संस्कृति व शिक्षा तथा सामाजिक जीवन की धुरी होते थे। समुदाय में सब कुछ स्थानीय मंदिर के आसपास घूमता था। यहां स्वास्थ्य, संपदा, बच्चों, किसी खास बाधा को दूर करने या कोई मूल्यवान चीज पाने के लिए भी देवताओं व देवियों की प्रार्थना की जाती थी। लोग यहां एक दूसरे से मिलते थे, खबरों व विचारों का आदान-प्रदान होता था, गप्पें उड़ाई जाती थीं, कहानियों का साझा होता था, एक दूसरे की कठिनाइयां समझी जाती थीं, दूसरों को सलाह दी जाती थी तथा अपने जीवन की योजना बनाई जाती थी। आधुनिक युग में हमारी जीवनशैली काफी बदल गई है, लेकिन मंदिरों के प्रति हमारे जुड़ाव में ज्यादा बदलाव नहीं आया है। हम अब भी मंदिरों में जाते हैं, हमारा अब भी वहां के देवताओं की शक्ति में विश्वास कायम है तथा हम अब भी मंदिर जा कर शांति एवं विश्राम की प्रार्थना करते हैं। हम में से अधिकांश लोग यही करते हैं, लेकिन अनेक सवाल भी उठते हैं। हम मंदिर क्यों जाते हैं? मंदिर में इतनी खास बात क्या है? क्या इसका संबंध वहां के देवता से है? या यह देवता द्वारा किए जाने वाले चमत्कार की आशा से जुड़ा है? या इसके अलावा कोई और बात है? क्या कुछ कही अनकही या समझ से परे भावनायें इस स्थान को पवित्र बनाती हैं?

सभी धर्मों व विश्वासों में तीर्थयात्रा एक सर्वाधिक पारिभाषिक तत्व है। इसके बारे में विचार करें कि येरूशलम की यात्रा तथा उस धरती पर चलना प्रत्येक ईसाई के लिए बहुत अच्छा माना जाता है जिस पर कभी ईश्वर के कदम पड़े थे। इसी प्रकार प्रत्येक मुसलमान मक्का जाना और हज करना अपने लिए अत्यन्त शुभ मानता है और अपने जीवन में कम से कम एक बार यह करना चाहता है। बौद्ध और जैन भी दुनिया भर से उन स्थानों की यात्रा करने आते हैं जहां भगवान महावीर और गौतम बुद्ध रहे तथा उन्होंने उपदेश दिए। निर्वासित जीवन बिताने तथा इस्राइल की स्थापना के पहले दुनिया भर के यहूदियों में अपनी पवित्र भूमि वापस जाने की भावना पनपती रही। इस सबका क्या अर्थ है? मानव अनादि काल से अपने अस्तित्व का अर्थ तलाश रहे हैं। मंदिर या चर्च या मठ में जाने पर मनुष्य स्वयं को ईश्वरीय सत्ता के निकट अनुभव करते हैं। यह हार्दिक भावना व मानसिक सोच मानव अस्तित्व का एक हिस्सा है। हर साल हजारों भारतीय एक या दूसरे मंदिर की यात्रा करने के लिए देश की लंबाई-चौड़ाई नापते नजर आते हैं। मंदिर में कोई चीज भक्तों को उसी प्रकार आकर्षित करती है जैसे कोई चीज पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करती है। इन कहानियों से उनको अपने अस्तित्व का भान होता है। इससे वे स्वयं को विशेष व पवित्र अनुभव करते हैं। ऐसी कथा या कल्पना के बिना कोई मंदिर बस केवल चारदीवारी से घिरी एक और इमारत भर रह जाएगा। इन कल्पनाओं और कथाओं से मंदिर को उसकी आत्मा मिलती है। इन कथाओं की शक्ति अनुभव करने से लोगों के भीतर नम्रता की भावना आती है।

लेखन व विज़ुअल संप्रेषण के इस आधुनिक युग में हम साझा किए जाने वाले शब्दों की शक्ति समझने में कमजोर हो गए हैं। मंदिरों से जुड़ी कहानियां अनेक शताब्दियों व कई पीढ़ियों से प्रचलित हैं और जीवन्त बनी रही हैं। इन कहानियों में अत्यधिक उल्लेखनीय यह तत्व है कि जो विभिन्न भौगोलिक सीमायें पार कर कुछ शब्दों के हेरफेर के साथ बना हुआ है। हमारे पूर्वजों के पास ज्ञान और सूचना भंडारण की जो क्षमता थी, उसको आज उनके वंशज ज्यादा महत्व नहीं देते हैं। एक अन्य स्तर पर हम मानव स्मृति की शक्ति भूल गए हैं। लेस्ले हैजल्टन ने इसे प्रभावशाली ढंग से व्यक्त करते हुए कहा था, 'विडंबना है कि हम जितना शिक्षित होते जाते हैं, हमारी स्मृति उतनी ही कमजोर होती जाती है।' लेखन ने स्मृति को बढ़ाने के बजाय उसका स्थान ले लिया है। इसी कारण हम अपनी आध्यात्मिक विरासत खोते चले जा रहे हैं। एक पीढ़ी से अगली पीढ़ी को हस्तांतरित की जाने वाली कथायें और कल्पनायें अचानक अपनी प्रासांगिकता खो चुकी हैं। उनको कल्पना व बच्चों की पुस्तकों तक सीमित कर दिया गया है।

प्राचीन समय पर गौर करें तो दुनिया में उनका अस्तित्व था। स्वयं के भारत के किसी गांव में होने की कल्पना करें। देर शाम को बच्चे प्रकाश व गरमी के लिए किसी लैंप के पास एकत्र हो जाते हैं। उनका ध्यान भटकाने के लिए कुछ नहीं है, पढ़ने के लिए किताबें नहीं हैं, रात में खेल खेलना संभव नहीं है तथा जो चीजें आज जरूरी समझी जाती हैं वे भी नहीं हैं। बड़े लोग उनको पुराणों से भगवान राम, भगवान कृष्ण, शंकर भगवान व देवियों की कहानियां सुनाते थे। बच्चे बहुत ध्यान से ये कहानियां सुनते व इनको याद कर लेते थे। हम में से जिन लोगों ने बचपन में ये कहानियां सुनी हैं उनको कहानी लेखक के बजाय कहानी सुनाने वाले की अच्छी तरह याद है। यह वर्णन करने की शक्ति का प्रमाण है। हमारे हर एक मंदिर में सुनाई गई इन कहानियों के विवरण सामूहिक स्मृति का हिस्सा हैं। ये कहानियां लगातार प्रत्येक स्रोता के दिल दिमाग पर अंकित हो जाती थीं। इस प्रकार एक सामूहिक संगठन के रूप में वे अगली पीढ़ी को हस्तांतरित हो जाती थीं तथा जीवन को अर्थवान बनाती थीं। हमारे मंदिरों से जुड़ी कथायें व कल्पनायें एक आश्चर्यजनक दुनिया का दरवाजा हमारे लिए खोलती हैं। जब मैंने इन पुराकथाओं का संग्रह कर उनके बारे में शोध शुरू किया तो मेरे सामने नई आश्चर्यजनक दुनिया का दरवाजा खुल गया। मेरे सामने चारों ओर से कहानियां आने लगीं।

पुराणों, महाकाव्यों, स्थानीय लोक कथाओं, परंपराओं, व्यवहारों व स्थल पुराणों, आदि सभी में अनेक मंदिरों व उनके महत्व का वर्णन था जो हिंदू जीवनपद्धति को चारों ओर से घेरे थे। यह एक बहुत मामूली शुरुआत थी क्योंकि इस क्षेत्र में करने के लिए असाधारण काम था। कुछ लोग यह कह कर पुराकथाओं व कल्पनाओं को खारिज कर सकते हैं कि वे किसी प्रकार भी सच नहीं हैं। कल्पना एक कहानी होती है, लेकिन यह केवल कहानी नहीं होती है। यह चीज महत्वहीन है कि कोई घटना वहां हुई थी या नहीं। इसके बजाय यह विश्वास किसी स्थान को विशेष बना देता है कि वहां कुछ हुआ था। अनेक शताब्दियों से दुनिया भर में पवित्र स्थानों की तीर्थयात्राओं के पीछे यही कारण है। यह ईश्वरीय सत्ता से एकजुट होने का प्रतीक है। इन पुराकथाओं व कथाओं पर गौर करने से एक चीज स्पष्ट होती है। ये कहानियां देवताओं के मानवीकरण तथा मनुष्यों के दैवीकरण का प्रतीक हैं। उदाहरण के लिए, भगवान शिव को बार-बार गुस्सा आता है तथा अंडाल अपने अधिकार से देवता के स्तर तक पहुंच जाते हैं। यह असाधारण बात है और इससे स्पष्ट होता है कि 'देवत्व' का संबंध मनुष्य के चरित्र और व्यवहार से है। एक स्तर पर इससे स्पष्ट होता है कि ब्रह्मांड में कुछ भी अपरिवर्तनीय नहीं है। एक दूसरे स्तर पर प्रकारान्तर से यह भी स्पष्ट होता है कि हम में से प्रत्येक 'देवता' हो सकता है।

मेरे विचार से यह इन कहानियों से सीखने वाली सबसे महत्वपूर्ण बात है। देवताओं की बहुलता अक्सर ईश्वर के एक होने का प्रतीक है जो हम सबके भीतर वास करता है। मुझे यह देख कर आश्चर्य होता है कि हमारी कहानियां और विश्वास कितने समग्र हैं। एक ईश्वर व देवताओं की बहुलता समझने के समय यह बात और स्पष्ट होती है। इन कथाओं व पुराकथाओं से उम्मीद की एक किरण पैदा होती है। इनसे यह सबक मिलता है कि हर परीक्षा और पीड़ा के बाद कोई सकारात्मक चीज हमारी प्रतीक्षा कर रही होती है। प्रत्येक कथा और पुराकथा इस उम्मीद की किरण का प्रमाण देती है। मनुष्य के रूप में हमें विश्वास करने की आवश्यकता है। यही विश्वास हमें एकजुट रखता तथा हमारा अस्तित्व बनाए रखता है। उम्मीद और चमत्कारों की इन कथाओं और पुराकथाओं के बिना हम में से बहुत से लोग स्वयं को भटकता हुआ पाएंगे

# मुख्यमंत्री-राज्यपाल टकराव के परिणाम

**कल्याणी शंकर**
(लेखिका वरिष्ठ राजनीतिक टिप्पणीकार हैं)



एक बार फिर राज्यपालों की भूमिका तब सामने आई है जब पिछले सप्ताह तमिलनाडु राज्य विधानसभा ने कुलपति की नियुक्ति में राज्यपाल की शक्तियों को कम करने वाले दो विधेयकों को पारित किया था। पिछले कुछ समय से गैर-भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और राज्यपालों के बीच सामंजस्य भंग हो गया है, जिससे राज्यपालों की प्रासंगिकता और लोकतंत्र में भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं। कड़वाहट आमतौर पर सबसे बड़ी पार्टी को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित करने, सदन में बहुमत साबित करने के लिए समय सीमा तय करने, बिलों में देरी करने या रोकने, और मुख्यमंत्रियों की सार्वजनिक आलोचना आदि के बारे में रही है। तमिलनाडु की मुख्यमंत्री स्वर्गीय जे. जयललिता की तमिलनाडु के तत्कालीन राज्यपाल डॉ. एम. चेन्ना रेड्डी से बात नहीं हो रही थी। स्टालिन के नेतृत्व वाली द्रमुक सरकार पश्चिम बंगाल और केरल (जहां, फिर से राज्यपालों की भूमिका सवालों के घेरे में आ गई है) के घटनाक्रम पर बारीकी से नजर रख रही है। यह राज्य की राजनीति में राज्यपाल के कार्यालय की भूमिका और प्रासंगिकता पर बहस की ओर भी राष्ट्रीय ध्यान आकर्षित कर रहा है। वह मुंबई में आगामी गैर-भाजपा मुख्यमंत्रियों के सम्मेलन में इस मुद्दे पर चर्चा करना चाहेगी।

विधानसभा में बोलते हुए, मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने याद किया कि केंद्र-राज्य संबंधों पर पुंछी आयोग ने वी.सी. नियुक्तियां। उन्होंने कहा कि आयोग ने कहा कि "कार्यों और शक्तियों का टकराव होगा" यदि विकल्प शीर्ष शिक्षाविद को चुनने का अधिकार था तो राज्यपाल के साथ कुश्ती का चयन करना था।

स्टालिन और राज्यपाल आर एन रवि के बीच तनातनी बढ़ती जा रही है। इससे पहले, सरकार की पहल के लिए सदन के समर्थन की अपील करते हुए, स्टालिन ने कहा कि गुजरात 2011 में अपने राज्यपाल के पंख काटने वाला पहला राज्य था। तेलंगाना, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश जैसे अन्य राज्यों ने भी राज्यपालों की शक्तियों में कटौती की थी। पिछले साल दिसंबर में, महाराष्ट्र सरकार ने भी इसी तरह की पहल की थी। राजस्थान ने विशेषज्ञों की एक उच्च स्तरीय समिति बनाकर इसी तरह की प्रक्रिया शुरू की है। पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, महाराष्ट्र, केरल और यहां तक कि दिल्ली में राज्यपालों और मुख्यमंत्रियों के बीच तनातनी है।



केरल में पिनाराई विजयन सरकार ने मांग की है कि केंद्र राज्य विधानसभाओं को राज्यपालों को उनके पदों से हटाने का अधिकार देता है यदि वे संवैधानिक मूल्यों को बनाए रखने में विफल रहते हैं और आपराधिक मुकदमा चलाने के उपायों को विफल करते हैं। लेकिन इस तरह का टकराव कोई नया नहीं है। एक सरकार गिराने और दूसरी सरकार बनाने में राज्यपालों की भूमिका भी कोई नई नहीं है- कुछ विचित्र घटनाएं हुई हैं। पहला 1959 में था जब केंद्र की नेहरू सरकार ने इंदिरा गांधी के दबाव में आ रही नंबूदरीपाद सरकार को बर्खास्त कर दिया था। तब से, केंद्र द्वारा राज्यपालों का उपयोग करके विभिन्न सरकारों को बर्खास्त करने के अन्य उदाहरण हैं। 1967 में, पश्चिम बंगाल के राज्यपाल धर्म वीरा ने अजय मुखर्जी सरकार को बर्खास्त कर दिया और कांग्रेस समर्थित पीसी घोष सरकार की स्थापना की। रामलाल ने संयुक्त आंध्र प्रदेश में एन.टी.राम राव की सरकार को बर्खास्त करना राजनीति का एक उत्कृष्ट उदाहरण था। 1989 में, पी वेंकटसुब्बैया की एस आर बोम्मई की सरकार को बर्खास्त करने से कानूनी लड़ाई शुरू हो गई, और सुप्रीम कोर्ट का 1994 का फैसला एक ऐतिहासिक फैसला है।

अप्रैल 1994 में, राज्यपाल भानु प्रताप सिंह ने केंद्र से परामर्श किए बिना डिसूजा को सरसरी तौर पर बर्खास्त कर दिया और उनके स्थान पर विवादास्पद पूर्व मुख्यमंत्री रवि नाइक को स्थापित किया। राज्यपालों की भूमिका के लिए, संविधान सभा तेजी से विभाजित थी। अम्बेडकर ने एक भूमिका का वर्णन किया कि उन्हें मंत्रालय को पद पर बनाए रखना था। 'दूसरा कर्तव्य जो राज्यपाल का है, और होना चाहिए, वह है मंत्रालय को सलाह देना, मंत्रालय को चेतावनी देना, एक विकल्प का सुझाव देना और पुनर्विचार के लिए कहना।' राज्य सरकारों की सबसे बड़ी परेशानी यह है कि राज्यपाल निर्वाचित नहीं होता बल्कि राज्य का एक अभिन्न हिस्सा होता है। भारत के राष्ट्रपति और राज्यपाल दोनों अपने आधिकारिक कर्तव्यों का निर्वहन करते समय किसी भी कमीशन या चूक के लिए अदालतों के प्रति जवाबदेह नहीं हैं। वे लोगों की अदालत के प्रति भी जिम्मेदार नहीं हैं। मान लीजिए कि वे एक अयोग्य व्यक्ति को विश्वविद्यालय प्रमुख के रूप में चुनते हैं; उन्हें जवाबदेह भी नहीं ठहराया जा सकता। निर्वाचित मुख्यमंत्रियों की मांग है कि कुलपति नियुक्त करने की राज्यपालों की शक्ति को समाप्त करने के लिए एक समान नीति अपनाई जाए।

सरकारिया आयोग ने संबंधित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ परामर्श की सिफारिश की थी। यह अधिक बार नहीं किया जाता है।

किसी भी मामले में, राज्यों में शीर्ष पदों पर एक दूसरे की सार्वजनिक आलोचना वांछनीय नहीं है। वही गैर-भाजपा मुख्यमंत्रियों के लिए जाता है जो प्रधानमंत्री की आलोचना करते हैं जो लोकतांत्रिक रूप से चुने गए हैं। समय आ गया है कि इस तरह के सार्वजनिक रूप से होने वाले विवाद पर रोक लगनी चाहिए।

## आप की बात

### भारत की विदेश नीति

**एक** समय था जब शक्तिशाली देश हमारे देश पर दबाव बना कर भारतीय विदेश निति की दिशा प्रभावित करते थे और कई बार तो आन्तरिक शक्तियां भी प्रभाव डालने का प्रयास करती थी लेकिन वर्तमान में बदले रानीतिक वातावरण में देश के मजबूत नेत्रत्व के कारण भारतीय विदेश नीति अपने सर्वोच्च शिखर पर है बिना किसी दबाव के तटस्थ रह कर देश हित में आगे बढ़ रहे है बात अफ्गातिस्तान की उथल-पुथल की हो या रूस-यूक्रेन युद्ध की हो पुरे विश्व की नजर भारत के रुख पर रही है एक और कुछ देशों ने भारतीय निति की आलोचना करने का प्रयास तो किया लेकिन वह एक प्रयास मात्र ही रहा इससे ज्यादा कुछ नही हो पाया। दूसरी और अनेको देशो ने भारतीय विदेश निति की खूब तारीफ करते दिखे और विश्व में युद्ध के हालत और उथल के बावजूद रूस से लेकर ब्रिटेन, अमेरिका, आस्ट्रेलिया यूरोपीय यूनियन और जर्मनी तक जैसे देशो में हमारे देश के साथ मित्रता और व्यापार बढाने की होड़ सी लगी है ये सब देख कर गर्व की अनुभूति तो होती ही है साथ ही ऐसा प्रतीत होता है देश एक सही दिशा में चल रहा है और आने वाले समय में निश्चित ही हमारा देश विश्व गुरु की भूमिका में रहने वाला है।

– **सुनील विद्यार्थी**, मेरठ

### रक्षात्मक से आक्रामक

**विश्व** में जिस तरह इजरायल और अमेरिका अपने दुश्मनों द्वारा हमला करने पर पलटवार कर उन्हें सबक सिखाने में होशियार हो पारंगत थे आज उसी तरह से भारत भी अपने दुश्मन को आगे बढ़कर सबक सिखाने में होशियार हो गया है। यह बात हमारे गृह मंत्री अमित शाह ने कही हैं यह सुनकर हमें बेहद खुशी हुई है। हमारे गृहमंत्री के इस बयान की हम प्रशंसा करते हैं। कारण हम भी काफी समय से पाकिस्तान की हरकतों से हैरान और परेशान थे कश्मीर में पाकिस्तान द्वारा जिस तरह से समय-समय पर आतंकीयों हरकतें की जाती है उसका जवाब देना बेहद जरूरी था अब सॉरी हमें इसके कारण काफी नुकसान उठाना पड़ता था अब हमारे गृह मंत्री के इस बयान से हमें प्रसन्नता है हम भी उनके बयान से सहमत हैं क्योंकि भारत में पिछले वर्षों में इस तरह का पलटवार किया भी है कुछ साल पहले आतंकवादियों के पाक अधिकृत कश्मीर में प्रशिक्षण लेने की खबर आई थी तब गृह मंत्रालय के आदेश पर भारतीय सेना ने पाक अधिकृत कश्मीर, मुजफ्फराबाद में जाकर उनके शिविरों पर हमला कर उन्हें नष्ट कर दिया था या एक बार नहीं सेना ने दो-दो बार किया है सब कुछ दौरान कई है आतंकवादी भी मारे गए थे।

– **मनमोहन राजावत**, शाजापुर

### पुस्तकों की संगत

**पुस्तकें** एक ऐसा माध्यम हैं जो हर तरह से इंसान के विकास के लिए जरूरी है चाहे वह बौद्धिक हो, आध्यात्मिक हो, सामाजिक हो अथवा नैतिक हो सभी क्षेत्र में बेहतर मार्गदर्शन हेतु पुस्तकों की संगत अत्यंत आवश्यक है। पुस्तकें ही वह मार्ग है जो इंसान को ईश्वर के बताए रास्तों पर चलने की प्रेरणा देता है। समाज के उत्थान और विकास के लिए बेहतरीन और जिज्ञासावर्धक पुस्तकों की संगत अत्यंत आवश्यक है। चूंकि पुस्तकों का मुख्य बिंदु हमारे बौद्धिक विकास को बढ़ावा देने में हमें सक्षम बनाता है। हमारी कल्पना, हमारी सोच को बेहतरीन दिशा देने और उन बातों के प्रति सचेत रहने हेतु हमें इतना काबिल बनाता है कि हम अपनी परेशानियों, समाज की समस्याओं को सकारात्मक पूर्वक हल कर सके। पुस्तकें पढ़ने की सबसे खास बात यह है कि यह हमें हमारी जीवन की हर समस्या और चुनौतियों का सामना करने के लिए हमें अधिक जागरूक करता है और यहां तक की हम लोगों की समस्याओं को हल करने के काबिल भी बनते हैं।

– **रविंद्र प्रजापति**, जमशेदपुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**नया** भारत केवल सुरक्षित भविष्य की नहीं सोचता है, बल्कि वह खोज व रचना हेतु जोखिम लेने के लिए तैयार है।

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

**राज्य** में नीतीश माडल प्रशासन के मुकाबले किसी क्षेत्रीय या राष्ट्रीय पार्टी की कोई संभावना नहीं है।

– **के.सी. त्यागी**
जदयू महासचिव





**लोकतंत्र** में सार्थक सहभागिता की खोज की मेरी शुरुआत बिहार से होगी।

– **प्रशांत किशोर**
चुनाव रणनीतिकार

# कल से जिलों की थाह लेने निकलेंगे योगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



विकास कार्यों की लेंगे रिपोर्ट

**इस** माह से सीएम योगी आदित्यनाथ विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे। इसके लिए खुद सीएम मंडलों का दौरा करेंगे। सूत्रों के अनुसार यूपी में 18 मंडल हैं और सीएम सभी मंडलों में जाएंगे। सीएम का सबसे पहला दौरा 6 मई राम नगरी अयोध्या का होगा। प्रभु श्रीराम का आशीर्वाद लेकर वह विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे। 7 मई को सीएम योगी झांसी मंडल के दौरे पर रहेंगे। अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे। इसके साथ ही हर मंडल में सीएम अपने समीक्षा बैठक के दौरान गेहूं खरीद की प्रगति रिपोर्ट भी देखेंगे। प्रदेश में सरकार की वापसी के साथ ही सीएम योगी ने अपना एजेंडा तय कर लिया है। लखनऊ में सभी विभागों के मंत्री और अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रोड-मैप तैयार किया है। अब सीएम अधिकारियों द्वारा बताए गए विकास कार्यों की हकीकत मौके पर जाकर देखेंगे। उसी मंडल में अधिकारियों से वहां होने वाले नए विकास के कार्यों पर चर्चा करेंगे। जरूरी दिशा-निर्देश भी देंगे। सरकार को जनता के बीच तक पहुंचाने के लिए, सीएम ने इससे पहले अपने मंत्रियों को मंडलीय दौरे पर भेजा था। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद सभी कैबिनेट मंत्री अपने-अपने मंडलों का दौरा कर रहे हैं और उसके बाद वह अपनी रिपोर्ट सीएम को सौंपेंगे। सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत दोनों डिप्टी सीएम समेत कैबिनेट के सभी 18 मंत्रियों ने 18 मंडलों का दौरा किया है। वहां होने वाले विकास कार्यों की समीक्षा की है। जन-चौपाल और मलिन-दलित बस्तियों का दौरा किया। आम जनता की समस्या सुनी।

# योगी सरकार कुंभ 2025 में दर्शनार्थियों को देगी हेलीपोर्ट सेवा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** की योगी सरकार पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए, अगले दो सालों में चार शहरों में हेलीपोर्ट सेवा शुरू करने की योजना बना रही है। सरकार की मंशा है कि वर्ष 2025 में आयोजित होने वाले कुंभ में श्रद्धालुओं को हेलीपोर्ट की सेवा उपलब्ध करा दी जाए। प्रथम चरण में अगले छह महीने में आगरा और मथुरा में हेलीपोर्ट सेवा के संचलन के लिए पब्लिक, प्राइवेट पार्टनर (पीपीपी) का चयन हो जाएगा। अगले दो साल में प्रदेश की राजधानी और नवाबों के शहर लखनऊ, तीरथ राज प्रयाग में भी हेलीपोर्ट सेवा शुरू करने का लक्ष्य योगी सरकार का है। प्रदेश के चार शहरों में योगी सरकार द्वारा शुरू की जाने वाली हेलीपोर्ट सेवा के लिए अमली जामा तैयार किया जा चुका है। इस कार्य को दो चरणों में पूरा किया जाएगा। प्रथम चरण में अगरा व मथुरा व दूसरे चरण में लखनऊ व प्रयागराज में हेलीपोर्ट सेवा का कार्य किया जाएगा। यह कार्य वर्ष 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है जिसके माध्यम से प्रदेश सरकार श्रद्धालु 2025 में होने वाले कुंभ के नजारे आसमान से देखकर अपने मन मस्तिष्क पर चस्पा कर सकेंगे। इसी क्रम में आसमान से ही विंध्य और चित्रकूट की प्राकृतिक खूबसूरती दिखाने के लिए रोपवे सेवा शुरू की जा चुकी है। विंध्यांचल में अष्टभुजा एवं कालीखोह रोपवे का संचालन पिछले साल अगस्त से और चित्रकूट रोप वे का संचलन सितंबर 2019 से ही शुरू हो चुका है। अगले छह महीने में आप राधा-कृष्ण और कृष्ण एवं ग्वाल बालों की क्रीड़ा स्थली ब्रज भूमि के दर्शन के लिए मथुरा में बरसाना का रोपवे भी चालू हो जाएगा। सूत्रों ने बताया कि दो साल में प्रयागराज में झूंसी से त्रिवेणी पुष्प तक नए रोपवे का निर्माण कार्य शुरू करने का लक्ष्य पर्यटन विभाग ने तय किया है।

## काशी में गंगा किनारे बनेगा टेंट सिटी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**योगी** सरकार पर्यटकों को बेहतर सुविधा देने के लिए काशी में गंगा के किनारे टेंट सिटी बनाने का प्रस्ताव ला रही है। प्रदेश सरकार की यह योजना गुजरात के रन ऑफ कच्छ और जैसलमेर के सैंड ड्यून्स के तर्ज पर होगी। गंगा के किनारे इस तम्बूओं के शहर से आप खूबसूरत अर्धचंद्राकार 84 घाटों का नजारा देख सकेंगे। टेंट सिटी में पर्यटकों के लिए खान-पान एपारंपरिक मनोरंजन अध्यात्म व कॉरपोरेट वर्ल्ड के लिए सेमिनार व कांफ्रेंस करने की भी सुविधाएं होंगी। चांदनी रात में टेंट सिटी की आभा देखने लायक होगी। होटल के बजाय गंगा के किनारे रुकना और सुबह उठकर मां गंगा के दर्शन के साथ घाट की सुंदर आभा को निहारना भी नए अनुभव के रूप में शामिल होगा। काशी के घाटों का आकर्षण पूरी दुनिया में है। काशी का अल्हड़पन व गंगा किनारे बसे घाटों की जिंदगी, उनके जीवन का दर्शन व गंगा के एहसाह के लिए यहाँ पूरे विश्व से लोग आते है। दुनिया का सबसे प्राचीन व जीवंत शहर काशी में अब टेंट सिटी बसने जा रहा है। टेंट सिटी काशी के ऐतिहासिक घाटों के ठीक सामने रेत पर क़रीब नवरात्री से शिवरात्री तक बसेगा। वाराणसी विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष ईशा दुहन ने बताया कि गंगा के उस पार अस्सी घाट के सामने रेत पर रामनगर के कटेसर क्षेत्र में लगभग 500 हेक्टेयर में तंबुओं का शहर बसाया जाएगा। जो जरूरत के मुताबिक बढ़ाया जा सकता है। यहाँ धर्म, अध्यात्म व संस्कृति का संगम होगा। टेंट सिटी में हर व सुविधा होगी जो किसी पर्यटन स्थल पर होती है। यहाँ ठेठ बनारसी खान पान के साथ पारम्परिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आनंद खुली हवा में ले सकेंगे।

## ऊर्जा मंत्री ने दिया आश्वासन, बिजली व्यवस्था में होगा अमूल-चूल सुधार

● मंत्री ने विभूति खंड स्थित 33 केवी उपकेंद्र का किया रात्रि में निरीक्षण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**यूपी** में बिजली व्यवस्था की पटरी पर लाने के लिए जुटे ऊर्जा मंत्री एके शर्मा का दौरा लगातार जारी है। राजधानी लखनऊ में जनता की दिक्कत न हो इसके लिए ऊर्जा मंत्री ने रात्रि में विभूति खंड स्थित 33 केवी उपकेंद्र का मौके पर जाकर निरीक्षण किया। उन्होंने उपकेंद्र में तैनात अधिकारी व कार्मिको से कहा कि वर्तमान समय में जनता को बिजली आपूर्ति से किसी भी प्रकार की समस्या ना हो, इस पर दिन रात काम करना है तथा कमियों को चिन्हित कर पूर्व में ही इसके मेन्टिनेंस पर विशेष ध्यान देकर कार्य किया जाए। उन्होंने अधिभारित फीडरों व ट्रान्सफार्मर्स की समय से क्षमता वृद्धि करने, ट्रांसफार्मर व बिजली के तारों के जलने तथा क्षतिग्रस्त उपकरणों का जिम्मेदारी के साथ शीघ्र ही रिपेयर करने, ब्रेकडाउन को कम से कम समय में दूर करने के निर्देश दिए। उन्होंने बेहतर आपूर्ति बनाए रखने के लिए उपकरणों के रखरखाव एवं जरूरी सामान की उपलब्धता पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने आश्वस्त किया कि प्रदेश की बिजली व्यवस्था में बहुत ही कम समय में सुधार हुआ है। इसमें अभी और सुधार किया जाएगा। ऐसी सुचारू व्यवस्था होगी कि किसी को भी शिकायत का मौका नहीं मिलेगा। मुख्यमंत्री की भी मंशा है कि जनता को अधिक से अधिक सुविधाएं मिले, इस पर निरंतर कार्य किया जाए।

## पीएमजीएसवाई करेगी 19,000 किमी सड़क का निर्माण

**लखनऊ।** योगी सरकार गांवों के विकास की गति को तेज करने के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के तहत 19,000 किमी सड़क का निर्माण कराएगी। इसकी कुल लागत 15000 करोड़ रुपये है। सरकार का लक्ष्य है कि इसे दो साल में पूरा करा लिया जाए। सड़क से जुड़ने से गांवों में न सिर्फ आवागमन, बल्कि ग्रामीणों के लिए कारोबार व्यापार भी आसान होगा। प्रदेश सरकार विकास को नई पहचान देने जुटी है। सरकार का लक्ष्य है कि उत्तर प्रदेश देश की नंबर वन अर्थव्यवस्था बनें। इसके लिए गांवों का सड़कों से जोड़ने का काम लगातार चल रहा है। गांवों को सड़कों से जुड़ने से आवाजाही की सुविधा के साथ कारोबार व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा। इससे ग्रामीणों के जनजीवन में सुधार आएगा और रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। किसान अनाज, सब्जी, दुध आदि को आसानी से पास की मंडी तक ले जा सकेंगे और आसानी से बेंच सकेंगे। इससे उनकी आय भी बढ़ेगी साथ ही गांवों तक सार्वजनिक परिवहन की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। इसके लिए प्रदेश सरकार ने तय किया है कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत आगामी दो वर्ष में 19,000 किमी सड़क निर्माण किया जाएगा। सरकार का लक्ष्य है कि इसमें से 8000 किमी सड़क का निर्माण अगले छह महीने में पूरा कर लिया जाए। वर्ष 2017 के पहले बहुत से गांवों और मजरों तक पहुंचना आसान नहीं था। योगी सरकार ने अपने पहले कार्यकाल से ही गांवों और मजरों को सड़कों से तेजी से जोड़ा।

## राजभवन में नवनिर्मित चालक प्रतीक्षालय का लोकार्पण तथा आवासीय परिसर निर्माण के लिए भूमि पूजन

**लखनऊ।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बुधवार को राजभवन में नवनिर्मित चालक प्रतीक्षालय का लोकार्पण किया। इसके साथ ही उन्होंने श्रेणी-5 के आवासीय परिसर का भूमि पूजन एवं शिलान्यास भी किया। ये टाइप 5 के दो मंजिला आवास निर्मित किए जाएंगे, जिन्हे नई तकनीक के साथ भूकम्प रोधी बनाया जायेगा।



## केजीएमयू सहित प्रयागराज और मेरठ मेडिकल कॉलेज में होगी डायबिटिक रेटिनोपैथी ट्रीटमेंट सेंटर की स्थापना

**लखनऊ।** डायबिटिक रेटिनोपैथी बीमारी के शिकार मरीजों को राज्य सरकार राहत देने जा रही है। डायबिटिक मरीजों को अब रैटिना सर्जरी के लिए दूसरे प्रदेशों या मंहगे प्राइवेट अस्पतालों के चक्कर नहीं काटने होगें। अब प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में बेहतर इलाज मिल सकेगा। इसके लिए सरकार लखनऊ में केजीएमयू सहित प्रयागराज और मेरठ के मेडिकल कालेज में डायबिटिक रेटिनोपैथी ट्रीटमेंट सेंटर की स्थापना करने जा रही है। इस सेंटर से समय से रैटिना सर्जरी हो सकेगी और डायबिटिक मरीज कम खर्चे में अपना इलाज करा पाएंगे। केजीएमयू की माइक्रोबायोलॉजिस्ट डॉ शीतल वर्मा ने बताया कि सेंटर से इन मरीजों को सीधे तौर पर फायदा मिलेगा। डायबिटिक मरीजों को एडवांस ट्रीटमेंट मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि कोरोना काल में जिस तरह योगी सरकार ने सर्वाधिक आबादी का प्रदेश होने के बावजूद जिस तरीके से जान भी जहान भी के संकल्प को पूरा करते हुए स्वास्थ्य सुविधाओं को बूस्टर डोज देने का काम किया है। इस बार भी योगी सरकार 2.0 प्रदेश में आने वाले पांच सालों में स्वास्थ्य सुविधाओं की सूरत को तेजी से बदलेगी।

## पर्यटक यमुना की लहरों पर लेंगे फ्लोटिंग रेस्तरां का आनंद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** की योगी सरकार प्रयागराज आने वाले पर्यटकों अब यमुना की लहरों पर फ्लोटिंग रेस्तरां की सुविधा देने जा रही है। प्रयागराज बोट क्लब के पास यमुना में बनाया जा रहा यह प्रदेश का ही नहीं बल्कि उत्तर भारत का पहला ऐसा फ्लोटिंग रेस्तरां होगा। जहां पर्यटक स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठा सकेंगे। इसके लिए प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने बोट क्लब में भी सुविधाओं को अपग्रेड करने की तैयारी शुरू कर दी है। इसके अलावा क्लब में वाटर स्पोर्ट्स की सुविधा के साथ एक योग सेंटर भी होगा। इस योजना को साकार रूप देने में जुटे अधिकारियों की माने तो बोट क्लब का कायाकल्प कुंभ 2025 से पहले तक कर लिया जाएगा।

उत्तर प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश की योगी सरकार काफी तत्परता से काम कर रही है। कई ऐसी योजनाओं को अबतक जमीन पर उतारा जा चुका है जिनके माध्यम से लोगों को रोजगार देने के साथ ही पर्यटन क्षेत्र में जबरदस्त आय की बढ़ोत्तरी होने की उम्मीद जागी है। इसी क्रम में योगी सरकार संगम आने वाले पर्यटकों को यमुना किनारे स्थित प्रयागराज बोट क्लब में फ्लोटिंग रेस्तरां की सुविधा देने जा रही है। इसके लिए प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) ने अमली जामा तैयार कर लिया है। देखा जाए तो फ्लोटिंग रेस्तरां की योजना उत्तर भारत में किसी नदी के किनारे बनने वाली अपनी तरह की पहली और सबसे अनूठी योजना मानी जा रही है। प्रदेश में बनने जा रहे इस फ्लोटिंग रेस्तरां में कई तरह के व्यंजन परोसने के साथ बच्चों व बड़ों के मनोरंजन की अन्य सुविधाएँ भी होंगी। योजना को ज़मीन पर उतारने के लिए बोट क्लब को पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल पर संचालित किया जाएगा। चयनित एजेंसी को 'फ्लोटिंग रेस्तरां' में सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी और वह इसे भी चलाएगी। पीडीए ने योजना को अमली जामा पहनाने के लिए निविदा जारी कर दी है। इच्छुक एजेंसियों को एक प्रेजेंटेशन देना होगा कि वह बोट क्लब में क्या बदलाव करना चाहते हैं और इसे कैसे विकसित करेंगे। पीडीए के उपाध्यक्ष अरविंद कुमार चौहान ने कहा कि जिस एजेंसी की योजना सबसे अच्छी होगी, उसे बोट क्लब चलाने और सुविधाओं को बढ़ाने की जिम्मेदारी दी जाएगी, ताकि लोग अच्छी सुविधाओं का आनंद ले सकें। साथ ही लोगों को स्वादिष्ट व्यंजन भी उपलब्ध हो। एजेंसी को फ्लोटिंग रेस्तरां के साथ ही बोट क्लब में योग केंद्र भी स्थापित करना होगा। पीडीए के उपाध्यक्ष ने कहा कि पर्यटन के लिहाज से बोट क्लब शहर के प्रमुख आकर्षणों में से एक होगा। बोट क्लब वाटर स्पोर्ट्स के लिहाज से भी आकर्षक का केंद्र बनेगा।

## महिलाएं कहां करेंगी शिकायत



**लखनऊ।** कांग्रेस महासचिव और यूपी प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा ने ललितपुर घटना को लेकर राज्य सरकार पर हमला बोला है। बुधवार को प्रियंका ने ट्वीट कर कहा कि ललितपुर में 13 साल की एक बच्ची के साथ गैंगरेप और फिर शिकायत लेकर थाने जाने पर थानेदार द्वारा बलात्कार की घटना दिखाती है कि बुलडोजर के शोर में कानून-व्यवस्था के असल सुधारों को कैसे दबाया जा रहा है। उन्होंने सवाल किया कि अगर महिलाओं के लिए थाने ही सुरक्षित नहीं होंगे तो वो शिकायत लेकर जाएंगी कहां? उन्होंने कहा कि क्या उत्तर प्रदेश सरकार ने थानों में महिलाओं की तैनाती बढ़ाने, थानों को महिलाओं के लिए सुरक्षित बनाने के लिए गंभीरता से सोचा है? उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने अपने महिला घोषणा पत्र में महिला सुरक्षा के लिए कई महत्वपूर्ण बिंदु रखे थे। ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए महिला सुरक्षा और महिला हितैषी कानून-व्यवस्था के लिए गंभीर कदम उठाने ही होंगे।

## परिवहन मंत्री से मिले राजभर

## जहूराबाद और बलिया में लिंक बस सेवा शुरू करने की मांग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सुहेलदेव** भारतीय समाज पार्टी के मुखिया ओम प्रकाश राजभर ने बुधवार को लखनऊ के वीवीआईपी गेस्ट हाउस में भाजपा के दो दिग्गज नेताओं से मुलाकात की है। योगी सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह और केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर से बंद कमरे में करीब 2 घंटे तक चली मुलाकात के बाद एक बार फिर अटकलें तेज हो गई हैं।

हालांकि मुलाकात को लेकर ओपी राजभर के पुत्र अरुण राजभर ने बताया कि यह मुलाकात गाजीपुर की जहूराबाद और बलिया में लिंक बस सेवा शुरू करने की मांग को है क्योंकि पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के लिए लिंक बस सेवा आवश्यक है अन्यथा जनता को 20 के बजाए 60 किमी का सफर तय करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सरकार उनकी भी है क्योंकि एक जनप्रतिनिधि होने के नाते जनता से जुड़े मुद्दों को उठाना और उनका निराकरण कराना भी जनप्रतिनिधि का अधिकार है।

बैठक के बाद ओपी राजभर ने यह कहकर अटकलों को खारिज करने की कोशिश की कि वह अपने क्षेत्र के कुछ काम के सिलसिले में मिलने के लिए आए थे। दयाशंकर सिंह ने भी कहा कि ओपी राजभर एक बस डिपो की मांग को लेकर आए थे। हालांकि उनसे जब राजभर के भाजपा संग आने की संभावना को लेकर पूछा गया तो उन्होंने कहा कि राजनीति में संभावनाएं कभी खत्म नहीं होती हैं।

# अवैध घुसपैठियों के आतंकी कनेक्शन की जांच में जुटी एटीएस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सहारनपुर** के देवबंद में संदिग्ध बांग्लादेशी तलहा तालुकदार बिन फारूख की गिरफ्तारी के बाद आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने अवैध रूप से देश में घुसपैठ करके आने वाले बांग्लादेशियों के आतंकी कनेक्शन की जांच तेज कर दी है।

पिछले दिनों गिरफ्तार किए गए तलहा से पूछताछ में एटीएस को कुछ अहम जानकारियां हाथ लगी हैं। पता चला है कि प्रतिबंधित आतंकी संगठन जमात उल मुजाहिदीन बांग्लादेश (जेएमबी)( इन घुसपैठियों के जरिए तस्करी व जासूसी के काम भी करा रहा है। बांग्लादेशी नागरिकों के अलावा म्यांमार के रोहिंग्या भी अवैध रूप से भारत आकर देश के विभिन्न राज्यों में अपना ठिकाना बना रहे हैं। इसमें यूपी के कई जिले भी शामिल हैं। अगस्त 2017 से अब तक एटीएस ने अवैध रूप से भारत आए 33 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इसी तरह जून 2021 से अब तक 17 रोहिंग्या भी गिरफ्तार किए गए हैं। कई ऐसे मामले भी सामने आए कि इन घुसपैठियों ने पश्चिम बंगाल के फर्जी पते से फर्जी नाम पर भारतीय नागरिकता दर्शाने वाले दस्तावेज बनवा लिए। बाद में इन्हीं नामों से भारतीय पासपोर्ट हासिल कर भारतीय नागरिक के रूप में दूसरे देशों में चले गए। एटीएस ने ऐसे गिरोह का भी पर्दाफाश किया जो बांग्लादेश व म्यांमार के इन नागरिकों के फर्जी दस्तावेज तैयार कराकर उन्हें भारत या विदेशों में नौकरियां दिलवा रहा था। कुछ बांग्लादेशी नागरिकों ने तो हिन्दू नाम से भारतीय पासपोर्ट हासिल कर लिया। देवबंद से गिरफ्तार तलहा के संपर्कों की जांच रही है। एटीएस को आशंका है कि जेएमबी भारत में अपना नेटवर्क मजबूत करने में जुटा है।

## नशे में बवाल के आरोप में देवीपाटन मंडल की उपश्रमायुक्त निलंबित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** सरकार ने देवीपाटन मंडल की उपश्रमायुक्त रचना केसरवानी को निलंबित कर दिया है। उन पर नशे की हालत में गाड़ी चलाने और बहराइच क्षेत्र में एक महिला पुलिस कर्मी से अभद्रता करने का आरोप है। इस घटनाक्रम के वायरल वीडियो की जांच में प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने पर उनके खिलाफ यह कार्रवाई की गई है। उन्हें श्रमायुक्त कार्यालय से संबद्ध कर दिया गया है। मामला 27 अप्रैल का है। रचना केसरवानी का नशे की हालत में बवाल करना का वीडियो वायरल हुआ था। इस मामले की जांच थाना प्रभारी निरीक्षक जरवल रोड बहराइच द्वारा की गई। जांच रिपोर्ट में कहा गया है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मेडिकल कराने पर उसमें नशीले पदार्थ के सेवन की पुष्टि हुई। वहीं महिला सिपाही से दुर्व्यवहार और जांच में सहयोग न करने का भी उन्हें दोषी पाया गया। पुलिस अधीक्षक बहराइच द्वारा शासन को भेजी गई रिपोर्ट के आधार पर अपर मुख्य सचिव श्रम सुरेश चंद्रा ने रचना केसरवानी के निलंबन आदेश जारी कर दिए। इनके खिलाफ अनुशासनिक कार्यवाही के भी आदेश किए गए हैं।


## ललितपुर पावर जनरेशन की 660 मेगावाट की इकाई चालू

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**भीषण** गर्मी के बीच बिजली व्यवस्था चाक-चौबंद रहे इसके लिए पावर कारपोरेशन के चेयरमैन एम देवराज ने समीक्षा की और बुधवार को राहत भरी बात यह रही कि ललितपुर पावर जनरेशन की 660 मेगावाट की इकाई को युद्धस्तर पर प्रयास करके चालू कराया गया। उन्होंने कहा कि विद्युत उत्पादन की जो इकाईयां तकनीकि या किसी अन्य कारणों से बन्द हैं उन्हें जल्द चालू करने का प्रयास युद्धस्तर पर किया जा रहा है। विभिन्न स्तरों पर आपूर्ति, उत्पादन, उपभोक्ता सेवा एवं राजस्व आदि की गहनतम मॉनीटरिंग हो रही है। एम देवराज ने सभी उत्पादकों से कोयला आपूर्ति की विस्तृत जानकारी ली। लगभग सभी प्रतिनिधियों ने बताया कि कोयले की आपूर्ति बेहतर है। उन्होंने उत्पादकों से आग्रह किया कि इस समय प्रदेश में अत्याधिक गर्मी के कारण विद्युत की मांग बढ़ी हुयी है। भीषण गर्मी के कारण विद्युत मांग लगभग 23538 मेगावाट तक पहुँच गयी है। 2000 मेगावाट की अतिरिक्त विद्युत आपूर्ति लेते हुए बढ़ी हुयी मांग को पूरा करने के लिये पावर कारपोरेशन रिकार्ड विद्युत आपूर्ति कर रहा है।

# जिसे चलना सिखाया वो हमें रौंदता चला गया: शिवपाल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रगतिशील** समाजवादी पार्टी लोहिया (प्रसपा) अध्यक्ष शिवपाल यादव विधान सभा चुनाव के बाद से जिस तरह से सपा प्रमुख अखिलेश यादव के खिलाफ मुखर हैं, उसका सिलसिला अभी थमा नहीं है। ईद के दिन भी शिवपाल यादव ने अखिलेश पर निशाना साधते हुए एक ट्वीट किया है। इसमें शिवपाल ने अपना दर्द बयां किया है। शिवपाल यादव ने अपने ट्वीट में लिखा कि 'अपने सम्मान के न्यूनतम बिंदु पर जाकर मैंने उसे संतुष्ट करने का प्रयास किया! इसके बावजूद भी अगर नाराज हूं तो किस स्तर तक उसने हृदय को चोट दी होगी! हमने उसे चलना सिखाया और वो हमें रौंदते चला गया' एक बार पुनः पुनर्गठन, आत्मविश्वास व सबके सहयोग की अप्रतिम शक्ति से ईद की मुबारकबाद। शिवपाल सिंह यादव के इस ट्वीट पर समाजवादी पार्टी की प्रवक्ता डॉ. रोली तिवारी मिश्रा ने ट्वीट कर लिखा 'ये ट्वीट बेहद भावुक करने वाली है। आप सदैव हमारे लिए सम्मानित थे] सम्मानित हैं, सम्मानित रहेंगे चाचा जी। वहीं दूसरी ओर ईद के मौके पर अपने पिता आजम खां की कमी को व्यक्त करते हुए अब्दुल्ला आजम ने भी एक ट्वीट किया। अब्दुल्ला आजम ने ट्वीट में लिखा कि 'जो ख्वाब था मेरे जहन में, न मैं कह सका न मैं लिख सका, कि जबान मिली तो कटी हुई, कि कलम मिला तो बिका हुआ। एक अन्य ट्वीट में अब्दुल्ला आजम ने अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए ट्वीट किया, 'तू छोड़ रहा है, तो खता इसमें तेरी क्या, हर शख्स मेरा साथ निभा भी नहीं सकता। वैसे तो एक आंसू ही बहा के मुझे ले जाए, ऐसे कोई तूफान हिला भी नहीं सकता।

## पिछले 24 घंटे में प्रदेश में मिले कोरोना के 199 नए मामले

**लखनऊ।** अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने आज बताया कि प्रदेश में कल एक दिन में कुल 90,117 सैम्पल की जांच की गयी। कोरोना संक्रमण के 199 नये मामले आये हैं। प्रदेश में अब तक कुल 11,16,94,344 सैम्पल की जांच की गयी हैं। उन्होंने बताया कि विगत 24 घण्टों में 244 लोग तथा अब तक कुल 20,50,188 लोग कोविड -19 से ठीक हुए हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में कोरोना के कुल 1641 एक्टिव मामले हैं। श्री प्रसाद ने बताया कि कोविड वैक्सीनेशन का कार्य निरन्तर किया जा रहा है। प्रदेश में कल 03 मई, 2022 को एक दिन में 1,71,314 वैक्सीन की डोज दी गयी है। प्रदेश में कल तक 18 वर्ष से अधिक लोगों को कुल पहली डोज 15,30,03,045 तथा दूसरी डोज 13,11,11,774 दी गयी।

# कोयला आयात करने संबंधी केन्द्र के पत्र पर फेडरेशन ने उठाए सवाल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**केन्द** सरकार द्वारा बिजली उत्पादन घरों को कोयला आयात करने हेतु भेजे गये पत्र पर बिजली इंजीनियर्स फेडरेशन ने सवाल उठाए कि आयातित कोयले से चलने वाले निजी घरानों के बड़े बिजलीघर आज भे बिजली संकट में क्यों बन्द पड़े हैं? जब डोमेस्टिक कोयला बिजली उत्पादन घरों तक पहुंचाने के पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं तो आयातित कोयला बंदरगाहों से बिजली घरों तक कैसे पहुंचेगा।

फेडरेशन ने आज जारी बयान में कहा कि जब तक डोमेस्टिक कोयला बिजली घरों तक पहुंचाने के पर्याप्त इंतजाम नहीं हो जाते तब तक आयातित कोयला बंदरगाहों से ताप बिजली घरों तक कैसे पहुंचेगा यह बिजली मंत्रालय को स्पष्ट करना चाहिए। ऑल इण्डिया पॉवर इंजीनियर्स फेडरेशन के चेयरमैन शैलेन्द्र दुबे ने कहा कि केंद्रीय विद्युत मंत्रालय द्वारा 28 अप्रैल को जारी पत्र में राज्य के ताप बिजली घरों से 22.049 मिलियन टन और निजी क्षेत्र के बिजली घरों से 15.936 मिलियन टन कोयला आयात करने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि जहां एक ओर केंद्रीय विद्युत मंत्रालय राज्यों के सरकारी ताप बिजली घरों पर कोयला आयात करने का दबाव डाल रहा है वहीं दूसरी ओर आयातित कोयले से चलने वाले गुजरात में मूंदड़ा स्थित अदानी के 4600 मेगावाट के ताप बिजली घर एटाटा के 4000 मेगावाट के ताप बिजलीघर तथा कर्नाटक में उदीपी स्थित अदानी के 1200 मेगावॉट के ताप बिजलीघर को इस सम्बंध में कोई निर्देश नहीं जारी किए गये हैं। इन बिजली घरों का नाम भी विद्युत मंत्रालय के पत्र में नहीं है जबकि ये बिजलीघर समुद्र के तट पर हैं और आयातित कोयला लेना इनके लिए सबसे आसान है। आयातित कोयले की अंतराष्ट्रीय बाजार में कीमत बढ़ने के बाद ये बिजलीघर बन्द पड़े हैं। उन्होंने बताया कि अडानी का हरियाणा के साथ 1424 मेगावाट बिजली 25 साल तक देने का करार है किन्तु अदानी ने पिछले वर्ष अगस्त से हरियाणा को बिजली देना बन्द कर दिया है। उन्होंने सवाल उठाया कि एक ओर कोल इंडिया कह रहा है कि उसने पिछले वर्ष की तुलना में 15.6 प्रतिशत अधिक उत्पादन किया है और यह उत्पादित कोयला रेलवे रैक की कमी के कारण ताप बिजली घरों तक नहीं पहुंच पा रहा है। देश भर में यात्री ट्रेनों को रद्द किया जा रहा है फिर भी कोयला नहीं पहुंच पा रहा है। ऐसे में यदि कोयला आयात कर भी लिया गया तो आयातित कोयला बंदरगाहों पर आएगा और बंदरगाहों से रेलवे रेक के अभाव में यह कोयला ताप बिजली घरों तक कैसे पहुंचेगा यह बड़ा सवाल है।

केंद्रीय विद्युत मंत्रालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार सभी ताप बिजली घरों को 31 मई 2022 तक आयातित कोयले के खरीद के आदेश जारी कर देने हैं और 50 प्रतिशत की डिलीवरी 30 जून 2022 तक, 40 प्रतिशत की डिलीवरी 31 अगस्त 2022 तक और शेष 10 प्रतिशत की डिलीवरी 31 अक्टूबर 2022 तक सुनिश्चित करनी है।

## शिक्षा में गुणवत्ता की सभी संभावना पर विचार: योगेन्द्र उपाध्याय

**लखनऊ।** प्रदेश के उच्च शिक्षा, विज्ञान प्रौद्योगिकी इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने बुधवार को अपने विधानसभा सचिवालय स्थित कार्यालय कक्ष में, ब्रिटिश उच्चायोग नई दिल्ली के राजनैतिक एवं द्विपक्षीय मामलों के प्रमुख रिचर्ड बार्लो के नेतृत्व में आये प्रतिनिधि मण्डल से मुलाकात की। इस दौरान दोनों देशों के मध्य शिक्षा क्षेत्र में गुणवत्तापूर्वक सुधार हेतु परस्पर सहयोग की सम्भावनाओं पर बल दिया गया। इस अवसर पर उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि हमारी सरकार शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण सुधार के लिए प्रतिबद्ध है, इसके लिए हम सभी आवश्यक सम्भावनाओं पर विचार कर रहे है।

सीएचसी में इलाज के लिए आधे घंटे तक डाक्टर का इंतजार करते रहे बीमार बच्चे

# दूषित आइस्क्रीम कांड से स्वास्थ्य सेवा की कहानी उजागर

संवाददाता। सीतापुर

- सीएचसी में इलाज न होने से निजी अस्पतालों में जाने को मजबूर हुए बीमार बच्चे
- दूषित आइस्क्रीम खाने से बीमार हुए 32 बच्चों का मामला



**सिधौली के** मनवा गांव में ईद के दिन ईद मेले में दूशित आईस्क्रीम खाने से बीमार हुए 32 बच्चे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ केंद्र सिधौली में काफी देर इंतेजार किए। सीएचसी में कोई डाक्टर उपस्थित न होने से समय पर उनका प्राथमिक उपचार भी नहीं हो सका, कई बच्चे तो इलाज के लिए प्राइवेट क्लीनिकों का सहारा लेने को मजबूर हुए। ऊपर वाले का षुक्र रहा कि इन बच्चों के साथ कोई अनहोनी नहीं हो सकी। फ्लिहाल दूशित आईस्क्रीम कांड ने सरकारी अस्पताल के बीमार होने को उजागर कर दिया है, यह हाल तब है जब सूबे के स्वास्थय मंत्री डिप्टी सीएम बृजेष पाठक लगातार सरकारी अस्पतालों की व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने में लगे हुए है। डिप्टी सीएम सीतापुर के महमूदाबाद में भी औचक निरीक्षण कर कमियों को उजागर कर चुके है, जिलाधिकारी अनूज सिंह भी सरकारी अस्पतालों की व्यवस्थाओं को सही करने में लगे हुए है, बावजूद इसके राजधानी से महज 40 कि.मी. दूर सिधौली सीएचसी में बदइंतेजामी जारी है। आपको बता दें कि अटरिया थाना इलाके के मनवा गांव में ईद मेले में दूशित आईस्क्रीम खाने से करीब 32 बच्चों की अचानक तबीयत खराब हो गई, मंगलवार को इन बच्चों की तबीयत दोपहर करीब 2 बजे के बाद बिगड़नी षुरू हुई, उलटी और दस्त की षिकायत होने के बाद अफ्रा-तफ्री का माहौल व्याप्त हो गया। सूचना पाकर सबसे पहले मौके पर अटरिया थाने की पुलिस पहुंची, तीन एंबुलेंस से इन बीमार बच्चों को 15 कि.मी. दूर सीएचसी सिधौली लाया गया। बताते है कि जब यह बीमार बच्चे सीएचसी पहुंचे तो वहां कोई डाक्टर मौजूद नहीं मिला, बच्चों के परिजनों के हांथ-पांव फूल गए, कुछ परिजन अपने बच्चों को निजी अस्पतालों में लेकर चले गए, तो कुछ बीमार बच्चों को उनके परिजनों ने सीएचसी में भर्ती कराया। इस बीच परिजनों ने सिधौली के एसडीएम पंकज प्रकाष राठौर को सूचना देकर इलाज कराने की गुहार लगाई। फोन कर सीएचसी अधीक्षक आर.के. वर्मा को बताया गया, जिसके करीब 30 मिनट बाद एक महिला डाक्टर जब अस्पताल पहुंची तब इन बच्चों का इलाज षुरू हो सका। इस बीच इन बच्चों की जिदंगी सरकारी अस्पताल में होते हुए भी ईष्वर पर निर्भर हो रह गई थी। उधर आईस्क्रीम विक्रेता मनवा निवासी सुरेष पर पुलिस ने धारा 272 व 273 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेजने की कार्यवाही की है और आईस्क्रीम का सैंपल लेकर परीक्षण हेतु भेजा गया है। बताया जाता है कि आईस्क्रीम विक्रेता करीब 4 वर्शों से घर में आईस्क्रीम बनाकर बेंचता चला आ रहा है। मावे में मिलावट होने से आईस्क्रीम दूशित हो गई, जिसको खाने से बच्चों को उलटी, दस्त और पेट दर्द होनी षिकायत पैदा हो गई। फ्लिहाल सभी बच्चों की हालत में सुधार होने के बाद परिजनों ने राहत की सांस ली है।

# अनाधिकृत वाहनों का हुआ चालान

संवाददाता। सीतापुर




**बुधवार को** एआरटीओ (प्रवर्तन) डा उदित नारायण, यात्रीकर अधिकारी शैहपर किदवई व एआरएम राकेश कुमार द्वारा संयुक्त रूप से जनपद के विभिन्न चौराहो पर विद्यालय वाहन के स्वस्थता प्रमाण पत्र व अनधिकृत रूप से संचालित वाहनो के विरूद्ध अभियान चलाया गया। जिसमें अनाधिकृत रूप से संचालित 06 बसों को खैराबाद स्थित रोडवेज वर्कशॉप में निरूद्ध किया गया तथा बिना फिटनेस के 1 विद्यालय बस को थाना सिधौली में निरूद्ध करते हुए बिना ड्राइविंग लाइसेंस व बिना सीटबेल्ट के 4 स्कूल बसों का चालान किया गया साथ ही 3 अन्य वाहनों को थाना कमलापुर में निरूद्ध किया गया व यातायात नियमों के उल्लंघन, ओवरलोड, कर बकाया व अन्य अभियोगो में 57 अन्य वाहनों का चालान किया गया। इस दौरान एआरटीओ (प्रवर्तन) डा. उदित नारायण द्वारा स्कूल वाहन चालको को सुरक्षित वाहन चलाने के लिये प्रेरित किया गया तथा विद्यार्थियों को भी जागरूक करते हुए बताया कि वह वाहन से अपने शरीर का कोई भी अंग जैसे सिर, हांथ व पैर बाहर न निकाले साथ विद्यार्थियों से अपील की यदि वाहन चालक द्वारा यातायात के नियमो का पालन न किया जाये, ओवर स्पीडिंग की जाये व वाहन संचालन करते हुए मोबाइल से बात करें या अनावष्यक जगह पर वाहन को रोका जाये तो इसकी सूचना विद्यालय और माता-पिता को अवष्य दें तथा माता-पिता व विद्यालय के अध्यापको द्वारा विद्यार्थियो से इन बातो की जानकारी अवष्य लेते रहना चाहिए। परिवहन विभाग का लक्ष्य विद्यार्थियों का सुरक्षित परिवहन है। जिसके दृश्टिगत प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा यह प्रवर्तन कार्यवाही निरन्तर चलती रहेगी।

# चक्रतीर्थ पर सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार

संवाददाता। सीतापुर



**अक्षय तृतीया** के पावन पर्व पर राष्ट्रवादी ब्राह्मण समाज द्वारा नैमिषारण्य चक्रतीर्थ पर सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार आयोजित कराया गया जिसमें 105 ब्राह्मण बटुकों का वैदिक एवं लोक नीति के माध्यम से यज्ञोपवीत संस्कार संपन्न हुआ स राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित राम प्रसाद अवस्थी एवं मंडल अध्यक्ष श्रवण कुमार बाजपेई ने संयुक्त बयान में बताया यह संगठन विगत कई वर्षों से सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार कराता आ रहा है इस बार का वृहद कार्यक्रम होने के कारण नैमिषारण्य तीर्थ पर आयोजित कराया गया स सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार में सेवता विधायक ज्ञान तिवारी, मुनेंद्र अवस्थी, रामनारायण त्रिवेदी, रमाकांत मिश्र, शिव शंकर दयाल तिवारी, रत्नेश द्विवेदी, प्रमोद कुमार मिश्र, संजय शर्मा, रमेश बाबू मिश्र,भानु चतुर्वेदी, नरेश मिश्र सत्य प्रकाश मिश्र राष्ट्रीय संरक्षक त्रिभुवन नाथ शुक्ल, राष्ट्रीय महामंत्री अनिल मिश्र, सुरेंद्र अग्निहोत्री, पीयूष कांत मिश्र, वीरेंद्र कुमार मिश्र, संजय मिश्रा, इंद्र मोहन मिश्रा, आशीष मिश्रा, संजय दीक्षित, आशुतोष शुक्ला, सीमा बाजपेई, मधु पांडे, उमा तिवारी, आशा वाजपेई, रामकिंकर पांडे, रमेश त्रिवेदी, राम नरेश मिश्र, संजय शुक्ला अनिल त्रिपाठी अखिलेश दीक्षित श्याम बाबू दीक्षित जयप्रकाश दीक्षित तथा राष्ट्रीय, मंडलीय, जिला स्तरीय कमेटियों के सभी पदाधिकारी एवं यज्ञोपवीत में सम्मिलित ब्राह्मण बटुको के परिवारजन सम्मिलित हुए स कार्यक्रम में अपार भीड़ होने के बावजूद भी पदाधिकारियों ने अपना साहस नहीं छोड़ा और बड़े ही लगन के साथ आगंतुकों की सेवा भाव में जुटे रहे स सभी 105 बटुकों एवं पदाधिकारी चक्र तीर्थ पर गए और सभी बटुको को तीर्थ में स्नान कराया तथा ललिता देवी मंदिर में जाकर उन्हें मां का आशीर्वाद भी प्रदान करवाया अंत में आए हुए सभी लोगों को स्वादिष्ट भोजन व प्रसाद का वितरण कराया गया।

## क्विक न्यूज

### सावधान! बिसवां, रेउसा, तंबौर इलाके में गुल रहेगी बिजली

**सीतापुर।** सावधान! अगर आपके बिजली से संबंधित कोई जरूरी काम है तो निपटा लीजिए। क्योंकि विद्युत लाइन पर काम होने से आपके घर की बिजली गुल हो जाएगी। जी हां आपको बता दें कि कल यानी 5 मई से 7 मई तक प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक विद्युत आपूर्ति नहीं मिल पाएगी क्योंकि निर्माणाधीन 132 केवी बिसवां-कंदुनी डबल सर्किट हाईटेंशन लाइन के टावर लोकेशन संख्या सात एवं आठ के मध्य 132 केवी सीतापुर-बिसवां लाइन की ओवरहेड क्रॉसिंग एवं रोड क्रॉसिंग के कार्य के शुरू होने वाला है। यह कार्य 5 मई से 7 मई तक प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक चलेगा जिसके दौरान बिजली का सट्डाउन लिया जाना प्रस्तावित है। यह जानकारी अधिशासी अभियंता विद्युत देवेंद्र सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि उक्त तिथि को शटडाउन अवधि में 132 केवी उपकेंद्र बिसवां से पोषित होने वाले 33 केवी फीडर क्रमशः 33 केवी बिसवां तहसील, 33केवी बिसवां ग्रामीण तथा 33 अ रेउसा आदि क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति पूर्ण रूप से बाधित रहेगी।

### ग्राम समाज की जमीन पर दबंगों का कब्जा

**मिश्रिख सीतापुर।** मिश्रिख तहसील अंतर्गत ग्राम मरेली में लगभग 200 वर्ष पुराने टीले को समतलीकरण में कर दिया गया तब्दील गांव के ही दबंगों का है इसमें हाथ पिछले कई वर्षों से इस ग्राम समाज की जमीन पर गांव के ही कुछ दबंग लोग जुताई-बुवाई करते थे। लेकिन अचानक बिना किसी प्रशासनिक परमिशन से पिछले कई रातों से जेसीबी तथा ट्रैक्टर ट्रालियों द्वारा मिट्टी को अज्ञात स्थान पर पहुंचा दिया गया और इसको समतलीकरण में तब्दील कर दिया गया। जबकि टीले की ऊंचाई लगभग 15फूट बताई जा रही है गाटा संख्या587है। जो राजस्व अभिलेखों में ग्राम समाज की भूमि के नाम दर्ज है उपरोक्त प्रकरण में ग्रामीण राजेश कुमार, जगतपाल रामप्रसाद मोहित मिश्रा आदि ने एक शिकायती पत्र तहसीलदार राजकुमारगुप्ता को दिया है उन्होंने मांग की है उपरोक्त प्रकरण की जांच कर करवाई की जाय। योगी-मोदी सरकार भले ही वर्तमान में भू-माफियाओं पर बुलडोजर चलवाने व उन पर लगाम लगाने के दावे करती हो, लेकिन तहसील मिश्रिख के अंतर्गत भू-माफियाओं के हौसले बुलंद है। जहां पर ग्राम समाज की जमीन पर ऐतिहासिक पौराणिक धार्मिक टीले को समतलीकरण में तब्दील कर दिया गया। बहर हाल तह शीलदार राजकुमार गुप्ता ने जांच कर करवाई किए जाने के निर्देश दिए हैं।

### नल में पानी भरने को लेकर महिला को पीटा



**सीतापुर।** थाना क्षेत्र के खैराबाद इलाके में एक महिला व उसकी बेटी को नल में पानी भरने को लेकर दबंगों द्वारा उसकी पिटाई किए जाने को लेकर पीड़िता ने एसपी आफिस पहुंचकर दबंगो पर कार्रवाई की मांग की है। आपको बता दें कि थाना क्षेत्र के ग्राम बघौना मजरा गौरिया की रहने वाली रेखा देवी ने प्रार्थना पत्र में राजू, संजय पर मारपीट का आरोप लगाया है। जिसमें कहा गया है कि नल में पानी न भरने को मना करते रहते है और जातिसूचक गालियां भी देते है। कई बार खैराबाद थाने में प्रार्थना पत्र दिया गया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई जिसको लेकर वह पुलिस अधीक्षक से प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। प्रार्थना पत्र में यह भी बताया कि मारपीट के दौरान उनके कान बाला, बूंदा भी छीन लिए है, थाने में तहरीर देने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई है। एसपी आफिस में प्रार्थना पत्र देने के बाद पीड़िता ने पायनियर से भी दर्द बंया किया।

### पड़ोसियों ने महिला को जमकर पीटा

**बरेली।**झाड़ू लगाते समय हुए विवाद के बाद पड़ोसियों ने एक महिला के साथ मारपीट की जिससे वह घायल हो गई उसे जिला अस्पताल लाया गया।बारादरी थाना क्षेत्र के मोहल्ला जोगी नवादा निवासी शमशाद की पत्नी परवीन को जिला अस्पताल लाया गया जहां परवीन ने बताया कि उसका पड़ोसी मुन्ना अक्सर उसके साथ गाली गलौज करता है आज सुबह जब वह अपने घर के बाहर झाड़ू लगा रही थी तो मुन्ना ने उससे गाली गलौज शुरू कर दी विरोध करने पर मौके पर पहुंची मुन्ना की पत्नी और बेटी ने उसके साथ जमकर मारपीट की जिससे वह घायल हो गए मौके पर पहुंचे घर वालों ने उसे बचा लिया लेकिन तब तक हमलावर फरार हो गए पुलिस से इस घटना की शिकायत करने के बाद घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया।

# विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

- मायके पक्ष ने लगाया ससुरालियों पर हत्या का आरोप

संवाददाता। मैलानी-खीरी

**जनपद लखीमपुर** खीरी के मैलानी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव कंधईपुर में एक विवाहिता की संद्धिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला प्रकाश में आया है। घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

मृतका की माता शकुन्तला निवासी रूदपुर थाना पूरन पुर जिला पीली भीत ने बताया उन्होंने अपनी पुत्री प्रीती (उम्र 24) की शादी चार वर्ष पूर्व मैलानी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव कंधईपुर निवासी भूपेन्द्र के साथ की थी। इसमे उन्होंने तीन लाख रूपये नकदी तथा अन्य दान दहेज भी दिया था। इसके बावजूद भी इसके पति और अधिक दहेज की मांग करते थे। दहेज की मांग पूरी न होने पर शराब के नशे में मेरी बेटी के साथ मार पीट करते हुए आये दिन प्रताड़ित करते थे। कल रात हम लोगों को घटना की सूचना मिली। घटना की सूचना पाकर हम लोग बेटी की ससुराल पहुंचे जहां मेरी बेटी का शव मिला जिसके गर्दन पर नीला चोट का निशान था। मृतका की ससुराल वालों ने बेटी की हत्या का आरोप लगाया है। वहीं घटना के बाद से मृतका पति व देवर घर से फरार है। वही पुलिस का कहना कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। फिलहाल पुलिस हर कोण से घटना की जांच पड़ताल की जा रही है। घटना के बाद से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# आयुष्मान गोल्डन कार्ड के लिए 4 से 18 मई तक चलेगा अभियान

- मिलेगा आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा योजना से 5 लाख तक का लाभ

संवाददाता । लखीमपुर-खीरी



**आयुष्मान** भारत स्वास्थ्य बीमा योजना में चिन्हित लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड बनाने के लिए 4 मई से 18 मई तक एक अभियान चलाया जाएगा। इस अवधि में जन सेवा केंद्र संचालकों द्वारा ग्राम वार कैंप लगाकर गोल्डन कार्ड बनाए जाएंगे तथा संबंधित सूचीबद्ध चिकित्सालयों में भी आयुष्मान कार्ड बनाए जायेंगे जो की पूर्णतया निशुल्क होंगे।

कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डा. बीसी पंत ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी अंत्योदय राशन कार्ड धारक इस योजना में जोड़े गए हैं इनके अतिरिक्त पूर्व में चिन्हित लाभार्थी अपना आधार कार्ड राशन कार्ड प्रधानमंत्री चिट्ठी इत्यादि ले जाकर किसी भी जन सेवा केंद्र संचालक तथा आयुष्मान योजना से सूचीबद्ध चिकित्सालयों में आयुष्मान मित्रों के पास जाकर निशुल्क गोल्डन कार्ड बनवा सकते हैं। गोल्डन कार्ड के माध्यम से लाभार्थी को सभी सूचीबद्ध निजी अथवा राजकीय चिकित्सालयों में भर्ती होने की दशा में 5 लाख रुपए तक का निशुल्क उपचार प्रति परिवार प्रति वर्ष प्रदान किया जाता है ।

योजना के अंतर्गत कुल 1450 बीमारियों को सम्मिलित किया गया है जिसमें डायरियाए मलेरिया आदि से लेकर कैंसर तक के निशुल्क उपचार की सुविधा प्रदेश के विभिन्न आयुष्मान सूचीबद्ध चिकित्सालयों में उपलब्ध है। डीजीएम अनुज प्रताप सिंह द्वारा बताया गया कि दिनाक 4 मई से युद्धस्तर पर आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाने का कार्य शुरू किया जा रहा है। जिसमे स्वास्थ्य महकमे के साथ अन्य विभाग भी समन्वय स्थापित करते हुए आयुष्मान कार्ड बनवाने में सहयोग करेंगे। इनमें ग्राम प्रधान, कोटेदार, पंचायत सहायक, आंगनबाड़ी एवं शहरी क्षेत्र में वार्ड मेंबरए आंगनबाड़ी आदि रहेंगे। अब तक जिले में 447352 आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाए गए हैं। 15839 लाभार्थी खीरी से लाभान्वित हो चुके हैं जिनकी उपचारित राशि 16 करोड़ रूपए है।

## अब देवरी में उठाइये नौका विहार का लुत्फ

**लखीमपुर खीरी।** नौका विहार का आनंद लेना है तो ब्लाक बेहजम के गांव देवरी आईये। जी हां ब्लाक बेहजम की ग्राम पंचायत देवरी में बदहाली का दंश झेल 2400 वर्ग मीटर के एक तालाब प्रशासन के प्रयासों से रोशन हुआ। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अनूठी पहल स्वच्छ लखीमपुर खीरी सुंदर लखीमपुर खीरी अभियान के तहत मनरेगा व ग्राम निधि से तालाब का सौन्दर्यीकरण व नौका विहार के रूप में स्थापित करने हेतु कराये जा रहे जीर्णोद्वार का कार्य पूर्ण हुआ। तालाब के बीच में पहले से स्थापित मंदिर को सुंदर एवं सुसज्जित किया गया। मंदिर आने जाने के लिए एक पाथवे भी बनाया। ग्राम देवरी के तालाब को पिकनिक व बोटिंग स्पॉट के रूप में न केवल विकसित किया बल्कि यह ग्राम वासियों के आकर्षण का केंद्र बनाने का पूरा प्रयास हुआ। अब लोग यहां इसका मजा ले सकेंगे। करीब छह माह से इस तालाब के सुंदरीकरण का काम चल रहा था। मनरेगा से तालाब की सफाई से लेकर नवनिर्माण तक का कार्य अफसरों ने अपनी निगरानी में कराया। इसके चारों ओर पौधे रोपे गए। तालाब में मछलियां छोड़ी गईं हैं। यहां ग्रामीण चार बोट के जरिए बोटिंग का लुफ्त उठा रहे है। तालाब के चारो तरफ बनाये जा रहे भ्रमण मार्ग के किनारे पौध रोपण कराया जायेगा एवं लाईट से सुसज्जित करने के साथ ही लोगों को बैठने के लिए बेंचें भी बनवाई गई।

# राज्य महिला आयोग उपाध्यक्ष ने की बैठक



**लखीमपुर-खीरी।** उप्र राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अंजू चौधरी निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार अपने तीन दिवसीय कार्यक्रम पर जनपद खीरी के कलेक्ट्रेट स्थित पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस पहुंची। वह शहरी क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नौरंगाबाद पहुंची। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की नब्ज टटोली। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र पर आने वाले मरीजों व उनके तीमारदारों से मिल रही स्वास्थ्य सेवाओं की पड़ताल की। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र की विभिन्न पंजिका देखी व उपलब्ध संसाधनों की जमीनी हकीकत जानी। सीएमओ डॉ शैलेंद्र भटनागर ने स्वास्थ्य विभाग से जुड़ी योजनाओं, स्वास्थ्य संकेतको पर उपाध्यक्ष को जरूरी जानकारी दी। इस दौरान उनके साथ डीपीओ संजय कुमार निगम, महिला कल्याण अधिकारी आर्यमित्र बिष्ट समेत अन्य संबंधित अधिकारी.कर्मचारी मौजूद रहे। उन्होंने बुधवार को करीब एक बजे कलेक्ट्रेट सभागार में महिलापरक योजनाओं से जुड़े अफसरों के साथ बैठक कीए योजनाओं की प्रगति जानी। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपाध्यक्ष अंजू चौधरी ने कहा कि मिशन शक्ति फेज-4 के तहत महिलाओं से संबंधित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाने, महिला उत्पीड़न की रोकथाम, महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने, आवेदक-आवेदिकाओं की सुगमता की दृष्टि से विशेष प्रयास किए जाएं। अफसर महिला परक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ चुन-चुन प्रदान करें।

# पेज एक का शेष

### बढ़ेगी ऋण...

से उठाया गया कदम बताता है कि वह देखो और इंतजार करो पर काम नहीं करना चाहता। बल्कि मुद्रास्फीति के आर्थिक पुनरुद्धार को पटरी से उतारने से पहले उसे काबू में लाने को तेजी से कदम उठाने को इच्छुक है। मजूमदार ने कहा, हालांकि इससे कर्ज महंगा होगा। जिससे कंपनियां खासकर एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम) प्रभावित होंगे। साथ कर्ज वृद्धि पर भी असर होगा, जो 2019 से नीचे है। आर्थिक गतिविधियां भी प्रभावित होंगी। इससे पहले, केंद्रीय बैंक ने बिना तय कार्यक्रम के 22 मई, 2020 को रेपो दर में संशोधन किया था। इसके तहत मांग बढ़ाने के इरादे से रेपो दर को घटाकर अबतक के सबसे निचले स्तर चार प्रतिशत पर लाया गया था।

### न्याय मांगने...

सरकार और राज्य पुलिस प्रमुख को नोटिस जारी किया। वहीं राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने कहा, वह मामले की जांच के लिए एक दल तैनात करेगा। दरअसल पाली थाना क्षेत्र की एक महिला ने एसपी से शिकायत की कि उनकी नाबालिग बेटी को पाली के चार लोग बीते 22 अप्रैल को बहला-फुसलाकर भोपाल ले गए। उसे रेलवे स्टेशन के पास तीन दिन तक छिपाकर रखा और दुष्कर्म किया। 26 अप्रैल को चारों आरोपी लड़की को वापस लाए और थाना पाली के पास छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने लड़की को उसकी मौसी के पास पहुंचा दिया। मौसी ने उसे ककड़ारी गांव भेज दिया, जहां दुराचार करने वाले एक आरोपी की बहन रहती है। 27 अप्रैल की सुबह लड़की को थाने बुलाकर बयान दर्ज किया गया। शाम को मौसी उसे इंस्पेक्टर के कमरे में ले गयी। जहां उसके साथ इंस्पेक्टर तिलकधारी सरोज ने भी बलात्कार किया। फिर लड़की को उसकी मौसी को सौंप दिया गया। इस मामले में एडीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार ने बताया कि इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना की सूचना मिलने पर तत्काल इंस्पेक्टर तिलकधारी सरोज के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसे निलंबित कर दिया गया है। इंस्पेक्टर तिलकधारी और मौसी गुलाबबाई सहित चारों आरोपी चंदन, राजभान, हरिशंकर, महेंद्र चौरसिया के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। एडीजी जोन ने पूरे थाने को लाइन हाजिर कर दिया गया है। कुल 4 लोगों की अभी गिरफ्तारी की गई है। इसमें आरोपी इंस्पेक्टर और महिला भी शामिल है। इसमें डीआईजी झांसी जोगेंद्र कुमार को मौके पर रहने के निर्देश डीजीपी द्वारा दिए गए हैं। उन्हें 24 घंटे के अंदर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। वो वहां तब तक कैंप करेंगे जब तक पूरी घटना का राजफाश नहीं हो जाता। एडीजी प्रशांत कुमार ने कहा कि मुकदमा गंभीर धाराओं में दर्ज किया गया है। दोषी कोई भी हो चाहे पुलिस वाला भी सभी के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। किसी को बक्शा नहीं जाएगा। टीम लगाई गईं हैं, लगातार गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है। मामले की विवेचना जारी है।

### भरी कक्षा...

पर तत्काल कार्रवाई की जानी चाहिए। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि उन्होंने यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण कानून (पॉक्सो) के तहत मामला दर्ज किया है और आरोपी को पकड़ने के लिए विशेष दल बनाए गए हैं। आयोग ने पुलिस से प्राथमिकी की एक प्रति तलब की है। इसके अलावा आरोपी का विवरण, पीड़ितों को बाल कल्याण समिति के सामने पेश किया गया या नहीं और कक्षा शिक्षक तथा प्राचार्य के विरुद्ध कोई कार्रवाई की गई या नहीं, आदि जानकारी भी आयोग द्वारा मांगी गई है। दिल्ली महिला आयोग ने छह मई तक जानकारी तलब की है और ईडीएमसी के महापौर से इस मामले पर विस्तृत कार्रवाई रिपोर्ट की मांग की है। राष्ट्रीय राजधानी में बेटियों की सुरक्षा और उत्पीड़न पर ताजा घटना ने बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है।

### सीबीआई करेगी...

कि वह कुवैती दूतावास के अनुरोध के अनुसार 29 जनवरी, 2012 को एक मामला दर्ज करे। हालांकि, सीबीआई द्वारा कानूनी राय लेने से प्राथमिकी दर्ज करने में देरी हुई।

### गर्मियों में...

पाया कि ओमीक्रॉन और डेल्टा वैरिएंट के बीच इंटरएक्शन चल रहा है जो बेहद चिंता वाली बात थी। शोधकर्ताओं ने एक मॉडल तैयार किया है जिसके मुताबिक ओमीक्रॉन खुद खत्म हो जाएगा जबकि डेल्ट बस वक्त का इंतजार कर रहा है। बीजीयू ने प्रोफेसर एरिएल कुशमारो ने एक बयान मे कहा ' यह सही है कि बहुत से तथ्य हैं लेकिन हमारा मॉडल संकेत दे रहा है कि इन गर्मियों में डेल्टा या कोई अन्य कोरोनावायरस का वैरिएंट महामारी फैला सकता है। शोधकर्ताओं के मुताबिक अभी तक जब भी कोई नया वैरिएंट आता है तो वह अपने पूर्ववर्ती को कुछ दिन बाद खत्म कर देता है लेकिन उम्मीद के विपरीत गंदे पानी से मिले परिणाम के मुताबिक ओमीक्रॉन के बढ़ने के बावजूद डेल्टा खत्म नहीं हुआ था। अध्ययनकर्ताओं के मुताबिक विकसित मॉडल के अनुसार खत्म होने तक ओमीक्रॉन का स्तर कम होता जाएगा जबकि डेल्टा वैरिएंट अपना प्रसार करता जाएगा।

### निर्माण श्रमिक...

इससे निर्माण क्षेत्र से जुड़े कामगारों को प्रति माह 1,500-2,000 रुपए बचाने में मदद मिलेगी और वे अपने परिवारों का बेहतर सहयोग कर पाएंगे।

### दिल्ली-एनसीआर...

उत्तरी राजस्थान और पश्चिम व मध्य उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में तेज हवाओं के साथ ओलावृष्टि व हल्की वर्षा हुई। निजी मौसम पूर्वानुमान एजेंसी स्काईमेट के उपाध्यक्ष (मौसम विज्ञान एवं जलवायु परिवर्तन) महेश पलावत ने कहा कि दिल्ली में कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि और बारिश हुई, जबकि अधिकांश हिस्सों में बादल छाए रहे, जिससे तापमान कुछ डिग्री नीचे चला गया। उन्होंने कहा कि अप्रैल और मई में इस तरह का मौसम असामान्य नहीं है। दिल्ली के बेस स्टेशन सफदरजंग वेधशाला ने बारिश के बारे में जानकारी जुटाई है। अधिकतम तापमान सामान्य से एक डिग्री अधिक 39.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान 28.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने कहा कि अगले तीन दिन तक राजधानी में आंशिक रूप से बादल छाए रहने का अनुमान है। अगले छह दिनों में पारा चार से पांच डिग्री चढ़ने की संभावना है। हालांकि लू की कोई अनुमान नहीं है।

### सरकारी गेहूं...

रखाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त है। पांडेय ने कहा कि सरकार की गेहूं खरीद अब तक 17.5 मिलियन टन तक पहुंच गई है, और 2022-23 विपणन वर्ष में कुल खरीद 19.5 मिलियन टन तक पहुंचने की संभावना है, जो पिछले वर्ष की तुलना में बहुत कम है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश से और 20 लाख टन गेहूं की खरीद होने की संभावना है। इससे पहले सरकार ने 2022-23 विपणन वर्ष के लिए गेहूं खरीद लक्ष्य 44.4 मिलियन टन निर्धारित किया था, जबकि पिछले विपणन वर्ष में यह 43.34 लाख टन था। रबी विपणन सीजन अप्रैल से मार्च तक चलता है लेकिन थोक खरीद जून तक समाप्त हो जाती है। पांडेय ने गेहूं की खरीद में गिरावट के लिए कई कारकों को जिम्मेदार ठहराया, जिसमें एमएसपी की तुलना में कुछ राज्यों में गेहूं के उच्च बाजार मूल्य, किसानों और व्यापारियों के पास और अधिक मूल्य वृद्धि और कुछ राज्यों में अनुमानित उत्पादन से कम होने की उम्मीद में स्टॉक करना शामिल है। उन्होंने कहा कि कृषि मंत्रालय ने जून में समाप्त होने वाले फसल वर्ष 2021-22 में गेहूं उत्पादन के अनुमान को 5.7 फीसदी से घटाकर 105 मिलियन टन कर दिया, जबकि पहले 111.32 मिलियन टन उत्पादन का अनुमान था क्योंकि समय से पहले गर्मी शुरू होने के कारण फसल उत्पादकता प्रभावित हुई है। उन्होंने कहा कि 2020-21 फसल वर्ष (जुलाई-जून) में भारत का गेहूं उत्पादन 109.59 मिलियन टन रहा।

### ट्विटर इतिहासकार...

उनके खिलाफ पारित अंतरिम आदेशों के बावजूद, ट्रुश्क ने ट्विटर पर वादी के खिलाफ अपमानजनक सामग्री पोस्ट करना जारी रखा और उसके सामने पेश होने में विफल रहीं। अदालत ने कहा कि मेरे विचार में, वर्तमान आवेदन की विषय वस्तु के संबंध में ट्वीट की प्रकृति मानहानिकारक हैं और उक्त ट्वीट में उन्हीं पत्रों के संदर्भ में एक लिंक पोस्ट किया गया है, जिसके प्रकाशन पर इस न्यायालय द्वारा 18 फरवरी 2022 और 24 फरवरी 2022 के आदेश द्वारा रोक लगाई गई थी।

# राष्ट्रपति ने बोडो भाषा के प्रचार-प्रसार और विकास का आह्वान किया

**भाषा।** तमुलपुर (असम)

**राष्ट्रपति** रामनाथ कोविंद ने बुधवार को असम सरकार से बोडो भाषा और साहित्य के प्रचार-प्रसार तथा विकास के लिए हरसंभव प्रयास करने का आह्वान किया।

उन्होंनेयहां बोडो साहित्य सभा (बीएसएस) के 61वें वार्षिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि इस सम्मेलन ने यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है कि बोडो भाषा को स्कूल और उच्च शिक्षण संस्थानों, दोनों में शिक्षा के माध्यम के रूप में शामिल किया जाए। राष्ट्रपति ने कहा कि बोडो को राज्य की आधिकारिक भाषा घोषित किया गया है और एक भाषा का संरक्षण तथा प्रचार-प्रसार समाज व सरकार दोनों की जिम्मेदारी है। मैं



राष्ट्रपति कोविंद का स्वागत करते असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा

मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा से इस दिशा में हरसंभव प्रयास करने का आह्वान करता हूं। उन्होंने जोर देकर कहा कि शांति व सद्भाव और केंद्र तथा असम सरकार द्वारा की गई विकास पहलों के चलते बोडोलैंड भूभागीय क्षेत्र (बीटीआर) में और अधिक शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना हुई है। उन्होंने कहा, पूर्वोत्तर क्षेत्र में केंद्र और राज्य सरकारों के संयुक्त प्रयासों से क्षेत्र से सद्भाव और शांति का माहौल मजबूत होता जा रहा है। इस बदलाव में विकास कार्यों की महत्वपूर्ण भूमिका है। मैं क्षेत्र के लोगों और सरकारों की सकारात्मक भूमिका की सराहना करता हूं। कोविंद ने 2004 में बोडो को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने के प्रयासों के लिए पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के योगदान को भी याद किया। पश्चिम बंगाल, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा, सिक्किम, नागालैंड और बांग्लादेश और नेपाल सहित 35 लाख से अधिक लोग बोडो बोलते हैं।उन्होंने कहा, मुझे खुशी है कि आज सभा के सम्मेलन में इन राज्यों और देशों के प्रतिनिधि मौजूद हैं। उन्होंने कहा, कई विद्वानों तथा लेखकों ने बोडो भाषा और साहित्य को समृद्ध किया है। और अब तक 17 लेखकों को बोडो भाषा में उनके कार्यों के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। कोविंद ने अन्य भाषाओं के बोडो में अनुवाद कार्यों पर भी प्रसन्नता व्यक्त की। कोविंद पूर्वोत्तर भारत की तीन दिवसीय यात्रा के दौरान मंगलवार को यहां आए थे।

## स्पाइसजेट का विमान फिर बीच हवा में खराब

**नई दिल्ली।** चेन्नई से दुर्गापुर के लिए रवाना स्पाइसजेट के बोइंग 737 विमान को इंजन में खराबी के कारण मंगलवार को चेन्नई वापस आना पड़ा। यह घटना पांच महीने के अंदर ऐसी दूसरी घटना है जिसमें स्पाइसजेट के मैक्स विमान को बीच आकाश में खराब होने के कारण वापस लौटना पड़ा। उड्डयन क्षेत्र के नियामक निकाय नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) के एक अधिकारी ने बुधवार को कहा कि आकाश में ही विमान के इंजन में खराबी आ गई। स्पाइस जेट का एक अन्य 737 विमान जो पिछले साल नौ दिसंबर को मुंबई से कोलकाता जा रहा था, उसे तकनीकी खराबी क कारण मुंबई लौटना पड़ा था। इसके पहले 13 मार्च, 2019 को डीजीसीए द्वारा सभी मैक्स विमानों को जमीन पर खड़ा कर दिया गया था। डीजीसीए ने यह कदम अदिस अबाब के पास इथोपियन एयरलाइन के एक 737 मैक्स विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के तीन बाद उठाया था।

# अवसंरचना विकास की किसी भी कहानी के केंद्र में जनता होना चाहिए: मोदी

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने आधुनिक प्रौद्योगिकी और ज्ञान के इस्तेमाल पर आधारित, आपदा के अनुकूल अवसंरचना विकसित करने की जरूरत रेखांकित करते हुए बुधवार को कहा कि इससे ना सिर्फ वर्तमान पीढ़ी को आपदा से बचाने में मदद मिलेगी बल्कि भावी पीढ़ी को भी सुरक्षित किया जा सकेगा।आपदा प्रबंधन अवसंरचना पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (सीडीआरआई) के चौथे संस्करण के उद्घाटन सत्र को वीडियो संदेश के जरिए संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, यह एक साझा सपना और दृष्टि है, जिसे हम सच्चाई में बदल सकते हैं। मोदी ने कहा कि भविष्य को बेहतर बनाने के लिए आपदा के अनुकूल अवसंरचना बनाने की दिशा में काम करना होगा।उन्होंने कहा कि आपदा के अनुकूल अवसंरचना व्यापक



अनुकूलन प्रयासों का केंद्र हो सकती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अवसंरचना का अर्थ सिर्फ पूंजीगत आस्तियों का निर्माण और दीर्घ अवधि के लिए निवेश या रिटर्न हासिल करना नहीं है और ना ही यह सिर्फ संख्या या धन के लिए है बल्कि यह जनता के लिए है। उन्होंने कहा कि अवसंरचना का मंतव्य लोगों को समानता के आधार पर उच्च गुणवत्ता वाली, भरोसेमंद और सतत सेवाएं प्रदान करना होता है। उन्होंने कहा, लोगों को किसी भी अवसंरचना विकास गाथा के मर्म में होना चाहिए। भारत बिलकुल यही कर रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य, पीने का पानी, सफाई, बिजली और परिवहन जैसी बुनियादी सुविधाओं में वृद्धि के भारत के प्रयासों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, हम लोग बहुत स्पष्ट तरीके से जलवायु परिवर्तन का मुकाबला कर रहे हैं। यही कारण है कि हम कॉप-26 में अपने विकास प्रयासों के समानान्तर 2070 तक नेट-ज़ीरो को हासिल करने के लिए संकल्पित हैं। प्रधानमंत्री ने मानव क्षमता के भरपूर उपयोग के लिए अवसंरचना के महत्व का उल्लेख किया और कहा कि अवसंरचना की क्षति पीढ़ियों तक चलती रहती है। उन्होंने कहा, हमारे पास उपलब्ध आधुनिक प्रौद्योगिकी और ज्ञान के आधार पर क्या हम परिस्थितियों का सामना करने वाली अवसंरचना का निर्माण कर सकते हैं, जो सदैव कायम रहे? उन्होंने कहा कि यही चुनौती सीडीआरआई की रचना की बुनियाद है।

# अमित शाह बताएंगे कि कैबिनेट का विस्तार होगा या फेरबदल: बोम्मई

**भाषा।** बेंगलुरु

**कर्नाटक** के मुख्यमंत्री बासवराज बोम्मई ने बुधवार को कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह राज्य में मंत्रिमण्डल के विस्तार या फेरबदल के बारे में केंद्रीय नेतृत्व के फैसले से उन्हें अवगत कराएंगे। शाह मंगलवार को बेंगलुरु में ही थे और उन्होंने विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लिया तथा बोम्मई के सरकारी आवास पर दोपहर का भोजन भी किया। इस दौरान कुछ चुनिंदा भाजपा नेता भी मौजूद थे।

जब उनसे पूछा गया कि क्या शाह ने उन्हें मंत्रिमण्डल के विस्तार या फेरबदल को लेकर कोई जानकारी दी, बोम्मई ने कहा, उन्होंने (शाह ने) कहा कि वह दिल्ली जाने के बाद (मुझसे) बात करेंगे। मंत्रिमण्डल में फेरबदल और उपमुख्यमंत्री बनाए जाने की अटकलों के बारे में पूछे जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा, यह तो मुझे आपसे ही पता चल रहा है। कई शीर्ष भाजपा नेताओं ने बोम्मई के मुख्यमंत्री पद से हटाए जाने की अटकलों को खारिज कर दिया है। भाजपा के शीर्ष सूत्रों के अनुसार, शाह ने भी बोम्मई को विकास और चुनाव की तैयारियों पर ध्यान केंद्रित करने को कहा है तथा बाकी सब पार्टी नेतृत्व पर छोड़ देने को कहा है।इस बीच, राज्य मंत्रिमण्डल की पांच मई को प्रस्तावित बैठक को 11 मई के लिए स्थगित कर दिया गया है। अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों के मद्देनजर बोम्मई पर जल्द से जल्द मंत्रिमण्डल विस्तार करने या फेरबदल करने का दबाव पड़ रहा है, ताकि अन्य दावेदारों को उसमें शामिल किया जा सके।

## केंद्रीय गृह मंत्री आज से पश्चिम बंगाल के दो दिवसीय दौरे पर

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बृहस्पतिवार को दो दिवसीय दौरे पर पश्चिम बंगाल जाएंगे। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।सूत्रों ने बताया कि शाह इस दौरान सभी सांसदों और विधायकों सहित अपनी पार्टी की पश्चिम बंगाल इकाई के नेताओं से मिलेंगे, एक जनसभा को संबोधित करेंगे और भारत-बांग्लादेश सीमा से लगे अग्रिम इलाकों का दौरा करेंगे। सूत्रों ने बताया कि गृह मंत्री सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) कर्मियों के साथ बातचीत करने के लिए तीन बीघा के भारत-बांग्लादेश सीमा क्षेत्र का दौरा भी करेंगे। उन्होंने बताया कि वह कोलकाता में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम में भी शामिल होंगे। शाह का पश्चिम बंगाल का दौरा ऐसे समय में हो रहा है जब पार्टी राज्य में अपने संगठनात्मक तंत्र को मजबूत करने का प्रयास कर रही है। भाजपा सूत्रों ने बताया कि वह वहां आरएसएस कार्यालय भी जाएंगे।

# जब तक मस्जिदों पर बजेंगे लाउडस्पीकर, हनुमान चालीसा भी बजती रहेगी

**भाषा।** मुंबई

**महाराष्ट्र** नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे ने अपना उग्र तेवर जारी रखते हुए बुधवार को कहा कि जब तक मस्जिदों पर लगे लाउडस्पीकर शांत नहीं होते, उनके पार्टी कार्यकर्ता भी तेज आवाज में हनुमान चालीसा बजाना जारी रखेंगे। राज ठाकरे ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में महाराष्ट्र पुलिस पर निशाना साधते हुए कहा कि पुलिस उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं को तो हिरासत में ले रही है, लेकिन कानून का पालन न करने वालों को छोड़ रही है। मनसे प्रमुख ने दावा किया कि जब उन्होंने मस्जिदों के बाहर हनुमान चालीसा बजाने का आह्वान किया, तो 90 से 92 प्रतिशत मस्जिदों में सुबह की अज़ान के लिए लाउडस्पीकर का इस्तेमाल नहीं किया गया। उन्होंने बुधवार से मस्जिदों पर लगे लाउडस्पीकर के खिलाफ अपना आंदोलन शुरू करने की चेतावनी दी थी। राज ठाकरे ने दावा किया कि



मुंबई में।,104 मस्जिदें हैं, जिनमें से 135 ने बुधवार को सुबह की नमाज के दौरान लाउडस्पीकर का इस्तेमाल किया। उन्होंने पूछा कि आखिर इन मस्जिदों के खिलाफ क्या कार्वाई की जा रही है, जिन्होंने कानून का उल्लंघन किया है। उन्होंने कहा, हमारे कार्यकर्ताओं के खिलाफ कार्वाई क्यों की जाती है जबकि कानून तोड़ने वालों के खिलाफ कुछ नहीं किया जा रहा है? यह मामला सिर्फ सुबह की अजान तक ही सीमित नहीं है। अगर दिन में चार-पांच बार नमाज के लिए लाउडस्पीकर का इस्तेमाल किया जा रहा है, तो हमारे लोग भी दोगुनी आवाज में हनुमान चालीसा बजाते रहेंगे। यह (विरोध) केवल एक दिन के लिए नहीं है। राज ठाकरे ने कहा कि अगर कोई मंदिर उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्धारित मानदंडों का उल्लंघन कर रहा है, तो उसे भी दिशानिर्देशों का पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि मस्जिदें लाउडस्पीकर का इस्तेमाल करती हैं तो उन्हें उच्चतम न्यायालय की ओर से निर्धारित आवाज की सीमा का पालन करना चाहिए। इससे पहले मुंबई पुलिस ने आज राज ठाकरे के आवास के बाहर एकत्रित हुए कई मनसे कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया।

## राज ठाकरे ने बाल ठाकरे का पुराना वीडियो साझा कर शिवसेना को घेरा

**मुंबई।** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के प्रमुख राज ठाकरे ने महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ शिवसेना पर हमला तेज करते हुए दिवंगत बाल ठाकरे का एक पुराना वीडियो बुधवार को ट्विटर पर साझा किया, जिसमें शिवसेना संस्थापक यह कहते नजर आ रहे हैं कि जिस दिन उनकी पार्टी सत्ता में आएगी, सड़कों पर नमाज अदा करना बंद कर दिया जाएगा और मस्जिद से लाउडस्पीकर हटा दिए जाएंगे। मनसे के प्रमुख राज ठाकरे ने मंगलवार को अजान के लिए लाउडस्पीकर का उपयोग किए जाने के विरोध में लोगों से हुनमान चालीसा का पाठ करने का आह्वान किया था। राज ठाकरे ने एक खुले पत्र में लोगों से अजान की आवाज सुन कर परेशानी होने पर 100 नंबर डायल कर पुलिस में शिकायत दर्ज कराने को भी कहा था। मनसे के प्रमुख द्वारा बुधवार को ट्विटर पर साझा किए गए 36 सेकंड के एक वीडियो में शिवसेना संस्थापक बाल ठाकरे भगवा रंग की शॉल ओढ़े नजर आ रहे हैं और उनके पीछे पार्टी का चुनाव चिन्ह दिखाई दे रहा है। वीडियो में बाल ठाकरे यह कहते नजर आ रहे हैं कि जिस दिन मेरी सरकार बनेगी, रास्ते में नमाज पढ़ना बंद कर दिया जाएगा, क्योंकि धर्म ऐसा होना चाहिए जो राष्ट्रीय विकास में बाधक न बने। इस पुराने वीडियो में बाल ठाकरे कह रहे हैं, अगर हमारा हिंदू धर्म बाधा पैदा कर रहा है तो मुझे बताओ, मैं इस पर ध्यान दूंगा ... मस्जिदों से लाउडस्पीकर हटा दिए जाएंगे। बाल ठाकरे का नवंबर 2012 में निधन हो गया। वर्तमान में उनके बेटे उद्धव ठाकरे की अगुवाई में महाराष्ट्र में महा विकास आघाड़ी की सरकार है। इस सरकार के घटक शिवसेना, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस हैं। राज ठाकरे ने यह वीडियो ऐसे समय में साझा किया है, जब उनके निर्देश के बाद मनसे कार्यकर्ताओं ने अजान के लिए लाउडस्पीकर के इस्तेमाल किए जाने के विरोध में बुधवार को कुछ मस्जिदों के पास हनुमान चालीसा का पाठ करने के लिए लाउडस्पीकर का उपयोग किया।

# कान फिल्म महोत्सव में भारत को बनाया गया सम्मानित देश: ठाकुर

**भाषा।** नई दिल्ली

**फ्रांस** में आयोजित होने वाले प्रतिष्ठित कान फिल्म महोत्सव में भारत को आधिकारिक तौर पर सम्मानित देश (कंट्री ऑफ आनर) बनाया गया है जहां भारत की संस्कृति, धरोहर, भाषाई विविधता, सिनेमा को वैश्विक मंच पर प्रदर्शित किया जाएगा। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को यह जानकारी दी। कान फिल्म महोत्सव 17 से 25 मई तक चलेगा। इस महोत्सव में भारत को फिल्मों की विषय सामग्री के केंद्र के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। ठाकुर ने संवाददाताओं से कहा, यह संयोग ही है कि जहां भारत की आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर उत्सव मनाया जा रहा है, वहीं भारत एवं फ्रांस के राजनयिक संबंध स्थापित होने के भी 75 वर्ष पूरे हुए हैं तथा कान फिल्म महोत्सव के भी 75 वर्ष हुए हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे में भारत को इस महोत्सव में सम्मानित देश (कंट्री ऑफ आनर) बनाया गया है। उन्होंने कहा कि यह पहली बार है जब किसी देश को सम्मानित देश बनाया गया है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अभी फ्रांस में राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात करने जा रहे हैं, वहीं आने वाले दिनों में कान फिल्म महोत्सव में सरकार भारत की संस्कृति, धरोहर, भाषाई विविधता, सिनेमा को वैश्विक मंच पर प्रदर्शित करेगी। उन्होंने कहा कि हाल के समय में भारत ने स्टार्ट अप के क्षेत्र में दुनिया में महत्वपूर्ण स्थान बनाया है, ऐसे में इस महोत्सव में पांच स्टार्ट अप को दृश्य श्रव्य लाइब्रेरी के स्तर पर हिस्सा लेने का मौका मिलेगा। अनुराग ठाकुर ने बताया, कान फिल्म महोत्सव में वर्ल्ड प्रीमियर में आर माधवन की फिल्म राकेटरी को प्रदर्शित करने के लिए चुना गया है। इसे 19 मई को प्रदर्शित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके अलावा कान जाने वाली श्रेणी में पांच फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसमें वैसी पांच फिल्में होंगी जिनका प्रदर्शन नहीं हुआ हो।



नई दिल्ली में रीता बहुगुणा जोशी की पुस्तक का विमोचन करते उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी

# अक्षय कुमार ने भारतीय सिनेमा उद्योग में पूरे किए 30 साल

**भाषा।** मुंबई

**अभिनेता** अक्षय कुमार ने भारतीय फिल्म उद्योग में अपने करियर के 30 साल पूरे कर लिए हैं। अक्षय ने यह उपलब्धि हासिल करने के बाद अपने प्रशंसकों के प्रति विशेष आभार जताते हुए इस दौरान उन्हें प्यार देने के लिए उनका शुक्रिया अदा किया है। प्रोडक्शन हाउस यश राज फिल्म्स ने अक्षय की इस उपलब्धि के मौके पर सम्राट पृथ्वीराज चौहान के जीवन पर आधारित उनकी आगामी फिल्म पृथ्वीराज का एक नया पोस्टर जारी किया और उन्हें बधाई दी। यश राज फिल्म्स ने इस अवसर पर अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर एक वीडियो पोस्ट कर अक्षय को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। वीडियो में अक्षय पृथ्वीराज फिल्म का एक विशेष पोस्टर जारी करते हुए नजर आ रहे हैं। उनके साथ फिल्म के निर्देशक चंद्रप्रकाश द्विवेदी भी मौजूद थे। अक्षय ने इस वीडियो में कहा, मुझे यह



पता भी नहीं था कि मैंने सिनेमा उद्योग में 30 साल पूरे कर लिए हैं। आदित्य चोपड़ा को यह उपहार देने के लिए धन्यवाद देता हूं। मुझे आज भी याद है कि मैंने अपना पहला शॉट ऊटी में दिया था, यह बॉब क्रिस्टो के साथ एक एक्शन शॉट था। अक्षय ने ट्विटर पर इस वीडियो को साझा करते हुए लिखा, सिनेमा जगत में तीस साल, इस दौरान आप सभी लोगों से बेहद प्यार मिला। जीवन की इस अद्भुत यात्रा के लिए धन्यवाद और तीन जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली पृथ्वीराज के साथ इसे इतनी खूबसूरती से एक साथ जोड़ने के लिए यश राज फिल्म्स का विशेष आभार।

## किसान को खान में मिला 11.88 कैरेट का हीरा

**पन्ना (मध्य प्रदेश)।** जिले में एक गरीब किसान को सरकार से पट्टे पर ली गई उथली खदान की खुदाई में 11.88 कैरेट का उज्जवल किस्म का हीरा मिला है। हीरा अधिकारी रवि पटेल ने बुधवार को यहां संवाददाताओं को बताया कि प्रताप सिंह यादव को जिले के पट्टी इलाके में खुदाई के दौरान यह हीरा मिला है। उन्होंने बताया कि यादव सीमांत किसान है और मजदूरी भी करता है। उन्होंने बताया कि यह उज्जवल किस्म का हीरा है, जिसकी कीमत बाजार में ऊंची होती है। पटेल ने बताया कि अगली हीरा नीलामी में इस हीरे को रखा जाएगा और नीलामी से मिलने वाली रकम का 12 प्रतिशत रॉयल्टी काटकर शेष राशि यादव को दे दी जाएगी। इस हीरे की अनुमानित कीमत 50 लाख रुपए से ऊपर आंकी जा रही है। यादव ने संवाददाताओं से कहा, मैं गरीब आदमी हूं। मेरी कृषि भूमि छोटी है। मैं मजदूरी भी करता हूं। मैं पिछले तीन महीनों से कड़ी मेहनत से इस खदान को खोद रहा था।

# आरएसएस नेता की हत्या के मामले में चार और गिरफ्तार

● अभी तक पकड़े गए सभी आरोपी पीएफआई के कार्यकर्ता

**भाषा।** पलक्कड़ (केरल)

**केरल** के पलक्कड़ जिले में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के एक नेता की हत्या के संबंध में चार और लोगों की गिरफ्तारी के बाद इस मामले में गिरफ्तार आरोपियों की संख्या बढ़कर 20 हो गई है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (कानून व्यवस्था) विजय साखरे ने पीटीआई-भाषा से कहा कि मंगलवार शाम को गिरफ्तार किए गए चार लोगों में से एक कथित तौर पर उन छह व्यक्तियों में शामिल था जिन्होंने 16 अप्रैल को आरएसएस नेता एस. के. श्रीनिवासन की हत्या की थी। साखरे ने बताया कि हमलावरों में से दो को गिरफ्तार करना बाकी है। उन्होंने कहा कि इस मामले में गिरफ्तार सभी 20 आरोपी पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) या उसकी राजनीतिक इकाई सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (एसडीपीआई) के कार्यकर्ता हैं। पुलिस के अनुसार, 15 अप्रैल को पीएफआई के नेता सुबैर (43) की हत्या की गई थी जिसका बदला लेने के लिए श्रीनिवासन की हत्या कर दी गई। साखरे ने कहा कि सुबैर हत्या मामले में अब तक सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है और सभी आरोपी आरएसएस कार्यकर्ता हैं। इस मामले में आरोपियों में से तीन लोग आरएसएस नेता संजीत के दोस्त हैं जिसकी पिछले साल नवंबर में हत्या कर दी गई थी। संजीत ने कथित तौर पर पीएफआई नेता पर हमला किया था। बाकी चार लोगों पर सुबैर की हत्या की साजिश रचने का आरोप है। पुलिस की जांच में सामने आया है कि संजीत की मौत का बदला लेने के लिए सुबैर की हत्या की गई।

## तमिलनाडु में 1,000 मंदिरों का होगा जीर्णोद्धार: मंत्री

**चेन्नई।** तमिलनाडु सरकार 500 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से राज्य भर में 1,000 मंदिरों के संरक्षण, मरम्मत और जीर्णोद्धार का कार्य करेगी, इसके अलावा चेन्नई के कपालेश्वर मंदिर में एक विशाल सांस्कृतिक केंद्र स्थापित किया जाएगा। हिंदू धार्मिक और धर्मार्थ बंदोबस्ती विभाग के मंत्री पी के शेखरबाबू ने बुधवार को विधानसभा में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक केंद्र में आध्यात्मिक विषयों पर पुस्तकों और ग्रंथों का एक पुस्तकालय, एक छोटा सभागार, एक पुस्तक स्टाल और मंदिर में एक प्रकाशन केंद्र होगा। शेखरबाबू ने अपने विभाग के लिए अनुदान की मांग को लेकर चल रही बहस पर विराम लगाते हुए कहा कि 1,000 साल से अधिक पुराने कुल 80 मंदिरों में 100 करोड़ रुपए की लागत से संरक्षण, जीर्णोद्धार और नवीनीकरण का कार्य किया जाएगा।

# एफसीसी, पीसीआई ने अलोकतांत्रिक तरीके से मुझे प्रतिबंधित किया: विवेक अग्निहोत्री

**भाषा।** नई दिल्ली

**फॉरेन** कॉरेस्पोंडेंट्स क्लब (एफसीसी) और प्रेस क्लब ऑफ इंडिया (पीसीआई) द्वारा संवाददाता सम्मेलन की अनुमति न दिए जाने पर फिल्म द कश्मीर फाइल्स के निर्देशक विवेक अग्निहोत्री ने कहा कि उन्हें अलोकतांत्रिक तरीके से प्रतिबंधित कर दिया गया है, लेकिन वह हार नहीं मानेंगे और बृहस्पतिवार को किसी पांच सितारा होटल में संवाददाता सम्मेलन करेंगे। अग्निहोत्री ने मंगलवार को एक वीडियो साझा करते हुए आरोप लगाया था कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की रखवाली करने वालों ने उनकी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर रोक लगा दी। उन्होंने कहा कि एफसीसी ने उनका कार्यक्रम रद्द कर दिया। फिर उन्होंने कहा कि अब वह प्रेस क्लब ऑफ इंडिया में मीडिया से बात करेंगे। हालांकि, जब पीसीआई ने भी अपने हाथ पीछे खींच लिए तो निर्देशक ने बुधवार को ट्वीट के जरिए उस पर निशाना साधा।

अग्निहोत्री ने ट्वीट किया, कमाल है.. प्रेस क्लब ऑफ इंडिया ने भी मेरा कार्यक्रम रद्द कर दिया। लोकतंत्र के पहरेदार और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के मसीहा ने न केवल मुझ पर अलोकतांत्रिक रूप से प्रतिबंध लगा दिया, बल्कि झूठ भी बोल रहे हैं। उन्होंने कार्यक्रम के खातिर पीसीआई को बुक करने के लिए एक एजेंसी के संदेशों के स्क्रीनशॉट भी साझा किए। निर्देशक ने कहा कि वह एक ओपन हाउस प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे और सबसे मुश्किल सवालों के जवाब देंगे। अग्निहोत्री ने पीटीआई-भाषा को भेजे एक व्हाट्सऐप संदेश में कहा, सभी लोकतांत्रिक और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के समर्थकों, मीडिया के लोगों, संवाददाताओं, पत्रकारों, मीडिया कार्यकर्ताओं और कश्मीर नरसंहार पीड़ितों के प्रति सहानुभूति रखने वालों को कल दोपहर साढ़े तीन बजे दिल्ली के ली मेरिडियन होटल में आमंत्रित करता हूं। यह पूरा विवाद मंगलवार को अग्निहोत्री के एक वीडियो साझा करने के बाद शुरू हुआ था, जिसमें उन्होंने एफसीसी पर हमला बोलते हुए आरोप लगाया था कि वह नफरत फैलाने वाले अभियान का शिकार हुए हैं। उन्होंने कहा था कि वह उसी दिन एक वैकल्पिक स्थल पीसीआई में ओपन हाउस प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे। हालांकि पीसीआई के ट्विटर अकाउंट पर जानकारी दी गई थी कि वह पांच मई को किसी भी व्यक्ति या संगठन के लिए किसी कार्यक्रम का आयोजन नहीं कर रहा है। क्लब, केवल अग्रिम बुकिंग कराने पर ही संवाददाता सम्मेलन की अनुमति देता है। इसकी एक तय प्रक्रिया है और यह बुकिंग, क्लब के किसी सदस्य के माध्यम से ही कराई जा सकती है। बाद में पीसीआई ने भी स्क्रीनशॉट साझा करते हुए एक और ट्वीट किया।

## राणा दंपती के खिलाफ राजद्रोह काअभियोग मूर्खतापूर्ण: फडणवीस


**नागपुर।** भारतीय जनता पार्टी के नेता देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को कहा कि निर्दलीय सांसद नवनीत राणा और उनके विधायक पति रवि राणा के खिलाफ राजद्रोह का अभियोग लगाने का मुंबई पुलिस का फैसला मूर्खतापूर्ण है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के मुंबई स्थित आवास के बाहर हनुमान चालीसा का पाठ करने की घोषणा के बाद उठे विवाद के चलते 23 अप्रैल को गिरफ्तार किए गए राणा दंपती को आज सुबह जमानत मिल गई। पूर्व मुख्यमंत्री फडणवीस ने यहां पत्रकारों से कहा, हनुमान चालीसा का पाठ करने के लिए किसी की गिरफ्तारी से बड़ी मूर्खता कुछ और नहीं हो सकती। यह सरकार की मूर्खता थी और मिली जमानत इसे सही साबित करती है। गौरतलब है कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के बांद्रा स्थित निजी आवास के बाहर हनुमान चालीसा का पाठ करने की सार्वजनिक घोषणा से उत्पन्न विवाद के बाद राणा दंपति को 23 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया था।

# द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत बनाने के तरीकों पर हुई चर्चा

**● प्रधानमंत्री मोदी ने नॉर्डिक देशों के अपने समकक्षों के साथ की बैठकें**

भाषा। कोपेनहेगन

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी** ने बुधवार को नॉर्वे, स्वीडन, आइसलैंड और फिनलैंड के अपने समकक्षों के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं और इस दौरान उनके साथ द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत बनाने के तरीकों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री ने यूरोपीय देशों के इन नेताओं के साथ क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रम पर विचारों का आदान-प्रदान किया। तीन यूरोपीय देशों की यात्रा के दूसरे चरण में मंगलवार को बर्लिन से यहां पहुंचे मोदी ने डेनमार्क की राजधानी में दूसरे भारत-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन से इतर इन चार नॉर्डिक नेताओं से मुलाकात की। मोदी ने नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गहर स्टोर के साथ सबसे पहले बैठक की और इस दौरान दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। मोदी ने ट्वीट किया, नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गहर स्टोर के साथ सार्थक बैठक की। समुद्री अर्थव्यवस्था (ब्लू इकोनॉमी), स्वच्छ ऊर्जा, अंतरिक्ष, स्वास्थ्य देखभाल और अन्य क्षेत्रों में सहयोग को आगे बढ़ाना शामिल था। नॉर्वे भारत की हाल में घोषित आर्कटिक नीति का एक प्रमुख स्तंभ है। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने कहा कि इस दौरान क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रम पर भी चर्चा हुई। दोनों नेताओं ने ब्लू इकोनॉमी, नवीकरणीय ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन, सौर और पवन परियोजनाओं, हरित नौवहन, मत्स्य पालन, जल प्रबंधन, वर्षा जल संचयन, अंतरिक्ष सहयोग, दीर्घकालिक बुनियादी ढांचा निवेश, स्वास्थ्य और संस्कृति जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की संभावनाओं पर चर्चा की।



प्रधानमंत्री मोदी ने स्वीडन की प्रधानमंत्री मैग्डेलेना एंडरसन से मुलाकात की और दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों को प्रगाढ़ बनाने के तरीकों और संयुक्त कार्य योजना में प्रगति पर चर्चा की। मोदी ने ट्वीट किया, हमने सुरक्षा, सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), अनुसंधान और नवाचार जैसे प्रमुख क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत बनाने के तरीकों पर चर्चा की। हमारे देशों के बीच मजबूत संबंधों से हमारे लोगों को फायदा होगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने ट्वीट किया, नवाचार, प्रौद्योगिकी और निवेश पर स्थापित एक साझेदारी। प्रधानमंत्री मोदी ने स्वीडिश प्रधानमंत्री मैग्डेलेना एंडरसन के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। संयुक्त कार्य योजना की प्रगति की समीक्षा की।

विदेश मंत्रालय ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रम पर भी चर्चा हुई। मंत्रालय ने कहा, आज की बैठक में, दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय साझेदारी में हुई प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने लीड आईटी (लीडरशिप ग्रुप ऑन इंडस्ट्री ट्रांजिशन) पहल की प्रगति पर भी संतोष व्यक्त किया। विज्ञप्ति में कहा गया है, दोनों नेताओं ने नवाचार, जलवायु प्रौद्योगिकी, जलवायु कार्रवाई, हरित हाइड्रोजन, अंतरिक्ष, रक्षा, नागरिक उड्डयन, आर्कटिक, ध्रुवीय अनुसंधान, स्थाई खनन और व्यापार और आर्थिक संबंधों जैसे क्षेत्रों में सहयोग को और प्रगाढ़ बनाने की संभावनाओं पर भी चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी ने आइसलैंड की प्रधानमंत्री कैटरीन जैकोब्सदोतिर से भी मुलाकात की और व्यापार, ऊर्जा और मत्स्य पालन जैसे क्षेत्रों में संबंधों को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने ट्वीट किया, प्रधानमंत्री मोदी ने आइसलैंड की प्रधानमंत्री कैटरीन जैकोब्सदोतिर से बातचीत की। उन्होंने व्यापार, ऊर्जा, मत्स्य पालन और अन्य क्षेत्रों में संबंधों को बढ़ाने पर चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी ने फिनलैंड की अपनी समकक्ष सना मरीन से मुलाकात की और व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी और अन्य क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत बनाने के तरीकों पर चर्चा की।

## क्विक न्यूज

### दुनिया में तानाशाही और लोकतंत्र के बीच जंग चल रही है: बाइडन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि दुनिया में तानाशाही और लोकतंत्र के बीच जंग चल रही है और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग का मानना है कि 21वीं सदी में लोकतंत्र को बनाए नहीं रखा जा सकता। बाइडन ने अलबामा के लॉकहीड मार्टिन पाइक काउंटी ऑपरेशन में मंगलवार को कहा, हम इतिहास में बदलाव के मोड़ पर है, यकीनन...यह प्रत्एक छठवीं या आठवीं पीढ़ी में होता है, जहां चीजें बहुत तेजी से बदलती हैं, लेकिन हमें नियंत्रण में रहना होता है। उन्होंने कहा, मित्रों दुनिया में तानाशाही और लोकतंत्र के बीच जंग चल रही है। चीन के नेता शी चिनफिंग, जिनके साथ मेरी बात हुई और उनके साथ मैंने दुनिया के किसी अन्य नेता की तुलना में अधिक वक्त बिताया है। उनके साथ व्यक्तिगत तौर पर और फोन पर करीब 78 घंटे बिताए हैं और उनका कहना है कि 21वीं सदी में लोकतंत्र को बनाए नहीं रखा जा सकता। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, यह मजाक नहीं है। इसे इसलिए नहीं बनाए रखा जा सकता, क्योंकि चीजें तेजी से बदल रही हैं। लोकतंत्र सहमति से बनता है और सहमति बनना मुश्किल है लेकिन केवल इसलिए तानाशाही नहीं ला सकते। ऐसा नहीं होने वाला। अगर ऐसा होता है तो पूरी दुनिया बदल जाएगी। बाइडन ने लोगों से कहा कि वह इस बात को संभव बना रहे हैं कि यूक्रेन के लोग अपनी रक्षा खुद कर सकें अमेरिका को युद्ध में शामिल होने का खतरा नहीं उठाना पड़े। उन्होंने लॉकहीड के कर्मचारियों को बताया कि अमेरिका ने यूक्रेन को 5500 से अधिक जैवलिन टैंक रोधी मिसाइलें देने का वादा किया है। लॉकहीड कंपनी इन्हीं मिसाइलों का निर्माण करती है।

### श्रीलंका में विपक्षी दल ने पीएम के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पेश किया

**कोलंबा।** श्रीलंका के मुख्य विपक्षी दल ने प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे और उनके मंत्रिमंडल के विरुद्ध एक अविश्वास प्रस्ताव जारी किया है। विपक्ष का आरोप है कि देश जब अपने सबसे बुरे आर्थिक दौर से गुजर रहा है तब राजपक्षे ने अपने संवैधानिक दायित्वों का निर्वहन नहीं किया। साजित प्रेमदासा के नेतृत्व में यूनाइटेड पीपुल्स फोर्स पार्टी के एक समूह ने मंगलवार को प्रस्ताव पेश किया और संसद के अध्यक्ष महिंदा यापा अबेवर्देना से अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान कराने की मांग की। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब देशभर में राजपक्षे और उनके छोटे भाई राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे के विरोध में प्रदर्शन हो रहे हैं। राजपक्षे और उनके मंत्रिमंडल को सत्ता से हटाने के लिए 225 सदस्यीय संसद में बहुमत चाहिए होगा। यूनाइटेड पीपुल्स फोर्स के पास 54 मत हैं और उन्हें छोटी पार्टियों से समर्थन मिलने की उम्मीद है। सत्तारूढ़ दल के पास लगभग 150 मत हैं लेकिन आर्थिक संकट के दौरान इस संख्या में कमी आई है जिससे कुछ नेताओं के पार्टी के विपरीत जाने की आशंका है। संसद की बुधवार को होने वाली बैठक के बाद इस पर निर्णय लिया जा सकता है कि अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान कराया जाए या नहीं।

### युगांडा में बस हादसे में 20 लोगों की मौत

**कम्पाला (युगांडा)।** पश्चिमी युगांडा में एक सड़क हादसे में यात्री बस में सवार 20 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। बुधवार को सुबह हुए इस हादसे में मारे गए लोगों में सात नाबालिग हैं। पुलिस ने बताया कि हादसे के कारणों का तत्काल पता नहीं चल सका है। बस फोर्ट पोर्टल शहर से युगांडा की राजधानी कम्पाला जा रही थी। सोशल मीडिया पर साझा किए गए हादसे के फोटो में लोगों को दुर्घटना स्थल पर मलबे से यात्रियों को बचाते हुए देखा जा सकता है।

### उद्योगपति लॉर्ड स्वराज पॉल की पत्नी अरुणा का निधन

**लंदन।** प्रमुख प्रवासी भारतीय (एनआरआई) उद्योगपति लॉर्ड स्वराज पॉल की पत्नी अरुणा पॉल का मंगलवार रात यहां स्थित उनके घर पर निधन हो गया। वह 86 वर्ष की थीं। परिवार के एक करीबी सदस्य ने उनकी मौत की खबर की पुष्टि करते हुए कहा, वह जिंदादिल इंसान थीं और हमेशा लोगों की मदद के लिए तत्पर रहती थीं। अरुणा पॉल के परिवार में उनके पति और तीन बच्चे-दो बेटे आकाश तथा अंबर और बेटी अंजलि हैं। लॉर्ड पॉल ब्रिटेन स्थित कैपरो ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज के संस्थापक हैं, जिसका काम अमेरिका, भारत, कनाडा और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) तक फैला है।

### डोमिनीक गणराज्य के राजदूत का हैती में अपहरण

**सैंटो डोमिंगो।** डोमिनीक गणराज्य के एक राजदूत को पड़ोसी देश हैती से प्रत्यक्ष तौर पर अगवा कर लिया गया है। स्थानीय समाचारपत्र एल डिया ने मंगवार को अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि सरकार ने सीमा पर सैन्यकर्मियों की संख्या बढ़ा दी है। राजदूत को अगवा किए जाने के संबंध में कोई टिप्पणी नहीं की है। हैती की राजधानी पोर्ट-ऑ-प्रिंस में देश के राजदूत कार्लोस गुईलेन टाटिस को शुक्रवार को प्रत्यक्ष तौर पर अगवा कर लिया गया, उस वक्त वह सीमा क्रासिंग की ओर बढ़ रहे थे। राजनयिक फास्क मिगुएल कास्टिलो ने भी कहा कि टाटिस को हैती की राजधानी के क्रोइक्स-डेस-बुकेट्स जिले से शायद अगवा कर लिया गया है।

# अमेरिका ने आव्रजन कार्य परमिट की खत्म हो रही मियाद डेढ़ साल तक बढ़ाने का ऐलान किया

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने ऐलान किया कि है कि कुछ श्रेणी के आव्रजकों को अवधि पूरी होने के बाद भी कार्य परमिट का इस्तेमाल अतिरिक्त डेढ़ साल तक करने की अनुमति दी जाएगी। इस श्रेणी में ग्रीन कार्ड पाने के इच्छुक लोग और एच-1 बी वीजा धारक के पति-पत्नी शामिल हैं। स्थानीय निवास कार्ड के रूप में पहचाने जाने वाला ग्रीन कार्ड प्रवासियों को जारी किया गया एक ऐसा दस्तावेज है, जो इस बात को प्रमाणित करता है कि धारक को अमेरिका में स्थाई रूप से रहने का विशेषाधिकार दिया गया है। अमेरिका के गृह सुरक्षा विभाग की ओर से गत मंगलवार को जारी किया गया यह आदेश चार मई, 2022 से प्रभावी होगा। मौजूदा रोजगार प्राधिकरण कार्ड (ईएडी) पर अवधि समाप्त होने की अंकित तारीख से इसका विस्तार 180 दिनों से बढ़कर स्वत: 540 दिनों तक विस्तारित हो जाएगा। यूएससीआईएस निदेशक उर एम. जद्दो



ने कहा, संयुक्त राज्य अमेरिका नागरिक एवं अप्रवासी सेवा (यूएससीआईएस) बड़ी संख्या में ईएडी के लंबित मामलों को निपटा कर रहा है। रोजगार सत्यापन के लिए 180 दिन का स्वत: विस्तार फिलाहल अपर्याप्त है।

निदेशक ने कहा कि ए अस्थाई नियम उन गैर निवासी लोगों को रोजगार बरकरार रखने और परिवार की मदद करने का एक अवसर प्रदान करेंगे, जो स्वत: विस्तार के पात्र हैं। अमेरिकी नियोक्ताओं को और अधिक व्यवधान से बचाया जा रहा है। यदि आव्रजक का ईएडी स्वत: विस्तार अवधि की 540 दिन की सीमा के अंदर आता है और वह अन्यथा भी पात्र है, तो वह अपना रोजगार बरकरार रख सकेगा।

नवीनीकरण के लिए आवेदन करने के साथ चार मई, 2022 तक वैध ईएडी रखने वाले गैर नागरिक या 27 अक्टूबर, 2023 से पहले समय रहते ईएडी नवीनीकरण के लिए आवेदन करने वाले प्रवासियों को 540 दिन तक स्वत: विस्तार का लाभ दिया जाएगा, भले ही नवीनीकरण के आवेदन को लेकर जारी प्रक्रिया के पूर्ण होने से पहले ही ईएडी की तारीख सामाप्त हो चुकी हो। भारतीय-अमेरिकी समुदाय के नेता अजय जैन भूटोरिया ने कहा कि नियम में बदलाव से तत्कालिक रूप से करीब 87000 प्रवासियों को मदद मिलेगी जिनके कार्य परमिट की अवधि समाप्त हो गई है या आगामी 30 दिनों में समाप्त होने वाली है। अजय ने कहा कि सरकार का अनुमान है कि कार्य परमिट का नवीनीकरण करने वाले 4,20,000 प्रवासियों को रोजगार की सुरक्षा मिलेगी।

# ओमीक्रोन का प्रसार रोकने के लिए बीजिंग में कई पाबंदियां लागू

**● ज्यादातर मेट्रो व बसें ठप**

**बीजिंग।** चीन की राजधानी बीजिंग में कोरोना वायरस के ओमीक्रोन स्वरूप के प्रसार पर रोक लगाने के लिए कई पाबंदियां लागू की गई हैं। बीजिंग प्रशासन ने बुधवार को स्कूलों के बंद रहने की अवधि एक सप्ताह और बढ़ाने के अलावा कई मेट्रो स्टेशन, रेस्तरां और कारोबार को बंद करने का आदेश दिया। करीब 2.1 करोड़ की आबादी वाले इस शहर में लोगों की प्रतिदिन कोविड-19 जांच के आदेश दिए गए हैं। कोविड-19 के अत्यंत संक्रामक स्वरूप ओमीक्रोन के कहर के कारण चीन की वाणिज्यिक राजधानी शंघाई एक महीने से ज्यादा समय तक ठहर सी गई थी।

बीजिंग में पिछले 24 घंटों के दौरान कोविड-19 के 53 नए मामले दर्ज किए गए, जिससे महामारी के मरीजों की कुल संख्या शहर में 500 से ज्यादा हो गई। इसके मद्देनजर वायरस के प्रसार पर रोक लगाने के लिए कई कड़े कदम उठाए गए और एहतियात के तौर पर स्कूलों को बंद रखने की अवधि को एक और हफ्ते तक बढ़ा दिया गया। राजधानी में बुधवार को 40 सबवे स्टेशन (कुल सबवे का 10 फीसदी) और 158 बस मार्ग बंद रहे। स्थगित की गईं अधिकतर सेवाएं और पाबंदी से प्रभावित स्टेशन चाओयांग जिले में हैं।

बीजिंग में सभी किंडरगार्टन, प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों और माध्यमिक व्यावसायिक विद्यालयों ने 11 मई तक , एक और सप्ताह के लिए कक्षाएं स्थगित कर दी हैं। बीजिंग प्रशासन ने कहा कि विद्यार्थी स्कूलों में कब लौटेंगे, यह कोविड-19 संक्रमण की स्थिति पर निर्भर करेगा। जिन लोगों को वास्तव में बीजिंग छोड़ने की आवश्यकता है, उन्हें विमान या ट्रेन में सवार होने से पूर्व, 48 घंटे के भीतर एक न्यूक्लिक एसिड जांच का निगेटिव प्रमाणपत्र और एक ग्रीन हेल्थ कोड प्रस्तुत करना होगा।

# यूरोप में हवाई गश्त करेंगे वर्मोंट के एफ-35 विमान

**साउथ बर्लिंगटन (अमेरिका)।** वर्मोंट एयर नेशनल गार्ड के एम-35 लड़ाकू विमानों की विदेश में पहली तैनाती के तहत इसके पायलट और उनके विमान यूरोप के आसमान में गश्त करेंगे। 200 से अधिक वरमोंट एयर गार्ड कर्मी, उनके उपकरण और आठ एफ -35 विमान अब यूरोप में हैं। वहां पायलट रूसी विमानों द्वारा किसी संभावित घुसपैठ को लेकर क्षेत्र की निगरानी के लिए नाटो के पूर्वी हिस्से में उन्नत हवाई गश्ती अभियान संचालित करेंगे। इस तैनाती के साथ ही एफ-35 उड़ाने वाली देश की पहली इकाई वर्मोंट एयर नेशनल गार्ड ने वायुसेना के नवीनतम हवाई जहाज के साथ विदेशों में पहली तैनात पाई है। यह तैनाती ऐसे समय की गई है जब वरमोंट गार्ड को एफ -16 लड़ाकू विमानों की जगह कुछ ही महीने पहले एफ-35 लड़ाकू विमान मिले हैं। ए विमान सितंबर 2019 में वर्मोंट पहुंचने शुरू हुए थे। वर्मोंट गार्ड के 158 वें फाइटर विंग के भीतर एक स्क्वाड्रन कमांडर लेफ्टिनेंट कर्नल जॉन रॉकी मैकरेई ने कहा, हम वहां नाटो की रक्षा के लिए हैं।

# आधार की वैधता पता करने के कई तरीके उपलब्ध: यूआईडीएआई

**नई दिल्ली।** भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने बुधवार को कहा कि आधार की वैधता का पता करने के कई तरीके उपलब्ध हैं। यूआईडीएआई ने कहा कि ऑनलाइन और ऑफलाइन, दोनों तरीकों से आधार की वैधता का पता आसानी से लगाया जा सकता है। प्राधिकरण ने ऐसा करने के कई तरीके भी बताए। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया कि ऑनलाइन माध्यम के जरिए आधार कार्डधारक की उम्र, लिंग, राज्य और मोबाइल के अंतिम तीन अंक के बारे में माईआधार डॉट यूआईडीएआई डॉट इन पर जाकर सत्यापित किया जा सकता है। विज्ञप्ति में कहा गया कि ऑफलाइन माध्यम के जरिए आधार कार्ड के क्यूआर कोड से जानकारी सत्यापित की जा सकती है। भले ही आधार कार्ड के साथ छेड़छाड़ की गई हो, लेकिन क्यूआर कोड की जानकारी सुरक्षित है।

# फसल 2021-22 के लिए गेहूं उत्पादन का अनुमान घटाकर 10.5 करोड़ टन किया

**नई दिल्ली।** सरकार ने जून में समाप्त होने वाले फसल वर्ष 2021-22 के लिए गेहूं उत्पादन के अनुमान को 5.7 प्रतिशत घटाकर 10.5 करोड़ टन कर दिया है। पहले गेहूं उत्पादन 11 करोड़ 13.2 लाख टन रहने का अनुमान लगाया गया था। अनुमान में गिरावट का कारण गर्मी की जल्द शुरुआत होने की वजह से फसल उत्पादकता प्रभावित होना है। खाद्य सचिव सुधांशु पांडेय ने कहा कि कृषि मंत्रालय ने फसल वर्ष 2021-22 के लिए गेहूं उत्पादन अनुमान को संशोधित कर 10.5 करोड़ टन कर दिया है, जो पहले 11.13 करोड़ टन था। फसल वर्ष 2020-21 (जुलाई-जून) में भारत का गेहूं उत्पादन 10 करोड़ 95.9 लाख टन रहा था। अनुमानों में कमी के लिए गर्मी की जल्द शुरुआत को प्रमुख वजह बताया गया है। हालांकि, पांडेए ने कहा कि गेहूं के निर्यात को नियंत्रित करने का कोई मामला नहीं बनता है।

कई कारणों की वजह से सरकार की गेहूं खरीद विपणन वर्ष 2022-23 (अप्रैल-मार्च) में घटकर 1.95 करोड़ टन रहने की उम्मीद है, जो पिछले वर्ष की तुलना में बहुत कम है। इन कई कारणों में- न्यूनतम समर्थन मूल्य की तुलना में कुछ राज्यों में गेहूं की बाजार कीमत अधिक होना है। कुछ राज्यों में अनुमान से कम उत्पादन होने की वजह से कीमतों में और अधिक वृद्धि होने की संभावना को देखते हुए किसानों और व्यापारियों द्वारा स्टॉक को बचाकर रखा जा रहा है। मुफ्त राशन योजना पीएमजीकेएवाई के तहत वितरण के लिए सरकार ने राज्यों को गेहूं के स्थान पर 55 लाख टन अतिरिक्त चावल आवंटित किया है। केंद्र ने कोरोनो वायरस महामारी के दौरान लोगों की कठिनाइयों को कम करने के अपने प्रयासों के तहत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के दायरे में आने वाले 80 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को मुफ्त खाद्यान्न प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना शुरू की है। इस योजना के तहत केंद्र प्रति व्यक्ति प्रति माह पांच किलोग्राम खाद्यान्न मुफ्त प्रदान करता है।


# रेपो दर में बढ़ोतरी से वाहन उद्योग की वृद्धि पर लगेगा ब्रेक: फाडा

**नई दिल्ली।** वाहन डीलरों के संगठन फाडा ने बुधवार को कहा कि रेपो दर में बढ़ोतरी से वाहन उद्योग की वृद्धि पर कुछ हद तक ब्रेक लगेगी और पहले से मंदी के दौर से गुजर रहा दोपहिया वाहन क्षेत्र प्रभावित होगा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के बुधवार को रेपो दर में 0.40 प्रतिशत की वृद्धि की है। इस निर्णय से आवास, वाहन समेत अन्य कर्ज की मासिक किस्तों पर भी असर पड़ेगा। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के अध्यक्ष विंकेश गुलाटी ने एक बयान में कहा, रेपो दर में 0.40 प्रतिशत की बढ़ोतरी के आरबीआई के कदम ने सभी को स्पष्ट रूप से चौंका दिया है। इस कदम से अतिरिक्त नकदी पर अंकुश लगेगा और वाहन ऋण महंगा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि लंबी प्रतीक्षा अवधि के कारण यात्री वाहन श्रेणी इस झटके को सह सकता है लेकिन दोपहिया वाहन खंड उंची वाहन ऋण लागत का एक और झटका सहन नहीं कर पाएगा।

# रेपो दर में वृद्धि के फैसले से औंधे मुंह गिरा बाजार

**● निवेशकों के 6.27 लाख करोड़ रुपए डूबे**

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक के रेपो दर में वृद्धि के फैसले के बाद बुधवार को घरेलू शेयर बाजार औंधे मुंह लुढ़क गए। रिजर्व बैंक की तरफ से यह कदम अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के नीतिगत फैसले से ठीक पहले उठाया गया है। भू-राजनीतिक तनाव के कारण उंची कीमतों से मुकाबला करने के लिए विश्लेषकों को अमेरिकी केंद्रीय बैंक की तरफ से भी इसी तरह के कदम की उम्मीद है। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,306.96 यानी 2.29 प्रतिशत लुढ़क कर पिछले दो महीने के निचले स्तर 55,669.03 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह एक समय 1,474.39 अंक तक नीचे चला गया था। सेंसेक्स में लगातार तीसरे दिन गिरावट हुई है। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 391.50 अंक यानी 2.29 प्रतिशत टूटकर 16,677.60 अंक पर बंद हुआ। बाजारों में गिरावट







के बीच बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियां का बाजार पूंजीकरण 6.27 लाख करोड़ रुपए घटकर 2,59,60,852.44 करोड़ रुपए पर आ गया। सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फाइनेंस के शेयर में सबसे अधिक 4.29 प्रतिशत की गिरावट हुई। टाइटन, बजाज फिनसर्व, इंडसइंड बैंक, एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और मारुति के शेयर भी नुकसान में रहे। वहीं दूसरी तरफ पावरग्रिड, एनटीपीसी और कोटक महिंद्रा बैंक लाभ में रहे।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार के विजयकुमार ने कहा, बिना पूर्व कार्यक्रम के एमपीसी की बैठक में रेपो दर में 0.40 प्रतिशत और नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में 0.50 प्रतिशत की वृद्धि चौंकाने वाली है, क्योंकि यह कदम उस दिन उठाया गया, जब एलआईसी का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) खुला है। जूलियस बेयर इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं वरिष्ठ सलाहकार उन्मेश कुलकर्णी ने कहा कि आरबीआई द्वारा मुद्रास्फीति का अनुमान को कम लगाने की चिंता के बीच एमपीसी ने यह कदम उठाया है। इसके अलावा बीएसई का मिडकैप 2.63 तथा स्मॉलकैप 2.11 प्रतिशत फिसल गया। अमेरिका के केंद्रीय बैंक की बैठक से पहले वैश्विक बाजार देखो और प्रतीक्षा करो की नीति अपना रहे हैं। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में भी दोपहर कारोबार में गिरावट का रुख रहा। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 3.12 प्रतिशत उछलकर 108.3 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने सोमवार को 1,853.46 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर बेचे।

# रिजर्व बैंक का कदम बाजारों के लिए दोहरा झटका, आगे और सख्ती संभव: विश्लेषक

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के रेपो दर और नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में वृद्धि के फैसले को बाजारों के लिए दोहरा झटका बताते हुए विश्लेषकों ने केंद्रीय बैंक की तरफ से भविष्य में और अधिक सख्ती की संभावना जताई है। आरबीआई ने मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए नीतिगत दर (रेपो) को 0.40 फीसदी बढ़ाकर 4.40 प्रतिशत कर दिया है। साथ ही नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) 0.50 प्रतिशत बढ़ाकर 4.5 प्रतिशत करने का भी फैसला किया है। इससे बैंकों के पास 87,000 करोड़ रुपए की नकदी घटेगी। इस घटनाक्रम पर नजर रखने वाले कई विशेषज्ञों ने कहा कि छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति रेपो दर में एक बार फिर 0.50 प्रतिशत की वृद्धि करेगी।

शेयर बाजारों में दो प्रतिशत से अधिक की गिरावट का जिक्र करते हुए आईएफए ग्लोबल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अभिषेक गोयनका ने कहा कि आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास के दोहरे झटके के कारण बाजार में इतनी बड़ी गिरावट आई। उन्होंने कहा, बाजार आरबीआई की तरफ से नीतिगत दर में वृद्धि की उम्मीद कर रहा था, लेकिन इसकी रफ्तार धीमी रहने की संभावना थी। ब्रिटिश ब्रोकरेज बार्कलेज के भारत में मुख्य अर्थशास्त्री राहुल बाजोरिया ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि जून की शुरुआत में होने वाली अगली बैठक में आरबीआई रेपो दर में कम से कम 0.50 फीसदी की बढ़ोतरी करेगा और जब यह 5.15 प्रतिशत को छू जाएगी उसके बाद ही केंद्रीय बैंक कुछ राहत लेगा। आनंद राठी शेयर्स एंड स्टॉक ब्रोकर्स के मुख्य अर्थशास्त्री सुजान हाजरा ने कहा कि उन्हें मुद्रा बाजार की दरों में तत्काल वृद्धि और इसका कुछ पारेषण दीर्घावधि के बांड बाजार में होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, छोटी अवधि में इस कदम का शेयर बाजारों पर नकरात्मक असर रहने की संभावना है। रेटिंग एजेंसी केयर रेटिंग्स की मुख्य अर्थशास्त्री रजनी सिन्हा ने कहा कि रेपो दर में बढ़ोतरी इस समय बहुत जरूरी थी।

# इंडियन ऑयल अध्यक्ष ने कुशीनगर से किया दो किलो के एफटीएल सिलेंडर मुन्ना का शुभारंभ

**● एक्सपी 95 प्रीमियम फ्यूल रैली को भी झंडी दिखाकर किया रवाना**

**लखनऊ।** इंडियन ऑयल के अध्यक्ष श्रीकांत माधव वैद्य ने आज कुशीनगर स्थित भारत ट्रांसपोर्ट पेट्रोल पम्प से गोरखपुर और आसपास के क्षेत्र वासियों को 2 किलो एफटीएल सिलेंडर मुन्ना की सौगात दी। श्री वैद्य ने इस सिलेंडर को बाजार में उतार कर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के ग्राहकों जैसे मजदूर, फुटपाथ पर रहने वाले, छोटे रेहड़ी वाले, हलवाई, हाथ ठेला लगाने वाले, कम एलपीजी खपत वाले छात्र इत्यादि का जीवन सुगम करने की मुहिम का आरंभ कर दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए इंडियन ऑइल के अध्यक्ष ने कहा कि ग्राहक सेवा इंडियन ऑइल के लिए सर्वोपरि है। कंपनी के मूल में देखभाल, नवाचार,




जुनून, विश्वास है। मुन्ना भी इसी का उदाहरण है। दो किलो एफटीएल सिलेंडर खरीदने के लिए केवल पहचान के प्रमाण की आवश्यकता होगी। गोरखपुर में एक मुन्ना लेने के लिए 1008.50 के साथ 18 प्रतिशत जीएसटी (एक बार) के साथ 300.5 रुपये रीफिल चार्ज देना होगा।

इस अवसर पर राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित और प्राथमिक विद्यालय तिलौली की प्रधानाध्यापिका अल्पा निगम को 10 किलो का कम्पोजिट सिलेंडर देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर इंडियन ऑइल उत्तर प्रदेश.1 के कार्यकारी निदेशक एवं राज्य प्रमुख संजीव कक्कड़ ने कहा इंडियन ऑइल रिटेल आउटलेट, इंडेन डिस्ट्रीब्यूटरशिप और किराना स्टोर सहित बिक्री के विभिन्न बिंदुओं पर उपलब्ध हैं। श्री वैद्य ने इस अवसर पर एक्सपी.95 बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर अध्यक्ष इंडियन ऑइल की मौजूदगी में रजत कौशल ने पम्प परिचारक और ग्राहक परिचारकों को भी सम्मानित किया। इस अवसर पर कृष्ण मोहन ठाकुर महाप्रबन्धक एलपीजी, रजत कौशल महाप्रबन्धक रीटेल, सर्वजीत सिंह चीफ़ मैनेजर कॉर्पोरेट संचार, मनीष गुप्ता मण्डल एलपीजी प्रमुख, गोरखपुर मंडलीय शाहीय रीटेल प्रमुख गोरखपुर भी मौजूद रहे।

# एलआईसी के आईपीओ को पहले दिन मिला 67 प्रतिशत अभिदान

**नई दिल्ली।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को पहले दिन बुधवार को 67 प्रतिशत अभिदान मिला। शेयर बाजारों के आंकड़ों के अनुसार कुल निर्गम में से पॉलिसीधारकों वाले हिस्से को 1.9 गुना अभिदान मिला। सरकार को एलआईसी के आईपीओ से 21,000 करोड़ रुपए जुटने की उम्मीद है। वह एलआईसी में अपनी 3.5 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने जा रही है। आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 902 से 949 रुपए प्रति शेयर तय किया गया है। आईपीओ आज खुदरा और संस्थागत निवेशकों के लिए खुला और यह नौ मई को बंद होगा। बीएसई पर उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, पहले दिन पॉलिसीधारकों वाले हिस्से को 1.9 गुना अभिदान मिला, जबकि कर्मचारियों के लिए आरक्षित हिस्सा पूरा भर गया। पात्र संस्थागत खरीदारों (क्यूआईबी) और गैर-संस्थागत खरीदारों वाले हिस्से के लिए अबतक कुछ खास प्रतिक्रिया नहीं मिली है। पहले दिन क्यूआईबी वाले हिस्से को 33 प्रतिशत और गैर-संस्थागत खरीदारों के हिस्से को 27 प्रतिशत अभिदान मिला। खुदरा निवेशकों की श्रेणी में करीब 60 प्रतिशत अभिदान मिला। खुदरा निवेशकों और पात्र कर्मचारियों को प्रति इक्विटी शेयर 45 रुपए की छूट मिलेगी, जबकि एलआईसी के पॉलिसीधारक 60 रुपए प्रति इक्विटी शेयर की छूट पा सकेंगे। यह आईपीओ बिक्री पेशकश (ओएफएस) के रूप में है और इसके जरिए सरकार 22.13 करोड़ शेयर बेचना चाहती है। कंपनी के शेयर 17 मई को सूचीबद्ध हो सकते हैं। एलआईसी ने बताया कि उसने एंकर निवेशकों से 5,627 करोड़ रुपए जुटा लिए हैं जिनमें घरेलू कंपनियों की बहुतायत है। एंकर निवेशकों के लिए 949 रुपए प्रति इक्विटी शेयर की दर पर 5.92 करोड़ शेयर आरक्षित रखे

# यूएई के साथ व्यापार समझौते के दायरे से भारत ने रखा 1,157 उत्पादों को बाहर

**नई दिल्ली।** भारत ने संयुक्त अरब अमीरात के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौते के दायरे से टेलीविजन, पिक्चर ट्यूब, साबुन, खिलौने, जूते, इंस्टेंट कॉफी, शरबत और पेट्रोलियम वैक्स समेत कुल 1,157 उत्पादों को बाहर रखा है। यह समझौता एक मई से प्रभाव में आया है। इन उत्पादों के घरेलू उद्योग पर असर न पड़े, इसलिए भारत-यूएई व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) के तहत इन 1,157 उत्पादों पर सीमा शुल्क में भारत कोई रियायत नहीं देगा।

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that my client, Kiran Bansal W/o Bhagwan Dass C/o Kishan Trading Company Old Grain Market Sunam Sangrur 148028. Allottee/Purchaser/Owner of Flat No760, Pocket B1, Loknayak Puram, Delhi vide DDA File No.L4 83(63)2011/DDA-10/LN. The original documents i.e. Possession letter and NOC Of Water and Electricity of the above said Flat has been lost. An F. I. R./DDR No. 017 dated 30/11/2021 to this effect has been lodged in Police Station Anaj Mandi Patiala(Punjab). Patiala If Any Person (s) Claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above address/phone no. 9463690940 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objection with respect to this property, can personally inform or write to Deputy Director Housing or Director Housing, DDA, Vikas Sadan, New Delhi.

# श्रद्धालुओं से भरी बस-ट्रक के बीच टक्कर में दंपति की मौत, 12 घायल

भाषा। इटावा (उत्तर प्रदेश)

**इटावा जिले** के चौविया क्षेत्र में बुधवार तड़के कर्नाटक से आ रहे श्रद्धालुओं से भरी एक बस के आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर एक ट्रक से टकरा जाने से उस पर सवार एक दंपत्ति की मृत्यु हो गई, जबकि 12 अन्य यात्री घायल हो गए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश सिंह ने यहां बताया कि आगरा से बनारस जा रहे कर्नाटक निवासी श्रद्धालुओं से भरी एक बस की आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर चौविया थाना क्षेत्र के अंतर्गत चैनल नंबर 113 पर ट्रक से टक्कर हो गई। इस हादसे में बस पर सवार कर्नाटक के बेलगाम निवासी बिठ्ठल मारुति सुचिता (65) एवं उनकी पत्नी सुलोचना (60) की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि हादसे में बस सवार 12 अन्य श्रद्धालु घायल हो गए। उन्होंने बताया कि हादसे में बस सवार 12 अन्य श्रद्धालु घायल हो गए। उनमें से 10 को सैफई मेडिकल कॉलेज मे भर्ती कराया गया है। मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए हैं। सिंह ने बताया कि श्रद्धालु कर्नाटक से दिल्ली, मथुरा, वृन्दावन और आगरा से वाराणसी जा रहे थे। बस में कुल 50 तीर्थयात्री सवार थे।

## विवाह समारोह में युवक की गोली मारकर हत्या

**शाहजहांपुर ( उत्तर प्रदेश )।** जिले में एक विवाह समारोह में मामूली कहासुनी को लेकर एक युवक की गोली मारकर कथित रूप से हत्या कर दी गई। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि पुवायां थाना क्षेत्र स्थित काशीराम कॉलोनी में मंगलवार रात विवाह समारोह के दौरान राहुल अग्निहोत्री नामक युवक से ओम (18) का किसी बात को लेकर विवाद हो गया। उन्होंने बताया कि कहासुनी के बाद राहुल ने तमंचे से ओम को गोली मार दी जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूत्रों ने बताया कि पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने मृतक ओम के पिता दिनेश की तहरीर पर आरोपी राहुल अग्निहोत्री के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज कर लिया है और उसकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

## अवैध संबंधों के शक में पति ने की पत्नी की चाकू मारकर हत्या

**फिरोजाबाद ( उत्तर प्रदेश )।** फिरोजाबाद नगर के नया रसूलपुर इलाके में अवैध संबंधों के संदेह में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की चाकू से प्रहार कर कथित तौर पर हत्या कर दी। पुलिस अधीक्षक (नगर) मुकेश चंद्र मिश्रा ने बुधवार को बताया कि रसूलपुर थाना क्षेत्र स्थित नया रसूलपुर निवासी शहजाद मंगलवार को ईद के मौके पर अपने घर आया था। दोपहर में वह ईद मिलने के लिए अपने दोस्तों के साथ गया था। घर लौटने पर उसने अपनी पत्नी यासमीन के पास इमरान नामक युवक को देखा तो वह तैश में आ गया। दोनों के बीच झगड़ा होने पर पड़ोस के लोगों ने समझाबुझाकर मामला शांत कराया। उन्होंने बताया कि रात करीब साढ़े आठ बजे इमरान को लेकर शहजाद और यासमीन के बीच फिर झगड़ा शुरू हो गया। बात बढ़ने पर तैश में आए शहजाद ने अपनी पत्नी के पेट में चाकू से वार कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मिश्रा ने बताया कि वारदात के बाद शहजाद ने भागने की कोशिश की, मगर मुहल्ले के लोगों ने उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

## गृहस्वामी ने रंजिशन आग लगाने की तहरीर दी पुलिस को

**कोंच ( जालौन )।** कस्बे के मोहल्ला आजाद नगर निवासी एक व्यक्ति के घर में बुधवार तड़के लगी आग में तमाम सामान जलकर खाक हो गया। गृहस्वामी ने पुलिस को नामजद तहरीर देकर रंजिशन आग लगाने का आरोप लगाया है। इसमें दिलचस्प यह है कि पूरा मामला किरायेदार और मकान मालिक के बीच मकान खाली कराने को लेकर चले आ रहे विवाद का है। जिस पर आग लगाने का आरोप लगाया गया है उसने सप्ताह भर पहले मकान खाली नहीं करने की शिकायत पुलिस में की थी।

आजाद नगर निवासी साबिर ने बुधवार को शिकायती पत्र देकर पुलिस को बताया कि वह बाहर गया हुआ था। बुधवार तड़के करीब दो बजे उसकी बहिन ने फोन पर घर में आग लगने की सूचना दी। उसने आकर देखा तो तमाम सामान जिसमें गल्ला बगैरह भी था, पूरी तरह जलकर खाक हो चुका था। उसकी सूचना पर यूपी 112 पीआरबी भी मौके पर आ गई थी। साबिर ने तीन भाइयों पर रंजिशन आग लगाने का आरोप लगाया है जिसकी जांच पुलिस कर रही है। दरअसल, ये पूरा मामला मकान मालिक और किराएदार के बीच का विवाद बताया जा रहा है।



आगरा में चढ़ते पारे से हाल-बेहाल है, तपिश इतनी कि हलक सूखने लगते हैं और प्यास बुझती ही नहीं

## बढ़ती तपिश से लोग बेहाल

**फतेहपुर।** दिन प्रतिदिन तापमान मे हो रही वृद्धि ने आम जनानस को गर्मी से बेहाल कर दिया है। सूरज की बढ़ती तपिश के कारण आसमान से आग बरस रही है। वहीं लू के थपेड़ों ने आम जनमानस को घरों मे दुबकने पर मजबूर कर दिया है। विगत दिनों हुई बूदाबादी के कारण तापमान मे गिरावट आयी थी। जिससे लोगों ने राहत की सांस ली थी। परन्तु मई शुरू होते ही सूर्य देवता ने गर्मी का कहर ढाना शुरू कर दिया था। तापमान मे हो रही तीव्र वृद्धि और लू के थपेड़ों ने और विकराल स्थिति पैदाकर दी है। जिससे लोग घरों मे कैद होने को मजबूर हो गये हैं। बुधवार को गर्मी के कारण अपने काम से निकलने वाली महिलाओं को स्कार्फव पुरूषों को अगौंछा का सहारा लेना पड़ा। वहीं कामकाजी महिलाएं व पुरूषों को गर्मी मे लू के थपेड़ों को सहने को मजबूर है। गर्मी की भीषणता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि मई माह अभी शुरूआत ही हुयी

# पेड़ से लटकता मिला अधेड़ का शव

- बीते कई दिनों से था लापता

संवाददाता। कोंच(जालौन)



घटना स्थल पर छानबीन करती पुलिस

**नगर के** मुहल्ला नया पटेल नगर क्षेत्र में एक खेत में लगे पेड़ से 55 वर्षीय अधेड़ का शव संदिग्ध परिस्थितियों में लटकता हुआ मिला। वहीं पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृत व्यक्ति बीते करीब 20 दिन से अधिक दिनों से घर से लापता था और नशे का आदि था।

बुधवार की सुबह मुहल्ला नया पटेल नगर में कांच के मंदिर के समीप रामनारायण के खेत में लगे यूकेलिप्टस पेड़ से रस्सी के सहारे शव लटकता देख लोगों ने कोतवाली पुलिस को सूचना दी।सूचना मिलने पर कोतवाल बलिराज शाही, एसएसआई आनंद कुमार, मंडी चौकी प्रभारी सर्वेश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और आवश्यक जांच पड़ताल कर शव को नीचे उतरवाया। शव की शिनाख्त 55 वर्षीय भगवत प्रसाद शर्मा पुत्र गपई निवासी ग्राम पजौनियां थाना रेंढ़र हाल निवास नया पटेल नगर कोंच के रूप में उसके परिजनों ने की।पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।बुरी तरह से सड़ चुके शव को देखने से प्रतीत होता है कि शव करीब 10 दिन पुराना है और उक्त स्थान पर आम लोगों की आवाजाही बेहद कम रहती है जिससे घटना की जानकारी जल्दी बाहर नहीं आ सकी।मौके पर नशे की गोलियां, इंजेक्शन लगाने वाली सिरिंज आदि बरामद हुई है जिससे प्रतीत होता है कि मृतक नशे का आदि था। पुलिस पूंछतांछ में परिजनों ने बताया कि मृतक भगवत प्रसाद बीते करीब 20 दिन से अधिक दिनों से घर से लापता हो गया था और रिश्तेदारी आदि में काफी खोजबीन करने के बाद भी उसका कहीं कोई पता नहीं चल सका था, आज घर से करीब 200 मीटर दूरी पर स्थित खेत पर पेड़ के सहारे उसका शव लटकता हुआ मिला।परिजनों ने बताया कि वह अकसर ही घर से कहीं चले जाते थे और फिर कुछ दिनों के बाद वापस घर आ जाते थे।उधर, पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। मृतक के 4 पुत्र श्यामू, श्याम मोहन, पिंकू, शिवम है जबकि उसके एक अन्य पुत्र की बीते समय पूर्व सड़क हादसे में मौत हो गयी थी।

## अक्षय तृतीया का पर्व आहार दान पर्व के रूप मे प्रत्येक जैन को मनाना चाहिये

**वाराणसी।** अक्षय तृतीया के अवसर पर मंगलवार को मैदागिन स्थित बिहारीलाल जैन मंदिर में प्रथम तीर्थन्कर भगवान ऋषभदेव का फलों के रस से अभिषेक हुआ। इस मौके पर सर्वान्गभूषण आचार्य 108 श्री चैत्यसागर जी महाराज व उनके संघ ने कहा कि अक्षय तृतीया का पर्व आहार दान पर्व के रूप मे प्रत्येक जैन को मनाना चाहिये. उन्होने कहा कि अक्षय तर्तीया एक जैन पर्व है, प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव जब मुनी रूप मे चौदह वर्ष की कठिन तपस्या के बाद आहार के लिये उठे तो किसी को मुनिराज को आहारदान की नवधा भक्ती विधि का ज्ञान ही नहीं था, रोज वह आहार के लिये उठते लेकिन पडगाहन विधि के न जानने के अभाव में, वे वसतिका मे निराहार वापस आ जाते. यह क्रम लगभग एक वर्ष चला, फिर हस्तिनापुर के राजा श्रेयांस को पूर्व भव का स्मरण आने पर बैसाख शुक्ला तीज के दिन उन्होने और उनके भाई राजा सोम ने मुनि ऋषभदेव का इक्षुरस से पारणा कराते हुये प्रथम आहार दान देने का सौभाग्य प्राप्त किया, तभी से यह तिथी अक्षय बनी और अक्षय तृतीय कहलाने लगी. जिसे हमआहार दान पर्व के रुप में मनाते है.।

## क्विक न्यूज

### सड़कों पर बह रही सीवर की गंदगी से नागरिक परेशान

**कोंच (जालौन)।** इस समय समूचे नगर में सड़कों पर बह रही सीवर की गंदगी से नागरिक खासे परेशान और गुस्से में भरे हुए हैं। सालों पुरानी इस समस्या का कोई स्थाई समाधान नहीं होने के कारण यह समस्या अब विकराल रूप ले चुकी है। हालात यह बन गए हैं कि वाटर सप्लाई के मार्फत सीवर की यह गंदगी घरों के भीतर तक पहुंच रही है। इस समस्या को लेकर बुधवार को मुहल्ला लाजपत नगर निवासी अंकित स्वर्णकार आदि ने एसडीएम कृष्ण कुमार सिंह को शिकायती पत्र देकर समस्या का समाधान कराए जाने की मांग की है। नगर में ऐसा कोई इलाका नहीं है जहां सीवर की गंदगी रोड पर न बह रही हो। इस विकट समस्या ने नागरिकों को परेशान करके रख दिया है।नागरिकों ने बताया कि उन्होंने दर्जनों बार इसकी शिकायत संबंधित विभाग के साथ साथ प्रशासन से भी की है, इसके बाद भी इस समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है। यह सीवर समस्या पिछले कई सालों से बनी हुई है। अंकित स्वर्णकार ने एसडीएम के यहां एक बार फिर शिकायत करते हुए कहा कि सब्जी मंडी के मुहाने पर सीवर पाइप लाइन चोक हो जाने के चलते सीवर चौम्बर बीते लंबे समय से सड़क पर उफना रहा है। पानी की सप्लाई के साथ सीवर की गंदगी उनके घरों में पहुंच रही है जिसके चलते लोगों को हैंडपंपों के सहारे अपनी पानी की जरूरतों को पूरा करना पड़ता है। सीवर चौंबर बुरी तरह उफनाने से रोड पर बह रही गंदगी लोगों के जूता चप्पलों के साथ घरों में पहुंच रही है। मेन रोड सहित लगभग सभी गलियों में अधिकांश जगह सीवर का यही आलम है। वहीं एसडीएम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए नगर पालिका सफाई निरीक्षक को कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया है।

### चौकी प्रभारी के स्थानांतरण पर गर्मजोशी से किया अभिवादन





**जालौन (उरई)।** कस्बा चौकी प्रभारी के स्थानांतरण के बाद आज उन्हें भावभीनी विदाई दी। नगरवासियों ने फूलमाला पहनाकर गर्म जोशी के साथ अभिवादन किया गया। कस्बा चौकी प्रभारी राजकुमार निगम ने 2 फरवरी को कस्बा चौकी प्रभारी का पद ग्रहण किया था। 3 माह के कार्यकाल में उन्होंने लोगों के बीच अपनी पकड़ मजबूत की तथा लोगों की शिकायतों के समाधान में महत्वपूर्ण योगदान दिया। लोगों के काम करने में दिलचस्पी लेने के कारण जनता में लोकप्रिय हो गये। 3 मई को स्थानांतरण होने के बाद बुधवार को चौकी पर आयोजित एक समारोह में उन्हें विदाई दी गयी। लोगों ने फूलमाला पहना कर उनका अभिवादन किया। इस मौके पर डा. श्याम प्रकाश, चित्रगुप्त समिति से दिलीप श्रीवास्तव, मृत्युंजय श्रीवास्तव, इकबाल मंसूरी, अरविंद श्रीवास्तव, पवन याज्ञिक, श्रवण कुमार, सुशील कुमार, लल्लन श्रीवास्तव, विजय निगम, आदर्श, अवनींद्र कुमार, विनोद साहू आदि लोग उपस्थित रहे। चित्रगुप्त समिति के पदाधिकारियों ने विवेकानंद जी प्रतिमा देकर सम्मानित किया।

### कारीगरों और बुनकरों के उत्पादों को आगे लाने की पहल

**वाराणसी।** इस अक्षय तृतीया को छोटे और मध्यम वर्गीय परिवार वालों को विशेष ध्यान देते हुए अमेज़न डॉट इन चार मई दो हजार बाइस से अपनी समर सेल लेकर आया है जिसमें गरीब तबके के लोगो को और उनके उत्पादों को लोगो तक पहुंचेंगे जिससे कारीगरों और बुनकर को लाभ मिलेगा और उनकी आजीविका भी चलती रहेगी इस समर सेल में ग्राहक और भी अधिक बचत कर सकते हैं और किफायती फाइनेंस विकल्पों की एक विस्तृत श्रृंखला के विकल्प जैसे कि अमेजन पे आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड से ग्राहक खरीदारी पर पांच प्रतिशत तक की बचत कर सकते हैं। दैनिक भुगतान कर खरीदारी पर पांच हजार रुपये तक की बचत कर सकते हैं।

## आरएसएस का संघ शिक्षा वर्ग प्रशिक्षण 22 से उरई में

- देव आह्वान के साथ हवन-पूजन किया भूमि पूजन

**उरई ( जालौन )।** स्वयंसेवकों के सर्वांगीण विकास के लिये 22 मई से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का होने वाला संघ शिक्षा वर्ग प्रथम वर्ष के लिए आज बीकेडी एल्ड्रिच पब्लिक स्कूल झांसी रोड उरई में देव आवाहन के साथ हवन पूजन के साथ भूमि पूजन किया गया। भूमि पूजन में मुख्य यजमान के रूप में श्रीमती सुबिधा इटौरिया एवं इंजीनियर अजय इटोरिया, श्रीराम जी प्रांत प्रचारक, रमेश सह प्रांत प्रचारक अनिल प्रांत कार्यवाह, श्रीराम बहादुर प्रांत सेवा प्रमुख एवं सर्वव्यवस्था प्रमुख, श्रीमान रामकृष्ण जिला संचालक, श्यामदास नगर संचालक, शिवराम महाजन सह जिला संचालक, ओम नारायण विभाग कार्यवाह, डा. अखंड प्रता विभाग प्रचारक, यशवीर जिला प्रचारक, विभाग सेवा प्रमुख पूरनलाल, गौतम त्रिपाठी सह जिला कार्यवाह, ब्रह्मानंद खरे नगर कार्यवाह, आशीष जिला शारीरिक प्रमुख मोहित गुप्ता कार्यालय प्रमुख एवं अन्य जिला टोली के सदस्य एवं वर्ग व्यवस्था टोली उपस्थित रही। इस दौरान श्रीराम प्रांत प्रचारक द्वारा बताया गया लगने वाले संघ शिक्षा वर्ग सकुशल संपन्न हो उसके लिए भगवान से आशीर्वाद के लिए हवन पूजन के साथ आज भूमि पूजन कर शुभारंभ किया गया । व्यवस्था टोली की बैठक में प्रांत प्रचारक श्री राम जी ने बिंदुवार सभी विभागों से चर्चा की और सभी व्यवस्थाओं की बारीकी से चर्चा कर जानकारी प्रदान की जिससे कि वर्ग में कोई भी अव्यवस्था ना हो। साथ ही बताया कि वर्ग कोई कार्यक्रम ना होकर साधना और तप जिसे हम सब को उसी भाव में पूर्ण करना है। व्यवस्था टोली की विशेष जिम्मेदारी है कि वह साधना के भाव से वर्ग में रहे।

# भाजपा नेता ने खोला पंचायत सचिव के खिलाफ मोर्चा

- अपात्रों को 30-30 हजार रुपये लेकर आवास देने का आरोप
- आटा की चौपाल में आबकारी मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**कदौरा ( जालौन )।** ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम इटौरा बावनी निवासी भाजपा नेता कामता प्रसाद ने सचिव के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया है। पूर्व में डीएम सीडीओ सहित जनप्रतिनिधियों को दिए शिकायती पत्र में कार्यवाही न होने पर रोष जताया है। 2 मई को ब्लॉक क्षेत्र के आटा आए आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल को शिकायती पत्र देकर जांच के साथ साथ सचिव पर कार्यवाही की मांग की है।

भाजपा नेता ने बताया कि सचिव जगत नारायण ने 30 30 हजार रुपये लेकर अपात्रों को आवास योजना का लाभ दिया है। जिसमे शंकर, घासीराम, बाल किशुन, जगमोहन, रामदेव, बलवान, सूबेदार को पूर्व में आवास योजना का लाभ मिल चुका है जबकि 2017-18 में इनकी पत्नियों के नाम पर आवास आवंटित किए गए। जिसकी शिकायत पर अधिकारियों ने कोई कार्यवाही नही की बल्कि प्रार्थी पर ही दवाव डाला गया। विगत माह पूर्व शासन में की गई शिकायत पर परियोजना निदेशक शिवाकांत द्विवेदी व जिला समाज कल्याण अधिकारी लालजी ने गांव में पहुच कर जांच की। शिकायत सही पाई गई उसके बाद भी कोई कार्यवाही नही हुई। शिकायतकर्ता ने बताया कि सचिव जगत नारायण के पास आधा दर से अधिक ग्राम पंचायतों का कार्य भार है। और उसके विरुद्ध लगातार षडयंत्र रच रहा है। क्षेत्र में सगी रिश्तेदारी होने के कारण आए दिन धमकी दिलवा रहा है।

# गौशालाएं खाली, चारा-पानी की तलाश में सड़कों पर घूम रहे गौवंश

- ब्लॉक क्षेत्र में करीब 50 गौशालाएं हो रहह3 संचालित
- कागजों में पांच हजार मवेस्ह्र, अप्रैल से भटक रहे हैं जानवर

संवाददाता। कदौरा (जालौन)



कठपुरवा गांव की खाली पड़ी गौशाला

**ब्लॉक क्षेत्र** में गौशालाएं खाली है। गौशालाओं से छोड़े गए मवेसी सड़कों, गांव की गलियों व खेतों में चारे पानी की तलाश में भटक रहे हैं। स्थिति यह है कि सड़कों पर घूमने वाले अन्ना मवेसी अक्सर वाहनों की चपेट में आकर या तो अपनी जान गंवा रहे हैं। या फिर वाहन सवारों को हादसों का शिकार बना रहे हैं। अब सवाल यह है कि अन्ना मवेशियो के लिए हर माह चारा-पानी के लिए दी जाने वाली धनराशि आखिर कहा खर्च हो रही है। बताते चले कि ब्लॉक क्षेत्र में करीब 50 गौशालाएं है। जिनमें करीब पांच हजार मवेसी है। अप्रैल में खेतों की फसल कटने जाने के बाद मवेशियों को खुला छोड़ दिया है। क्षेत्र के ग्राम कुशमरा बावनी, खुटमिली, हरचन्द्रपुर, निस्बापुर, इकौना, बवीना, कठपुरवा, गरेरही, सुरौला, लमसर, चन्दरसी सहित अन्य गौशालाएं खाली है। प्रत्येक गौशाला में लगभग 50 से 200 तक मवेसी थे। जो अब खुले सड़कों पर विचरण कर रहे हैं। क्षेत्र के सुभाष, जितेंद्र सिंह, नारायण प्रसाद, अभिषेक आदि का कहना है कि आखिर शासन से मिलने वाली धनराशि कहा जा रही है। इन बातों को जबाव देने वाला कोई अधिकारी नही है। शासन के निर्देशानुसार छोटी से छोटी यानि 25 अन्ना मवेशियो वाली गौशाला में एक कर्मी और करीब 15 से 20 हजार रुपये प्रति माह का खर्च होता हैं। इस संबन्ध में बीडीओ बृजकिशोर कुशवाहा का कहना है कि वह अभी नए आए हैं। उनको इस विषय मे जानकारी नहीं है।

## इनरव्हील क्लब ने हरिश्चन्द्र बालिका इंटर कॉलेज मे कम्प्यूटर लैब का किया लोकार्पण

**वाराणसी।** इनरव्हील क्लब वाराणसी स्पार्कलिन्ग स्टार द्वारा छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए श्री हरिश्चन्द्र बालिका इंटर कॉलेज मैदागिन में कम्प्यूटर लैब स्थापित किया गया है, जिसका लोकार्पण सोमवार को किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलन से हुआ. जिसके पास विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत के माध्यम से अतिथियों का स्वागत किया और विद्यालय के प्रबंधक हरीश जी अग्रवाल द्वारा अतिथियों को अंग वस्त्र भेंट कर उनका अभिनंदन किया गया।

इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक अनिल कुमार जैन ने कहा कि आज के आधुनिक और स्पर्धा के दौर में किसी भी कार्यक्षेत्र में कंप्यूटर के बिना कार्य आसान नहीं है. इसलिए आज कंप्यूटर शिक्षा हर किसी के लिए जरूरी है। साथ ही उन्होंने क्लब के सदस्याओ को आमंत्रित करते हुए कहा कि समय-समय पर विद्यालय की छात्राओं के बीच आकर उनका प्रोत्साहन व मार्गदर्शन करें. तभी उनकी सही आवश्यकताओं व समस्याओ को जाना जा सकेगा। अध्यक्ष कुंवर विजय आनंद सिंह ने कहा कि क्लब द्वारा कंप्यूटर और प्रिंटर मिलने से विद्यालय के कंप्यूटर लैब की क्षमता बढ़ गयी हैं, जिससे विद्यालय को कंप्यूटर शिक्षा की मान्यता मिलने में आसानी हो जाएगी. आज कंप्यूटर शिक्षा हर क्षेत्र में उपयोगी है। प्रधानाचार्य डॉ प्रियंका तिवारी ने कॉलेज की भावी योजनाओं से सभी को अवगत कराया। जिसके बाद विद्यालय के अध्यक्ष कुँवर विजयानन्द सिंह, प्रबंधक हरीश अग्रवाल, क्लब की अध्यक्ष मानसी अग्रवाल, सचिव रोमा जादवानी एवं समाजसेवी रमेशचंद्र अग्रवाल, संयोजक / कॉलेज के कोषाध्यक्ष अनिल कुमार जैन ने क्लब द्वारा स्थापित कंप्यूटर लैब का लोकार्पण किया। इस दौरान कालेज की शिक्षिकाएं, सहयोगी एवं छात्राएं उपस्थित रही।

# कैसे हो गई इस कदर इतनी रुसवाई, बरसों की परंपरा भी नहीं निभाई!

संवाददाता। बस्ती

- 1992 से चल रहे रोजा इफ्तार की परम्परा इस बार तोड़ दी सपा ने, मुस्लिम नेता भी हैरान
- ईदगाहों में सपाई नहीं गए गले मिलने, एक भी विधायक का फोटो भी नहीं हुआ वायरल
- हर साल सरकार रहे या न रहे जिले भर के कार्यालयों में होता था रोजा इफ्तार
- सपा नेताओं का मुस्लिमों से मोह हो रहा भंग, यही हाल रहा तो 2024 में बदल सकती है तस्वीर?

**इस बार** रोजा इफ्तार का आयोजन न करके सपा ने पहली बार 32 साल पुराने रिकार्ड को तोड़ दिया। यह पहली हुआ जब सपा के चार विधायकों ने मिलकर भी सपा कार्यालय में रोजा इफ्तार की परम्परा को नहीं निभा पाए, और न यह लोग हर बार की तरह ईदगाह पर ही गले मिलने गए, और न ईद की बधाई ही दी। एक भी विधायक और न अन्य सपा नेताओं ने न तो रोजा इफ्तार और न मिलकर बधाई देने वाला वीडियो एवं फोटो सोशल मीडिया पर वायरल नहीं हुआ। इतनी पुरानी परम्परा को क्यों इतने साल बाद तोडा गया, यह न तो मुस्लिम नेता और न मुस्लिम मतदाता ही समझ पा रहे है। कहते हैं, कि जिन मुस्लिम मतदाताओं ने सपा के चार विधायकों को जीताने में अहम भूमिका निभाया आज वही विधायक उन्हीं लोगों को ही भुला दिया। कहते हैं, अगर यही हाल रहा तो 2024 में सपा का क्या होगा? यह शायद परम्परा तोड़ने वालों को भी पता नहीं होगा।

कई सपाईयों का कहना है, कि 1992 से ही लगातार सपा चाहें सत्ता में रही हो या न रही है, मगर हर साल जिला मुख्यालय से लेकर राजधानी तक रोजा इफ्तार का कार्यक्रम आयोजित होता रहा। अगर कहीं सत्ता में रही तो बड़े पैमाने पर पूरे प्रदेश में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मुस्लिम एकीकरण का मिसाल इससे बड़ा सपा में और नहीं मिल सकता। कहते हैं, कि 90 फीसद से अधिक मुस्लिम मतदाताओं ने अपना मत देकर जिले के चार सहित प्रदेश के 111 विधायकों को जीताया, और उन्हें ही सपा एकबारगी भूल गई। इसके नेता न तो अपने क्षेत्र में और न सपा कार्यालय पर ही रोजा इफ्तार का कार्यक्रम रखा। जिले के मुस्लिम बाहुल्य इलाकों सहित अन्य क्षेत्रों में यह चर्चा का विषय बना हुआ है। कह रहे हैं, कि एक तरफआजम खां जैसे वरिष्ठ सपा नेताओं की नाराजगी सामने आ रही है, तो दूसरी तरफसपा के द्वारा मुस्लिमों की इस अनदेखी लोगों के गले क नीचे नहीं उतर रहा है। कहते हैं, कि अगर यही हाल रहा तो 2024 के चुनाव में तमाम सेकुलर कही जाने वाली पार्टियां मुस्लिम मतदातों को अपने ओर रिझाने में लग जाएगी। जिसका नुकसान सपा को हो सकता है। बसपा तो यह तक कह चुकी है, कि जिस पैमाने पर सपा के पक्ष में मुस्लिम मतदाताओं ने मतदान किया, अगर वही जज्बा बसपा के प्रति दिखाई होती तो आज यूपी में भाजपा की सरकार नहीं बनती। वैसे भी लोकसभा चुनाव में पूरे देश में कांग्रेस और भाजपा की जंग होती रही है। ऐसे में अगर 19 फीसद मुस्लिम कांग्रेस के पक्ष में चले गए तो सपा का कहीं अता-पता नहीं रहेगा। ठीक 2014 और 2019 वाली स्थित हो जाएगी। अगर यही हाल रहा तो 2022 के साइकिल की हवा 2024 में निकल सकता है। अगर देखा जाए तो एक तरफ आजम खां को प्रगतिशील सपा अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव एवं राहुल गांधी के करीबी कृष्णम, आजम खां से जेल में मिलकर अपने-अपने पक्ष में आने की बात कह चुके है। वहीं दूसरी तरफएआईएमआईएम के अध्यक्ष भी बड़ा दांव खेलकर आजम खां को अपनी पार्टी में आने का न्यौता तक दे चुके है। ऐसे में अगर सपा के शीर्ष नेतृत्व ने अपनी रणनीति को नहीं बदला तो सपा को नुकसान हो सकता है, और जो विधायक जीते हैं, उनमें अधिकांश के आवासों पर पूर्व विधायक का बोर्ड लग सकता। वैसे भी बाबा के बुलडोजर से जिस तरह से सपाई और विधायक डरे सहमें से दिखाई दे रहे हैं, उससे आभास हो गया है, कि इनके आवासों पर पूर्व विधायक का बोर्ड लगना निश्चित है। ऐसा क्षेत्र की जनता का मानना है।

### मुस्लिमों पर हो रहे अत्याचार, क्यों खामोश हैं सपा विधायक: हामिद

**सपा के** पूर्व नेता और एआईएमआईएम के जिला महासचिव रोजा इफ्तार और मुस्लिमों पर हो रहे अत्याचार को लेकर कप्तानगंज के सपा विधायक को सवालों के कटघरे में खड़ा करते हुए सवाल करते हैं, कि आखिर क्षेत्री विधायक गौर ब्लॉक के करनपुर के मामले में क्यों खामोश है, कहते हैं, कि उनकी खामोशी का खामियाजा क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक ऐसे मुस्लिम जेल में बंद हैं, जिनसे गोकशी की तो दूर की बात है, मांस-मछली जैसे कारोबार से भी दूर-दर तक कोई वास्ता नहीं है। वहीं जो इसके दोषी हैं, वे लोग पैसे के बल पर खुले आम आजाद धूम रहे है, और जो लोग निर्दोष हैं, वे जेल की हवा खा रहे हैं, उनके परिवारों के लोगों ने ईद तक नहीं मनाया। बताया कि इसे लेकर पूरा इलाका विधायक की खामोशी से नाराज है, और कह रही हैं, क्या इसी लिए उन्हें जीताया गया था, कि वह प्रशासन और पुलिस से यह तक पूछ सके कि क्यों निर्दोष को जेल भेज दिया और क्यों दोषी को खुला छोड़ दिया। रोजा इफ्तार की परम्परा टूटने पर कहा कि सपा अब मुस्लिमों से दूरी बनाना चाहती है, और नाराज हिंदुओं को जोड़ना चाहती है। सपा जिस तरह 2022 के चुनाव में मुस्लिमों का इस्तेमाल किया, उससे मुस्लिम मतदाता जागरुक हो गया, और सपा का मकसद 2024 में पूरा होने वाला नहीं है। क्यों कि जितने भी सपा के विधायक जीते हैं, उनमें मुस्लिम मतदाताओं का बहुत बड़ा योगदान रहा है, और आज लोग विधायकों की बेरुखी को देख अपने आपको ठगा महसूस कर रहे हैं।

# आरसीबी ने चेन्नई सुपर किंग्स को 13 रन से हराया

## ● हर्षल पटेल ने झटके 3 विकेट

**भाषा।** पुणे

**महिपाल** लोमरोर की 27 गेंद में 42 रन की आक्रामक पारी के बाद मैन ऑफ द मैच हर्षल पटेल (तीन विकेट) और ग्लेन मैक्सवेल (दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) ने इंडियन प्रीमियर लीग मैच में बुधवार को यहां चेन्नई सुपर किंग्स को 13 रन से हराया। एमएस धोनी अपने 200वें मैच को यादगार नहीं बना सके। आसीबी की टीम ने लगातार तीन हार के बाद जीत का स्वाद चखा। टीम 11 मैचों में 12 अंक के साथ तालिका में चौथे स्थान पर पहुंच गई है। चेन्नई की यह 10 मैचों में सातवीं हार है और टीम प्ले ऑफ की दौड़ से बाहर होने के कागार पर पहुंच गई है।

आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 173 रन बनाने के बाद चेन्नई को आठ विकेट पर 160 रन पर रोक दिया। कप्तान फाफ डुप्लेसी (38) और विराट कोहली (30) की पहले विकेट के लिए 62 रन की साझेदारी कर बेंगलुरु को अच्छी शुरूआत दिलाई। लोमरोर ने अपनी पारी में तीन चौके और दो छक्के जड़े। दिनेश कार्तिक ने 17 गेंद में एक चौका और दो छक्कों की मदद से नाबाद 26 रन बनाए। चेन्नई के स्पिनरों ने इस मैच में किफायती गेंदबाजी कर आरसीबी को बड़ा स्कोर खड़ा करने से रोक दिया। महेश तीक्षणा ने चार ओवर में 27 रन देकर तीन, मोईन अली ने चार ओवर में 28 रन देकर दो विकेट लिए। रविन्द्र जडेजा ने चार ओवर में 20 रन दिए, उन्हें हालांकि काई सफलता नहीं मिली। चेन्नई के लिए सलामी बल्लेबाज डेवन कोन्वे ने 37 गेंद की पारी में छह चौके और दो छक्के की मदद से 56 रन बनाए। टीम का कोई अन्य बल्लेबाज बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहा। मैक्सवेल ने अपने चार ओवर में सिर्फ 22 दिए तो वही जोश हेजलवुड ने चार ओवर में 19 रन देकर एक विकेट लिए। वानिंदु हसरंगा ने 31 रन और शाहबाज अहमद ने 27 रन देकर एक-एक विकेट लिए।



लक्ष्य का पीछा करते समय कॉन्वे और रुतुराज गायकवाड़ ने शुरुआती छह ओवर में 51 रन जोड़कर चेन्नई को शानदार शुरुआत दिलाया। इस दौरान मोहम्मद सिराज के द्वारा किए गए तीसरे और पांचवें ओवर में दो-दो चौके जड़े। दोनों ने छठे ओवर में हसरंगा के खिलाफ एक-एक छक्का जड़ा। शाहबाज अहमद ने सातवें ओवर में गायकवाड़ और ग्लेन मैक्सवेल ने आठवें ओवर में रॉबिन उथप्पा (एक रन) को आउट किया। अंबाती रायुडू (10 रन) ने शाहबाज के खिलाफ छक्का लगाया लेकिन मैक्सवेल ने 10वें ओवर में उन्हें बोल्ड कर दूसरी सफलता हासिल की। दूसरे छोर से कोन्वे ने बीच बीच में बड़ा शॉट लगना जारी रखा। उन्होंने 11वें ओवर में हसरंगा के खिलाफ छक्का जड़ा और 13वें ओवर में हर्षल पटेल के खिलाफ चौका और फिर एक रन लेकर 33 गेंद में लगातार दूसरा अर्धशतक पूरा किया। जरूरी रन गति के दबाव में कॉन्वे और फिर रविन्द्र जडेजा (तीन रन) ने अपना विकेट गंवा दिया। मोईन अली (27 गेंद में 34 रन) ने हर्षल पटेल के खिलाफ छक्का जड़ा लेकिन अगली गेंद पर सिराज को कैच थमा बैठे। 19वें ओवर की पहली गेंद पर हेजलवुड ने महेन्द्र सिंह धोनी को पवेलियन का रास्ता दिखाकर चेन्नई की उम्मीदें खत्म कर दी। आखिरी ओवर में प्रिटोरियस और तक्षणा ने छक्का लगाया लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। इससे पहले चेन्नई के लिए अपना 200वां मैच खेल रहे कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी ने टॉस जीतकर आरसीबी को बल्लेबाजी का न्योता दिया। शुरुआती तीन ओवरों में संभलकर बल्लेबाजी करने के बाद कोहली ने चौथे ओवर में सिमरजीत सिंह के खिलाफ छक्का जड़ा तो वही डुप्लेसी ने पांचवें ओवर में मुकेश चौधरी के खिलाफ दो चौके और एक छक्का लगाया जिससे टीम ने 50 रन पूरे किए। बेंगलुरु की टीम ने पावर प्ले में बिना नुकसान के 57 रन बनाए जो इस सत्र में उनका सबसे अच्छा प्रदर्शन है। मोईन अली ने आठवें ओवर में डुप्लेसी और 10वें ओवर में विराट कोहली को चलता किया। 22 गेंद की पारी में चार चौके और एक छक्का लगाने वाले डुप्लेसी का कैच जडेजा ने पकडा तो वही विराट 33 गेंद में तीन चौके और एक छक्का लगाकर बोल्ड हुए। इस बीच रॉबिन उथप्पा ने शानदार थ्रो कर ग्लेन मैक्सवेल (तीन रन) को रन आउट किया।

# सनराइजर्स और दिल्ली के बल्लेबाजों के बीच रोचक मुकाबला आज

**भाषा।** मुंबई

**अपने** प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने के लिए जूझ रहे दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाजों की इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में गुरुवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद के तेज गेंदबाजों के सामने कड़ी परीक्षा होगी और उन्हें टीम की उम्मीदें जीवंत रखने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। दिल्ली को नौ मैचों में से पांच में हार का सामना करना पड़ा है जिससे उसके प्रदर्शन और टीम संयोजन पर सवाल उठने लग गए हैं। मुख्य कोच रिकी पोंटिंग के चहेते ललित यादव अभी तक अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतरे हैं जबकि एनरिक नोर्किया का खास उपयोग नहीं किया गया हैं, जिन्हें दिल्ली ने नीलामी से पहले टीम में बनाए रखा था।

ऑलराउंडर ललित ने अभी तक नौ मैचों में केवल 137 रन बनाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट 110 से कम हैं। उन्होंने चार विकेट लिए हैं। दिल्ली के गेंदबाजों में कुलदीप यादव (17 विकेट) और खलील अहमद (11) विकेट को छोड़कर कोई खास प्रभाव नहीं छोड़ पाया है। मुस्ताफिजुर रहमान टुकड़ों में ही अच्छा प्रदर्शन कर पाए हैं। दिल्ली का कोई भी बल्लेबाज अपने प्रदर्शन में निरंतरता नहीं रख पाया है। कप्तान ऋषभ पंत (234 रन) ने अपने आक्रामक तेवर दिखाए हैं लेकिन वह लंबी पारी नहीं खेल पाए हैं। उनका सनराइजर्स के तूफानी गेंदबाज उमरान मलिक से मुकाबला देखने लायक होगा। मलिक का उपयोग पावरप्ले के बाद ही किया जाता रहा है और तब पंत के क्रीज पर होने की संभावना है। पृथ्वी सॉव ने शुरू में अच्छा प्रदर्शन किया था लेकिन वह इस लय को बरकरार नहीं रख पाए जबकि डेविड वार्नर को अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलना होगा। दिल्ली के बल्लेबाजों के लिए हालांकि भुवनेश्वर कुमार, उमरान, टी नटराजन और मार्को यानसेन के सामने काम आसान नहीं होगा। सनराइजर्स के गेंदबाजों ने अब तक अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई है और वे अपनी टीम के अंकों को 10 से 12 पर पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। दिल्ली के लिए यही अच्छी खबर है कि उन्हें वाशिंगटन सुंदर का सामना नहीं करना होगा जिनके हाथ में फिर से चोट लग गई है। उनकी जगह जगदीश सुचित को अंतिम एकादश में जगह मिलने की संभावना है। सनराइजर्स के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा (324 रन) ने अच्छा प्रदर्शन किया है और दिल्ली के गेंदबाजों को उनसे सतर्क रहने की जरूरत है। कप्तान केन विलियमसन अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए तथा सनराइजर्स की नौ मैचों में पांच जीत में अभिषेक, एडेन मार्कराम और राहुल त्रिपाठी ने बल्लेबाजी में अहम भूमिका निभाई है।

### टीम

**दिल्ली कैपिटल्स:** ऋषभ पंत (कप्तान), अश्विन हेब्बर, डेविड वार्नर, मनदीप सिंह, पृथ्वी सॉव, रोवमैन पॉवेल, एनरिक नोर्किया, चेतन सकारिया, खलील अहमद, कुलदीप यादव, लुंगी एनगिडी, मुस्ताफिजुर रहमान, शार्दुल ठाकुर, अक्षर पटेल, कमलेश नागरकोटी , ललित यादव, मिशेल मार्श, प्रवीण दुबे, रिपल पटेल, सरफराज खान, विक्की ओस्तवाल, यश ढुल, केएस भारत और टिम सीफर्ट।

**सनराइजर्स हैदराबाद:** केन विलियमसन, अभिषेक शर्मा, राहुल त्रिपाठी, एडेन मार्कराम, निकोलस पूरण, अब्दुल समद, प्रियम गर्ग, विष्णु विनोद, ग्लेन फिलिप्स, आर समर्थ, शशांक सिंह, रोमारियो शेफर्ड, मार्को यानसेन, जे सुचित, श्रेयस गोपाल, भुवनेश्वर कुमार, सीन एबॉट, कार्तिक त्यागी, सौरभ तिवारी, फजलहक फारूकी, उमरान मलिक, टी नटराजन।

**मैच भारतीय समयानुसार शाम 7.30 बजे शुरू होगा।**

## क्विक न्यूज

### एमसीसी के प्रमुख होंगे ब्रिटिश अभिनेता स्टीफन फ्राय

**लंदन।** ब्रिटिश अभिनेता और हास्य कलाकार स्टीफन फ्राय को बुधवार को क्रिकेट के नियमों की संरक्षक मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) का अगला अध्यक्ष चुना गया। मौजूदा एमसीसी अध्यक्ष क्लेयर कोनोर ने लार्ड्स पर आम सालाना बैठक के दौरान यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि फ्राय एक अक्टूबर से पद की जिम्मेदारी संभालेंगे। एमसीसी की वेबसाइट पर 64 वर्षीय अभिनेता ने कहा, एमसीसी का अगला अध्यक्ष नामांकित किए जाने से सम्मानित और गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। कोनोर ने कहा, मै अगले अध्यक्ष की घोषणा करने से रोमांचित हूं। उन्हें क्रिकेट से काफी लगाव है और वह एमसीसी के शानदार दूत साबित होंगे।

### लिवरपूल चैंपियन्स लीग के फाइनल में

**विलारीयाल (स्पेन)।** लिवरपूल ने दो गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करके मंगलवार को यहां विलारीयाल को हराकर चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। लिवरपूल ने सेमीफाइनल के पहले चरण में 2-0 से जीत दर्ज की थी लेकिन विलारीयाल ने दूसरे चरण के पहले हॉफ मे दो गोल करके स्कोर बराबर कर दिया। लिवरपूल ने दूसरे हॉफ में अच्छा प्रदर्शन किया तथा तीन गोल करके दूसरे चरण में 3-2 और कुल 5-2 के अंतर से जीत दर्ज करके फाइनल में जगह बनाई। बौलाए डिया (दूसरे मिनट) और फ्रांसिस कोक्लिन (41वें) ने विलारीयाल को मध्यांतर तक 2-0 से आगे रखा लेकिन फैबियानो (62वें), स्थानापन्न लुई डियाज (67वें) और सैडियो माने (74वें) ने दनादन तीन गोल करके लिवरपूल की जीत सुनिश्चित की। लिवरपूल 10वीं बार चैंपियन्स लीग के फाइनल मे पहुंचा है जहां उसका सामना 28 मई को मैनचेस्टर सिटी और रीयाल मैड्रिड के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। सिटी पहले चरण के सेमीफाइनल के बाद 4-3 से आगे है।

### फ्रेंच ओपन की पुरस्कार राशि करीब सात प्रतिशत बढ़ी

**पेरिस।** फ्रेंच ओपन टेनिस ग्रैंडस्लैम की पुरस्कार राशि 2019 के चरण की तुलना में करीब सात प्रतिशत बढ़ाकर चार करोड़ 36 लाख यूरो (चार करोड़ 60 लाख डॉलर) कर दी गई है। फ्रेंच टेनिस महासंघ ने बुधवार को कहा कि तीन साल पहले की तुलना में पुरस्कार राशि 6.8 प्रतिशत बढ़ाई गई है जब कोरोना वायरस संक्रमण नही था और टूर्नामेंट सामान्य परिस्थितियो मे आयोजित किया गया था। लेकिन पिछले दो चरण महामारी से प्रभावित रहे। इस साल फ्रेंच ओपन 22 मई से शुरू होगा। पुरूष और महिला एकल वर्ग के मुख्य ड्रा मे खिलाड़ियों की पुरस्कार राशि 2019 की तुलना मे 1.43 प्रतिशत बढ़ी है जबकि युगल खिलाड़ियों की पुरस्कार राशि में 6.1 प्रतिशत की बढ़ोतरी होगी। प्रत्एक पुरूष और महिला एकल चैम्पियन को अब 22 लाख यूरो (23.2 लाख डॉलर) की राशि मिलेगी।

### कोविड के कई मामलों के बाद न्यूजीलैंड थॉमस कप फाइनल से हटा

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड बैडमिंटन टीम ने अपने कई खिलाड़ियों के कोविड-19 पॉजिटिव पाए जाने के बाद आठ मई से बैंकाक मे शुरू होने वाले थॉमस कप फाइनल्स के 32वें चरण से हटने का फैसला किया। अब ग्रुप डी मे न्यूजीलैंड की जगह अमेरिकी बैडमिंटन टीम लेगी। खेल की संचालन संस्था बीडब्ल्यूएफ ने बुधवार को एक बयान मे कहा, टीम न्यूजीलैंड ने अपनी टीम के कई खिलाड़ियों की अनुपलब्धता की वजह से बीडब्ल्यूएफ थॉमस कप फाइनल्स 2022 से हटने का फैसला किया। इसके अनुसार, टीम अमेरिका ने भागीदारी की पुष्टि की और वह ग्रुप डी में जापान, मलेशिया और इंग्लैंड के साथ शामिल होगी। हालांकि बीडब्ल्यूएफ ने न्यूजीलैंड के खिलाड़ियों की अनुपलब्धता के पीछे के कारणो का खुलासा नही किया लेकिन बैडमिंटन न्यूजीलैंड ने कहा कि कई खिलाड़ियों के कोविड-19 पॉजिटिव आने के बाद यह फैसला किया गया। भारतीय पुरूष टीम ग्रुप सी मे चीनी ताइपे, जर्मनी और कनाडा के साथ शामिल है।

### इंडियन एरोज से हारकर केंकरे एफसी आई-लीग के दूसरे डिवीजन में खिसकी

**नैहाटी।** केंकरे एफसी की टीम आई-लीग फुटबॉल टूर्नामेंट मे बुधवार को यहां इंडियन एरोज से 0-1 से हारकर दूसरे डिवीजन में खिसक गई। केंकरे एफसी की इस हार से रीयल कश्मीर के दूसरे डिविजन मे खिसकने का खतरा टल गया। रीयल कश्मीर ने ट्राउ के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला। इंडियन एरोज के लिए हिमांशु जांगड़ा ने मैच के 89वें मिनट मे गोल किया। इस हार के बाद केंकरे के 17 मैचो मे तीन जीत और 11 हार के साथ 12 अंक रहा। टीम तालिका में सबसे नीचे छठे स्थान पर रहकर दूसरे डिवीजन में खिसक गई। रीयल कश्मीर के इतने ही मैच में दो जीत और सात हार से 14 अंक है।

# प्लेऑफ में पहुंचने के लिए अब हमें हर मैच जीतना होगा: वार्नर

**भाषा।** मुंबई



**दिल्ली** कैपिटल्स के सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने बुधवार को कहा कि कुछ मैचों में लक्ष्य हासिल करने में चूक के कारण उनकी टीम को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए अब हर मैच में जीत दर्ज करनी होगी और साथ ही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के परिणामों पर भी नजर रखनी होगी। दिल्ली के अभी नौ मैचों में आठ अंक हैं और वह सातवें स्थान पर है। अब उसके पांच मैच बचे हुए हैं। अभी गुजरात टाइटन्स और लखनऊ सुपर जायंट्स अच्छी स्थिति में हैं जबकि चौथे से नौवें नंबर की टीम के छह से 10 अंक हैं और दो मैचों के अंदर समीकरण बदल सकते हैं। वार्नर ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ होने वाले मैच की पूर्व संध्या पर कहा, अभी हम जिस स्थिति में हैं, वहां से प्लेऑफ में पहुंचने के लिए हमें हर मैच जीतना होगा। प्रतिस्पर्धा काफी कड़ी है। हमें आगे दो मजबूत टीम पंजाब किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद से मैच खेलने हैं। ए टीम भी लगभग हमारी तरह हैं। उन्होंने कहा, यदि हम सनराइजर्स को हरा देते हैं तो हम एक लिहाज से बेहतर स्थिति में पहुंच सकते हैं। इसके बाद हम शीर्ष चार में पहुंच जाएंगे लेकिन हमें यह भी उम्मीद करनी होगी कि आरसीबी अपने मैच हारता रहे। अंकतालिका में काफी मारा-मारी है लेकिन मैं टूर्नामेंट के बाकी बचे मैचों के लिए काफी रोमांचित हूं। दिल्ली कुछ मैचों में लक्ष्य हासिल करने में विफल रहा और वार्नर ने स्वीकार किया कि टीम से यह चूक हुई। उन्होंने कहा, यदि आप नतीजों को देखों तो मुझे लगता है हम बडे स्कोर का पीछा करते हुए ही चूके हैं। हम लक्ष्य के काफी करीब पहुंचने में कामयाब रहे हैं, लेकिन बावजूद इसके बहुत कम अंतर से मैच हार जाना पीड़ादायक होता है। वार्नर से जब उनकी फॉर्म और पृथ्वी सॉव के साथ पारी की शुरुआत करने के अनुभव के बारे में पूछा गया, उन्होंने कहा, हमने अच्छी शुरुआत की है।

# आईपीएल ने लोगों को सफलता के अलग तरीके दिखाए: कोहली

**भाषा।** मुंबई

**इंडियन** प्रीमियर लीग (आईपीएल) के सर्वकालिक सर्वाधिक रन जुटाने वाले विराट कोहली को लगता है कि इस लुभावनी लीग में 14 साल से खेलते हुए उन्हें महसूस हुआ कि जिस खेल में उन्हें सुपरस्टार का दर्जा हासिल हुआ है, उसमें सफलता हासिल करने का महज एक तरीका नहीं है। पूर्व भारतीय कप्तान ने कहा कि इससे उन्हें खेल की समझ में अलग आयाम जोड़ने में मदद भी मिली। लंबे समय से खराब फॉर्म से जूझने के बाद लय हासिल करने की कोशिश में जुटे कोहली ने आईपीएल में करीब 6500 रन बनाए हैं। वह 2008 में शुरूआती चरण से ही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के लिए खेल रहे हैं।



आईपीएल के उनके जीवन पर पड़ने वाले असर के बारे में कोहली ने स्टार स्पोर्ट्स के इनसाइड आरसीबी शो पर कहा, मुझे लगता है कि भारत के लिए खेलने के अलावा आईपीएल ने मुझे अपनी काबिलियत दिखाने, दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने और उनके साथ क्रिकेट की जानकारी साझा का मंच दिया। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यह सबसे अहम चीज थी जिसने मेरी खेल की समझ में एक अलग आयाम जोड़ा। इससे मुझे काफी प्रगतिशील तरीके से आगे बढ़ने में मदद मिली। उन्होंने कहा, मैं अन्य देशों के खिलाड़ियों से खेल का ज्ञान ले रहा था, जो शायद आईपीएल के बिना संभव नहीं होता जैसे कि विभिन्न परिस्थितियों में किस तरह से खेला जाए और इनमें उनकी मानसिक स्थिति किस तरह की होती है। कोहली ने कहा, लोगों के सफलता हासिल करने के अलग तरीके हैं इसलिए इसके लिए सिर्फ एक खाका नहीं हो सकता। इसलिए, मैं उनसे जानकारी लेने का मौका हासिल करने के लिए काफी उत्साहित हो जाता और उनका शुक्रगुजार भी। मैं उनसे दिन रात सीखता और इसी से ही आईपीएल में मेरा प्रदर्शन शानदार रहा। गुजरात टाइटन्स के खिलाफ अर्धशतक और मुंबई इंडियंस के खिलाफ इससे पहले 48 रन की पारी के अलावा कोहली इस सत्र में रन जुटाने के लिए जूझते रहे हैं। इस बल्लेबाज ने अभी तक 10 मैचों में 20.67 के औसत से 186 रन बनाए हैं। कोहली ही एकमात्र खिलाड़ी हैं जो आईपीएल की शुरूआत से ही एक फ्रेंचाइजी के साथ रहे हैं। आरसीबी के प्रति अपनी वफादारी (हालांकि वह टीम को अभी तक एक भी ट्राफी नहीं दिला सके हैं) के बारे में कोहली ने कहा, सच कहूं तो मैंने इसके बारे में सोचा। हां, मुझे कई बार नीलामी में आने के लिए पेशकश की गई कि मैं अपना नाम दूं, इसी तरह की बातें। कोहली ने कहा, लेकिन मैंने इसके बारे में सोचा कि हर किसी के पास इतने वर्ष होते हैं और वे जीते हैं और फिर चले जाते हैं और जिंदगी चलती रहती है। ऐसे कई महान खिलाड़ी होंगे जिन्होंने ट्राफी जीती होंगी लेकिन आपको कोई इस तरह नहीं पुकारता कि ओह, वह आईपीएल चैम्पियन है या वह विश्व कप चैम्पियन है।

## बीसीसीआई ने साहा को धमकाने के लिए बोरिया मजूमदार पर दो साल का प्रतिबंध लगाया

**मुंबई ( भाषा )।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने सीनियर विकेटकीपर ऋद्धिमान साहा को धमकाने के लिए बोरिया मजूमदार पर दो साल का प्रतिबंध लगाया तथा पंजीकृत खिलाड़ियों से साक्षात्कार करने और देश के स्टेडियमों में उनके प्रवेश पर रोक लगा दी है। बीसीसीआई की शीर्ष परिषद द्वारा स्वीकृत की गई पाबंदियों के अंतर्गत मजूमदार को दो साल तक मीडिया एक्रीडिटेशन नहीं दिया जाएगा। बीसीसीआई ने तीन मई को अपनी राज्य इकाइयों को इसकी जानकारी दी। साक्षात्कार के अनुरोध को इनकार के कारण साहा को मिले धमकी भरे संदेशों की जांच के लिए बीसीसीआई ने 25 फरवरी को एक तीन सदस्ईय समिति गठित की थी। साहा ने शुरू में इस पत्रकार का नाम बताने से इनकार कर दिया था लेकिन बाद में उन्होंने तीन सदस्ईय समिति के समक्ष इस पत्रकार का खुलासा किया और मजूमदार का नाम बताया। इस तीन सदस्ईय समिति में बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला, बीसीसीआई कोषाध्यक्ष अरुण सिंह धूमल और बीसीसीआई परिषद के सदस्य प्रभतेज सिंह भाटिया शामिल थे। बीसीसीआई के अंतरिम सीईओ और आईपीएल के मुख्य परिचालन अधिकारी हेमांग अमीन ने राज्य इकाइयों को लिखे पत्र में कहा, ऋद्धिमान साहा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर पर एक पत्रकार द्वारा भेजे गए संदेशों के स्क्रीनशॉट साझा किए जिसमें उन्होंने बताया कि उन्हें इस पत्रकार ने धमकाया था।

## जोकोविच धमाकेदार जीत से मैड्रिड ओपन के तीसरे दौर में

**मैड्रिड ( एपी )।** नोवाक जोकोविच ने अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में वापसी के संकेत देते हुए गेल मोनफिल्स को सीधे सेटों में करारी शिकस्त देकर मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में प्रवेश किया जहां उनका मुकाबला एंडी में से होगा। जोकोविच ने मोनफिल्स को 6-3, 6-2 से हराने के बाद इसे इस साल का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करार दिया। सर्बियाई खिलाड़ी ने पांच ब्रेक प्वाइंट बचाए जबकि तीन बार फ्रांसीसी खिलाड़ी मोनफिल्स की सर्विस तोड़ी। शीर्ष वरीयता प्राप्त जोकोविच ने कहा, मैं इसे संभवत: साल के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के रूप में देखता हूं। मुझे कोर्ट पर बहुत अच्छा लगा। यह बहुत अच्छा प्रदर्शन था। मैं बहुत खुश हूं। मैड्रिड में तीन बार के विजेता जोकोविच का अगला मुकाबला यहां दो बार के चैंपियन में से होगा, जिन्होंने डेनिस शापोवालोव पर 6-1, 3-6, 6-2 से हराया। स्पेन के कार्लोस अल्कराज ने निकोलस बेसिलशविली पर 6-3, 7-5 से जीत के साथ अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखा। इससे पहले रूस के आंद्रे रूबलेव ने ब्रिटेन के 20 वर्षीय जैक ड्रेपर को 2-6, 6-4, 7-5 से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश किया। मारिन सिलिच ने अल्बर्ट रामोस विनोलस को 6-3, 3-6, 6-4 से हराया, जबकि अमेरिका के फ्रांसेस टियाफो और जेनसन ब्रूक्सबी अपने पहले दौर के मैच सीधे सेटों में हार गए। टियाफो को क्रिस्टियन गारिन ने 6-1, 6-3 से और ब्रूक्सबी को रॉबर्टो बॉतिस्ता आगुट ने 6-0, 6-2 से पराजित किया। एक अन्य मैच में सेबस्टियन कोर्डा ने हमवतन अमेरिकी रीली ओपेल्का को 6-3, 7-5 से हराया। महिलाओं के वर्ग में अमेरिका की जेसिका पेगुला ने बियांका आंद्रीस्कू को 7-5, 6-1 से और स्पेन की सारा सोरिब्स टॉर्मो ने दारिया कसातकिना को 6-4, 1-6, 6-3 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।



### जूनियर विश्व भारोत्तोलन चैंपियनशिप

# माधवन चौथे, मुना छठे और श्राबनी सातवें स्थान पर

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत** के टी माधवन और मुना नायक यूनान के हेराक्लिओन में आईडब्ल्यूएफ (अंतराष्ट्रीय भारोत्तोलन संघ) जूनियर विश्व भारोत्तोलन चैंपियनशिप में पुरुषों के 61 किग्रा वर्ग में क्रमश: चौथे और छठे स्थान पर रहे। अठारह साल के माधवन ने कुल 263 किग्रा (118 किग्रा ¸ 145 किग्रा) का वजन उठाया और पांच किलो से पदक जीतने से चूक गए। इस बीच, मुना ने 10 भारोत्तोलको के स्पर्धा में कुल 258 किग्रा (113 किग्रा ¸ 145 किग्रा) वजन के साथ छठे स्थान पर रहे। यह 19 वर्षीय खिलाड़ी अपने अंतिम क्लीन एंड जर्क प्रयास में 150 किग्रा भार उठाने में विफल रहा। वह अगर इसमें सफल रहते तो रजत पदक जीत जाते। इस स्पर्धा का स्वर्ण अमेरिका के हैम्पटन मॉरिस ने 276 किग्रा (116 किग्रा ¸ 160 किग्रा) के कुल सफल प्रयास के साथ जीता। उन्होंने अपने तीसरे प्रयास में 160 किग्रा भार उठाकर क्लीन एंव जर्क जूनियर पुरुष विश्व रिकॉर्ड तोड़ा। पहले यह रिकॉर्ड उत्तर कोरिया के किम चुंग गुक (159 किग्रा) के नाम था। महिलाओं की स्पर्धाओं में, श्राबनी दास 55 किग्रा भार वर्ग में 181 किग्रा (78 किग्रा ¸ 103 किग्रा) के कुल भार के साथ सातवें स्थान पर रहीं। पश्चिम बंगाल की भारोत्तोलक 78 किग्रा के अपने दूसरे स्नैच प्रयास में विफल रही, लेकिन अन्य पांच भार को अच्छी तरह से उठाया। भारत ने मौजूदा स्पर्धा में अब तक तीन पदक हासिल किया है जिसमें स्वर्ण, रजत और कांस्य तीनों शामिल है। सोमवार को हर्षदा गरुड़ (महिला 45 किग्रा) स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय बनीं। भारत ने टूर्नामेंट के लिए आठ सदस्ईय दल भेजा था। इसमें से सिर्फ 87 किग्रा से अधिक के वर्ग में मैबम मार्टिना देवी की स्पर्धा बची है।

# माराडोना की जर्सी की नीलामी में मिली रिकॉर्ड रकम

**एपी।** लंदन



**दुनिया** के सर्वश्रेष्ठ फुटबॉल खिलाड़ियों में से एक डिएगो माराडोना के द्वारा 1986 विश्व कप में इंग्लैंड के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मैच में पहनी गई जर्सी नीलामी में सबसे अधिक रकम हासिल करने वाली खेल से जुड़ी चीज बन गई। इस जर्सी के लिए बुधवार को खत्म हुई नीलामी में 67.58 करोड़ रुपए (7.1 मिलियन पाउंड) मिले।

इस मैच को विवादास्पद हैंड ऑफ गॉड गोल के लिए जाना जाता है। इस मैच में माराडोना हेडर से गोल करना चाहते थे लेकिन गेंद कथित तौर पर उनके हाथ से टकराकर गोल पोस्ट में चली गई थी और मैच रेफरी इसे देखने में विफल रहे थे। उन्होंने हालांकि इस मैच में अपनी ख्याति के अनुरूप इंग्लैंड की लगभग पूरी टीम को अपनी शानदार ड्रिबलिंग से छकाते हुए गोलकर टीम को यादगार जीत दिलाई थी। नीलामीकर्ता सोथबाय ने बुधवार को बताया कि माराडोना की जर्सी के लिए रिकार्ड 7.1 मिलियन पाउंड की बोली लगी। उन्होंने हालांकि इसके खरीदार की जानकारी नहीं दी। मेक्सिको सिटी में 22 जून 1986 को खेले गए इस मैच का महत्व और भी अधिक था क्योंकि इससे चार साल पहले ब्रिटेन और अर्जेंटीना के बीच फॉकलैंड द्वीप को लेकर संघर्ष हुआ था। माराडोना ने बाद में कहा कि यह गोल माराडोना के सिर और भगवान के हाथ (हैंड ऑफ गॉड) के मिश्रण से हुआ था। मैच के उनके दूसरे गोल को 2002 में फीफा के जनमत में सदी का सर्वश्रेष्ठ गोल चुना गया था। अर्जेंटीना इस मैच को 2-1 से जीतने के बाद सेमीफाइनल और फाइनल में जीत दर्ज कर चैम्पियन बना था। इस मैच के बाद माराडोना ने इंग्लैंड के मिडफील्डर स्टीव हॉज के साथ जर्सी की अदला-बदली की। उन्होंने अब तक इसे कभी बेचा नहीं था। यह पिछले 20 वर्षों से मैनचेस्टर में इंग्लैंड के राष्ट्रीय फुटबॉल संग्रहालय के लिए ऋण पर है।

## सीनियर महिला टी20: रेलवे ने महाराष्ट्र को सात विकेट से हराकर खिताब जीता

**सूरत।** कप्तान स्मृति मंधाना की 84 रन की पारी भी महाराष्ट्र के काम नहीं आ सकी जिसे रेलवे ने बुधवार को यहां सात विकेट से हराकर सीनियर महिला टी20 टूर्नामेंट खिताब जीत लिया। बल्लेबाजी का न्यौता मिलने के बाद महाराष्ट्र ने मंधाना की 56 गेंद में 84 रन की अर्धशतकीय पारी की बदौलत चार विकेट पर 160 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में रेलवे ने सलामी बल्लेबाज एस मेघना (52 रन) और डी हेमलता (65 रन) के अर्धशतकों की मदद से 11 गेंद रहते यह लक्ष्य हासिल कर लिया। बाएं हाथ की बल्लेबाज मंधाना ने रेलवे के गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां उड़ाते हुए 11 चौके और तीन छक्के जड़े और सलामी बल्लेबाज शिवाली शिंदे के साथ पहले विकेट के लिए 74 रन की भागीदारी निभाई। शिंदे ने 30 रन का योगदान दिया। दूसरे छोर पर बल्लेबाज आउट हो गईं, पर मंधाना ने पारी को संभाला। रेलवे की ऑफ स्पिनर स्वागतिका रथ ने 33 रन देकर तीन विकेट झटके जबकि कप्तान स्नेह राणा ने एक विकेट प्राप्त किया। इस 161 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए रेलवे की सलामी बल्लेबाज एस मेघना ने महाराष्ट्र के आक्रमण के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए 32 गेंद में नौ चौके जड़ति 52 रन की पारी खेली। डी हेमलता ने नौ चौके और दो छक्के की मदद से अर्धशतक जमाया लेकिन वह 17वें ओवर में आउट हो गईं।

# गावस्कर ने क्रिकेट अकादमी स्थापित करने के लिए दिया गया भूखंड लौटाया

**मुंबई।** भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने मुंबई में क्रिकेट अकादमी स्थापित करने के लिए उन्हें 33 साल पहले आवंटित किए गए सरकारी भूखंड को वापस लौटा दिया है। महाराष्ट्र के आवास मंत्री जितेंद्र आव्हाड ने उपनगरीय बांद्रा इलाके में गावस्कर को आवंटित किए गए भूखंड का उपयोग नहीं करने पर पिछले साल नाराजगी व्यक्त की थी। इस भूखंड पर क्रिकेट अकादमी स्थापित की जानी थी लेकिन तीन दशक बाद भी ऐसा नहीं हो पाया। राज्य सरकार के एक अधिकारी ने कहा कि गावस्कर ने महाराष्ट्र आवास एवं क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएचएडीए) को भूखंड वापस लौटा दिया है। आव्हाड ने इस बात की भी पुष्टि की कि गावस्कर ने मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को पत्र लिखकर बताया था कि वह वर्षों पहले बांद्रा में उन्हें दिए गए भूखंड पर क्रिकेट अकादमी स्थापित नहीं कर पाए हैं। इससे पहले गावस्कर ने सचिन तेंदुलकर के साथ मिलकर अकादमी स्थापित करने को लेकर मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से संपर्क किया था, लेकिन इस पर अमल नहीं हो पाया था।